हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, गुरुवार 5 नवंबर 2026

हीरो मना रहा है भारत की कला शैलियों का जश्न. पेश है तमिलनाडु के **रुबेशकुमार टी** की **तंजौर कला.**

Hero

Hero

भरोसा
सोने सा खरा

धनतेरस की शुभकामनाएँ



Splendor+

Destini

सोने का सिक्का और बहुत कुछ जीतने का मौका पाएं®

कैश डिस्काउंट ₹3000~ तक

एक्सचेंज बोनस ₹5000~ तक

इंस्टेंट कैशबैक ₹10000^ तक

SBI card HDFC BANK pine labs

कम डाउन पेमेंट ₹4999^ से शुरू

कॉर्पोरेट ऑफर्स ₹3200~ तक

For bulk / institutional inquiries, please write to us at : institutionalsales@heromotocorp.com | Available in CSD

INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply

Hero GoodLife

Also Available on: Flipkart amazon.in

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. I CIN: L35911DL1984PLC017354 I For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorized outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ~Offer amount and combination of offer may vary for model/variant and states and it is applicable on select models only, for a limited time period or till stock lasts. Cash discount, Exchange & Corporate offer are exclusive and can't be availed together ^Finance/Card offer are at the sole discretion of the financier/bank, Subject to their respective T&Cs, Offer available only on limited stores. @Offer is only for New Goodlife members, Limited period offer-T&C apply.

TOLL FREE
1800 266 0018

अधिकृत डीलर: बिलासपुर: सत्या हीरो 9289922464, गैलेक्सी हीरो 9289922706, अंबिकापुर: आनंद हीरो 9289922359, सगुजा हीरो 9289923110, कोरबा: शांति हीरो 9289922813, छत्तीसगढ़ हीरो 9289923057, रायगढ़: गोयल हीरो 9289922373, आदित्य हीरो 9289923091, जांजगीर: आनंद हीरो 9289922772, बैकुंठपुर: आर.के. हीरो 9289922812, जशपुर: आकाश हीरो 9289922909, **एसोशिएट डीलर:** खड़गांव: बंसल ऑटो एजेंसी 7000103415, चौरा: ओम ऑटो एजेंसी: 7000316070, सरिया: अग्रवाल ऑटो सेण्टर 9993121909, गौरेला: श्री माँ नर्मदा मोटर्स 7587796622 / 7587796611, सनावल: सोनी ऑटोमोबाइल्स 9479235816, रतनपुर: माँ महामाया मोटर्स 9754240437 / 8839972027, बलोदा: श्री कमला ऑटो 9926515216, मरवाही: राहुल ऑटोमोबाइल्स 8889467369 / 8719087320, मुंगेली: महावीर मोटर्स 9993855199, मनेन्द्रगढ़: विवेक ट्रेडर्स 6261178785, कटघोरा: श्री शारदा एंटरप्राइज 9809609925, शिवरीनारायण: सुल्तानिया ऑटा केयर 9407600319, सक्ती: गोयल ऑटो 9303571001, 7000490324, खरसिया: विजय ऑटो एजेंसी 9993093829, सीतापुर: श्रीराम हीरो, 7000043001, पत्थलगांव: ज्योति ऑटो 9406399000, सारंगढ़: गोपाल ऑटो सेंटर 9827893203, सूरजपुर: आशा ऑटोमोबाईल्स 9826440096, अकलतरा: श्री ऑटो 9424174274, कोटा: उर्मिला मोटर्स 9340252857, श्री पुष्कर मोटर्स 6268000180 / 8718888789, रामानुजगंज: प्रीति ऑटोमोबाईल 8827674000, बाराद्वार: दुर्गा ऑटो एजेंसी 8319982160, उदयपुर: बंसत ऑटोमोबाईल्स 9406022927, तपकरा: प्रीति ऑटोमोबाईल्स, 7354334545/7999851514, प्रतापपुर: तायल ऑटोमोबाईल्स 9617218005, पटना: आयुश ऑटोमोबाईल्स 8839141926, पाली: आनंद ऑटोमोबाईल 7089519999, राजपुर: महामाया एजेंसी, 9516209272 / 9340726288, मदनपुर: ओम ऑटो एजेंसी, 7000316070, सीपत: मेसर्स गणेश मोटर्स, 9993194005, महापाली: साहू ऑटोमोबाईल्स, 7746028455, लखनपुर: पीएन ऑटोमोबाइल्स, 8839193005, बटौली: इक्छा ऑटोमोबाइल्स, 8770232677, कुसमी: बोल्बम ऑटो, 8120191597, विश्रामपुर: खुशी ऑटोमोबाइल, 9826775718, झरगांव: ऐबानी मोटर्स, 7849000000, रामानुजनगर: जयसवाल ऑटो, 9926015773, बलंगी: ननो ऑटोमोबाइल्स, 9977876863, भैयाथान: आनंद ऑटोमोबाइल्स, 9977221111, प्रेमनगर: मानस ऑटोमोबाइल्स, 9131301594, लोरमी: महेश मोटर्स, 7974700929, खैरागढ़: पुष्पक बिक्री, 9425554343, भानपुरी: अपराश ऑटोमोबाइल्स, 9981009491,**ऐडिशनल वर्कशॉप:** अम्बिकापुर: आनंद ऑटोमोबाईल्स, देवीगंज 7771008601/9289922359, **जेन्युइन स्पेअर पार्ट्स के लिए संपर्क करें:** **अधिकृत स्टॉकिस्ट:** ओरियन ऑटोव्हील्स 07752-252088, **अधिकृत सिटी वर्कस्:** उरगा: बालाजी सर्विस स्टेशन 279600, **डीलर एक्सटेंशन काउंटर:** बिलासपुर (सकरी) सत्या सर्विसेज, 9111107951, गैलेक्सी हीरो (जगमल चौक) 8085152612, चम्पा: आनन्द हीरो 7909901444, कोरबा: शांति हीरो, 7440299000 **Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler)** बिलासपुर: सत्या हीरो 9289922464, खड़गांव: बंसल ऑटो एजेंसी 7000103415.

Cheil 33547/26

बिलासपुर हरिभूमि


नारायणपुर विधानसभा के लोकप्रिय यशस्वी विधायक जनसेवक
छतीसगढ़ शासन में वन, पर्यावरण, सहकारिता एवं संसदीय कार्यमंत्री
आदरणीय बड़े भईया
श्री केदार
05 NOV
कश्यप जी को
जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं...
निशिकांत नारायण पाण्डेय
प्रदेश मीडिया पैनेलिस्ट, भाजपा छ.ग.
कृति पाढ़ी
सहकोषाध्यक्ष युवा मोर्चा
अमित गुप्ता
प्रदेश कार्य समिति सदस्य (ओबीसी)

04- NOV- K&C- MAIN- Pg- 3_page1.qxd 11/5/2026 12:15 AM Page 1

सोने का सच्चा भाव
आनंद का सच्चा भाव
18 कैरेट रेट (75.00%) = ₹106433/-
22 कैरेट रेट (91.60%) = ₹129990/-
24 कैरेट रेट (99.99%) = ₹141896/-
Live Rate आनंद ज्वेल्स के मोबाइल ऐप पर चेक करें।
anand Jewels
Pandri, Raipur

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, गुरुवार 5 नवंबर 2026

अग्निवीर अब 4 नहीं, 6 साल में होंगे सेवामुक्त, मिला 2 साल का एक्सटेंशन

केंद्रीय मंत्रिमंडल का बड़ा फैसला, 25 फीसदी बनेंगे नियमित सैनिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

दिवाली से पहले मोदी सरकार ने बड़ा फैसला किया है। 25 प्रतिशत अग्निवीर नियमित सैनिक बनेंगे। अग्निवीरों का सेवा कार्यकाल 4 साल से बढ़ाकर 6 साल किया गया है। 75 प्रतिशत अग्निवीर सेना में 6 साल रहेंगे। ▶▶|शेष पेज 6 पर

खास खबर

योजना में सुधार और युवाओं के लिए फायदे

अग्निपथ योजना शुरू से ही युवाओं को सेना से जोड़ने का नया माध्यम बनी थी, लेकिन चार साल बाद ज्यादातर के बाहर होने से अनुभव की कमी और भविष्य की चिंता उठती रही। कैबिनेट के इस फैसले से दोनों पक्षों ▶▶|शेष पेज 6 पर



अग्निवीरों का वेतन और तैनाती

चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ ने अग्निपथ स्कीम को लेकर नई जानकारी दी है। पहले साल अग्निवीरों का वेतन 43,500 रुपए और दूसरे साल 47,500 रुपए होगा। सीडीएस के अनुसार 25 से 30 प्रतिशत अग्निवीर परिचालन क्षेत्रों में तैनात हैं। योजना के तहत 25 प्रतिशत अग्निवीरों को नियमित सेवा में रखा जाएगा। बाकी 75 प्रतिशत जिन्हें रिटायर होना था, उन्हें दो साल का विस्तार दिया जा रहा है।

सैन्य क्षेत्र में मिलेंगे नए अवसर



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा अग्निवीरों के लिए दो वर्ष के अतिरिक्त 'सेकंड टूर ऑफ ड्यूटी' को स्वीकृति दिए जाने के निर्णय का हार्दिक स्वागत करते हुए इसे अभिनंदनीय एवं दूरदर्शी पहल बताया है। सीएम साय ने कहा कि इस निर्णय से अग्निवीरों को चार वर्ष की प्रारंभिक सेवा पूरी करने के बाद दो वर्ष तक और राष्ट्र की सेवा करने का अवसर मिलेगा। साथ ही, निर्धारित चयन मानदंडों को पूरा करने वाले इच्छुक अग्निवीर नियमित सैन्य सेवा में भी शामिल हो ▶▶|शेष पेज 6 पर

कैबिनेट के अन्य फैसले

फास्ट ट्रैक कोर्ट 779 से बढ़ाकर 850

बाल शोषण और दुष्कर्म के मामलों से निपटने के लिए 'फास्ट ट्रैक विशेष अदालतों' को मजबूत करने वाली एक केंद्रीय योजना को जारी रखने की मंजूरी दी और साथ ही इनकी संख्या 779 से बढ़ाकर 850 करने का निर्णय लिया। उच्चतम न्यायालय के निर्देश पर दो अक्टूबर 2019 को शुरू की गई यह योजना, वर्तमान में 29 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में लागू है। इस योजना की शुरुआत के बाद से, इन विशेष अदालतों ने दुष्कर्म और बच्चों का यौन अपराधों से संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम, 2012 के तहत आने वाले अपराधों से जुड़े 4.02 लाख से अधिक मामलों का निपटारा किया है। इस योजना को अब मार्च 2031 तक, पांच साल की अवधि के लिए बढ़ा दिया गया है।

लिथियम, निकेल के प्रसंस्करण को बढ़ावा देने 2,814 करोड़

देश में महत्वपूर्ण खनिजों के प्रसंस्करण को प्रोत्साहन देने के लिए 2,814 करोड़ रुपए मंजूर किए गए हैं। महत्वपूर्ण खनिज अर्थव्यवस्था, उद्योग और आधुनिक प्रौद्योगिकी के लिए बेहद जरूरी होते हैं। हालांकि, इनकी उपलब्धता सीमित होने के साथ आपूर्ति कुछ चुनिंदा देशों पर ही निर्भर होने से स्थिति चुनौतीपूर्ण होती है।

खबर संक्षेप

म्यामां के नागरिक के पास से नौ किलो अफीम जब्त

इंफाल। मणिपुर के चूराचांदपुर जिले में म्यामां के 29 वर्षीय एक नागरिक के पास से नौ किलोग्राम अवैध अफीम बरामद होने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी की पहचान म्यामां के टोंजांग कस्बे के लोमजांग गांव निवासी लियानलामहाउ मानलुन के रूप में हुई है। चूराचांदपुर जिला पुलिस की एक टीम ने सोमवार को उसे एल कानन गांव से गिरफ्तार किया।

केदारताल ट्रैक पर दो और शव मिले

उत्तरकाशी/ देहरादून। उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में केदारताल ट्रैक पर करीब 4000 मीटर की उंचाई पर भारी बर्फबारी और हिमस्खलन में लापता दो और ट्रैकर के शव बुधवार को बरामद किए गए। ट्रैक पर पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश के सात ट्रैकर और सहित अन्य एजेंसियों की संयुक्त टीम द्वारा चलाए जा रहे अभियान में अब तक चार शव बरामद हो चुके हैं।

महादेव सट्टा एप के प्रमोटर सौरभ से दिल्ली में होगी पूछताछ, रवि उप्पल भी दुबई में धरा गया

ऑनलाइन महादेव सट्टा एप प्रमोटर सौरभ चंद्राकर को बुधवार को रायपुर स्थित सीबीआई की विशेष अदालत में पेश किया गया। लंच टाइम के पूर्व आरोपी को कोर्ट ने आठ दिन 12 नवंबर तक पुलिस रिमांड की स्वीकृति प्रदान की। सीबीआई ने आरोपी की 10 दिन की पुलिस रिमांड की मांग की थी। सीबीआई की टीम महादेव सट्टा एप के प्रमोटर से सीबीआई मुख्यालय दिल्ली में पूछताछ करेगी। इधर,उसके साथी रवि उप्पल की भी दुबई में गिरफ्तारी की सूचना है।

सट्टा एप के प्रमोटर की सीबीआई की विशेष अदालत ने आठ दिन की पुलिस रिमांड स्वीकृत की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सौरभ को लेकर सीबीआई दिल्ली जाएगी। वहां उसके साथ सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में पूछताछ की जाएगी। शाम के समय सीबीआई के वकील सौरभ चंद्राकर से भेंट कर सकेंगे। मामले की पैरवी करने सीबीआई की ओर से दिल्ली से लोक अभियोजक रायपुर पहुंचे थे। इस दौरान कोर्ट में ईडी के वकील भी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि सौरभ चंद्राकर की ओमान से गिरफ्तारी के बाद उसे दिल्ली कोर्ट में पेश किया गया था। दो दिनों की ट्रांजिट रिमांड मिलने पर उसे मंगलवार को रायपुर लाया गया। मेडिकल जांच के बाद उसे ▶▶|शेष पेज 6 पर

हरिभूमि लगातार

कोर्ट परिसर छावनी में तब्दील

आरोपी को जब कोर्ट में पेश किया गया, उस दौरान कोर्ट में आरोपी के समर्थकों के साथ भारी संख्या में मीडियाकर्मी उपस्थि थे। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए चार टीआई सहित डेढ़ सौ के करीब पुलिस जवानों की तैनाती की गई ▶▶|शेष पेज 6 पर







महादेव सट्टे के फाउंडर सौरभ को लेकर रायपुर पहुंची सीबीआई, एयरपोर्ट की लाइट बंद कर छुपाकर निकाला

रवि उप्पल दुबई में गिरफ्तार

रायपुर। सौरभ चंद्राकर की ओमान से गिरफ्तारी के बाद ऑनलाइन महादेव सट्टा एप के को-फाउंडर रवि उप्पल को दुबई पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए जाने की बात सामने आई है। इस संबंध में भारतीय जांच एजेंसियों को उप्पल की गिरफ्तारी की अनऑफिशियल जानकारी मिली है। रवि उप्पल की गिरफ्तारी जांच एजेंसियों के लिए दूसरी बड़ी कामयाबी है। सूत्रों के मुताबिक भारतीय जांच एजेंसियों के साथ यूएई ने अब तक कोई ऑफिशियल बातचीत नहीं की है। अलग-अलग स्त्रोतों से प्राप्त जानकारी के अनुसार उप्पल की गिरफ्तारी ▶▶|शेष पेज 6 पर



मुर्गा लड़ाई में जुआ 156 गिरफ्तार, 20 लाख कैश, 47 कारें जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपालपटनम

बीजापुर पुलिस ने मुर्गा लड़ाई की आड़ में चल रहे एक बड़े जुए का पर्दाफाश किया है। जिले के रैगुड़ा गांव के जंगल में यह दांव चल रहा था, जहां से पुलिस ने करीब 20 लाख रुपए नगद जब्त करते हुए 156 लोगों पर कार्रवाई की है। मौके पर करीब 47 चारपहिया वाहन यानी कार भी जब्त हुआ है। बीजापुर जिले के थाना भद्राकाली क्षेत्रान्तर्गत ग्राम रैगुड़ा के जंगल में मुर्गा बाजार में मुर्गा लड़ाई की आड़ में अवैध तरीके से रुपए-पैसों का ▶▶|शेष पेज 6 पर

मचा हड़कंप: पुलिस की इस अचानक हुई दबिश से मौके पर हड़कंप मच गया। पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़े गए सभी 156 व्यक्तियों के विरुद्ध थाना भद्राकाली में अपराध दर्ज किया है। आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3(2) एवं सार्वजनिक द्यूत अधिनियम की धारा 4, 13 के अंतर्गत कार्रवाई की गई है।

दो से ज्यादा बच्चे होने पर चुनाव लड़ने से रोकने वाले कानून अब प्रासंगिक नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि दो से अधिक बच्चे होने पर दंडित करने वाले कानूनों की प्रासंगिकता खत्म हो गई है, क्योंकि पिछले कुछ दशक में आ ए जनसांख्यिकीय बदलावों के चलते अत्यधिक जनसंख्या का डर अब नहीं रहा। कोर्ट ने कहा कि 2003 के बाद से भारत की कुल प्रजनन दर 3.0 से घटकर 1.9 हो जाने के बाद, जनसंख्या वृद्धि को नियंत्रित करने ▶▶|शेष पेज 6 पर

- 2003 के फैसले पर सुप्रीम कोर्ट की बड़ी बेंच करेगी पुनर्विचार



राजनीतिक प्रतिनिधित्व और प्रजनन की आजादी का सवाल

सुप्रीम कोर्ट ने दो बच्चों की सीमा वाले कानूनों के पीछे दिए गए पुराने तर्कों पर भी सवाल उठाए। अदालत ने कहा कि ऐसे कानूनों को जारी रखने से नागरिकों का एक पूरा वर्ग राजनीतिक प्रतिनिधित्व से बाहर हो सकता है, जबकि दो से अधिक बच्चे होना किसी व्यक्ति की सार्वजनिक पद संभालने की क्षमता से सीधे तौर पर जुड़ा हुआ नहीं है।

घटती प्रजनन दर से बढ़ेगी बुजुर्ग आबादी

सुप्रीम कोर्ट ने जनसांख्यिकीय बदलावों को लेकर चिंता जताते हुए कहा कि प्रजनन दर लगातार प्रतिस्थापन स्तर से नीचे रहने पर देश में बुजुर्ग आबादी का अनुपात बढ़ेगा और कामकाजी उम्र के लोगों की हिस्सेदारी घटेगी। अदालत ने कहा कि अगर इन बदलावों को ध्यान में नहीं रखा गया तो भारत को भविष्य में गंभीर परिणामों का सामना करना पड़ सकता है।

20 हजार रिश्वत लेते प्रधान आरक्षक गिरफ्तार

राजनांदगांव। राजनांदगांव के बसंतपुर थाना में पदस्थ प्रधान आरक्षक किशोर यादव को रिश्वत लेते एसीबी की टीम ने गिरफ्तार किया है। मामला एक प्रकरण के सेटलमेंट से जुड़ा हुआ है। जिसकी प्रार्थी द्वारा एसीबी से शिकायत की गई थी। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी गौरव अग्रवाल ने शिकायत दर्ज कराई थी कि एक लोन सेटलमेंट के मामले में प्रधान आरक्षक उससे पांच लाख रुपए की राशि रिश्वत के रूप में मांग रहा है। जिसके आधार पर बुधवार दोपहर एसीबी की टीम नांदगांव पहुंची। प्रार्थी ने 20 हजार की पहली किस्त देने के बहाने प्रधान आरक्षक को बुलाया और एसीबी ने रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। टीम अब आरक्षक से आगे की पूछताछ करने में जुटी हुई है।







झीरम घाटी के दूसरे जांच आयोग पर रोक लगाने 21 दिसंबर को सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

झीरम घाटी के दूसरे जांच आयोग पर रोक लगाने की मांग करने वाली विधायक धरमलाल कौशिक की याचिका पर 21 दिसंबर को अंतिम सुनवाई होगी। बुधवार को इस मामले की सुनवाई हाईकोर्ट में हुई। याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ वकील नहीं होने के आधार पर सुनवाई स्थगित करने की मांग की गई। हस्तक्षेप याचिका कर्ताओं की ओर से उपस्थित अधिवक्ता सुदीप श्रीवास्तव ने खंडपीठ को बताया कि नया जांच आयोग अलग ही जांच बिंदुओं पर जांच करने के लिए बनाया गया है जो कि पहले के जांच बिंदु में शामिल नहीं है और यह राज्य सरकार के अधिकार में है अतः याचिका चलने योग्य नहीं है और इसे रद्द होना चाहिए। साथ ही इस जांच के ऊपर जो स्थगन है वह भी समाप्त होना चाहिए। राज्य सरकार की ओर से उपस्थित अधिवक्ता ने प्रकरण ▶▶|शेष पेज 6 पर



नया जांच आयोग बनाने का पूर्ण अधिकार

हालांकि इसके पहले कि उक्त नया जांच आयोग कोई जांच कर पाता भारतीय जनता पार्टी के तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष धरमलाल कौशिक के द्वारा इसे हाई कोर्ट में इस आधार पर चुनौती दी गई के पहले जांच आयोग अपनी जांच पूरी कर चुका है इसलिए नए आयोग की आवश्यकता नहीं है। इस मामले में मई 2022 में हाई कोर्ट ने नई जांच आयोग के कार्य पर स्टे कर दिया था और यह स्टे आज भी प्रभावी हैं। इसी प्रकरण में झीरम घाटी में घटना में शामिल रहे कांग्रेस कार्यकर्ता के द्वारा हस्तक्षेप याचिका दायर की गई थी जिसमें यह कहा गया था कि राज्य सरकार को आयोग में कोई रिक्ति होने या नए जांच बिंदु होने पर नया जांच बनाने का पूर्ण अधिकार है।

चिंतन

ट्रंप को दुनिया में उथल पुथल मचाने की सजा

दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और सबसे ताकतवर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने दूसरे कार्यकाल में अमेरिका की ताकत का जिस तरह इस्तेमाल किया, उससे वैश्विक व्यवस्था में स्थिरता के बजाय अनिश्चितता और टकराव बढ़ा है। कभी युद्ध की धमकी, कभी सैन्य कार्रवाई, कभी व्यापारिक प्रतिबंध तो कभी सहयोगी देशों को टैरिफ लगाने की चेतावनी। ट्रंप की विदेश नीति में कूटनीति और सहमति के मुकाबले दबाव और एकतरफा फैसलों को अधिक महत्व मिला। अब अमेरिकी मिडटर्म चुनाव में उनकी रिपब्लिकन पार्टी का सीनेट और प्रतिनिधि सभा दोनों में बहुमत गंवाना उनकी नीतियों और कार्यशैली पर जनता की नाराजगी का बड़ा संकेत है। ईरान के साथ अमेरिका और इजराइल का युद्ध इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। परमाणु कार्यक्रम और सुरक्षा चिंताओं के नाम पर शुरू हुआ सैन्य टकराव लंबा खिंच गया। इसके परिणाम केवल पश्चिम एशिया तक सीमित नहीं रहे। खाड़ी क्षेत्र में ऊर्जा आपूर्ति प्रभावित हुई, कच्चे तेल की कीमतों और परिवहन लागत पर दबाव बढ़ा तथा दुनिया के अनेक देशों में महंगाई की चिंता गहराई। अमेरिका में भी पेट्रोल और रोजमर्रा की वस्तुओं की बढ़ती कीमतें मतदाताओं के असंतोष का कारण बनीं। वेनेजुएला के मामले में भी ट्रंप प्रशासन की कार्यशैली सवालों के घेरे में रही। किसी संप्रभु देश के राष्ट्रपति को सैन्य अभियान के जरिए हटाना और उसके संसाधनों में अमेरिकी हितों की खुली बात करना अंतरराष्ट्रीय कानून, संप्रभुता और दूसरे देशों के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप की सीमाओं पर गंभीर बहस पैदा करता है। इजराइल और गाजा के मामले में भी ट्रंप की नीति विरोधाभासों से घिरी रही। उन्होंने युद्धविराम और शांति योजना के प्रयास किए, लेकिन गाजा में हिंसा पूरी तरह नहीं रुकी। दूसरी ओर, इजराइल को अमेरिकी सैन्य सहायता और हथियारों की आपूर्ति जारी रखने की नीति ने वाशिंगटन में भी सवाल खड़े किए। रूस-यूक्रेन युद्ध के मामले में भी ट्रंप की नीति में निरंतरता का अभाव दिखाई दिया। कभी 24 घंटे में युद्ध समाप्त कराने का दावा, कभी यूक्रेन पर समझौते के लिए दबाव और कभी रूस के प्रति नरम रुख के संकेत। इससे यूरोपीय सहयोगियों के बीच अमेरिकी प्रतिबद्धता को लेकर चिंता बढ़ी। नाटो और पारंपरिक मित्र देशों के साथ भी ट्रंप का टकरावपूर्ण रवैया भरोसे को प्रभावित करता रहा। भारत समेत कई व्यापारिक साझेदारों को अमेरिकी शुल्क और आर्थिक दबाव का सामना करना पड़ा। ट्रंप का तर्क रहा कि इससे अमेरिकी उद्योग और रोजगार को संरक्षण मिलेगा, लेकिन आयात महंगा होने का बोझ अंततः अमेरिकी उपभोक्ताओं और कारोबारियों पर भी पड़ता है। व्यापारिक रिश्तों को सहयोग के बजाय दबाव का माध्यम बनाने से वैश्विक निवेश और आपूर्ति शृंखलाओं में अनिश्चितता बढ़ी। मिडटर्म चुनाव में डेमोक्रेट्स को दोनों सदनों में बहुमत मिलना इसी व्यापक असंतोष की राजनीतिक अभिव्यक्ति है। अब विपक्ष को ट्रंप प्रशासन की नीतियों की जांच, सैन्य कार्रवाई पर सवाल और आर्थिक फैसलों की समीक्षा करने का अधिक अवसर मिलेगा। लोकतंत्र में राष्ट्रपति की शक्ति जनता की सहमति और संवैधानिक संस्थाओं की निगरानी से संचालित होती है। ट्रंप को समझना होगा कि अमेरिका की ताकत का अर्थ दुनिया को अपनी शर्तों पर चलाना नहीं है। युद्ध, व्यापार और कूटनीति में दबाव के बजाय संवाद, भरोसे और साझेदारी को प्राथमिकता देनी होगी। दुनिया को महाशक्ति की मनमानी नहीं, जिम्मेदार नेतृत्व की जरूरत है।

मंथन



पंकज चतुर्वेदी

ग्रीन पटाखे : पर्यावरण का सच या नया छलावा

बीते एक दशक से दिल्ली एनसीआर में दीपावली और खुशियों के बीच अदालत के बारास्त आतिशबाजी खड़ी हो जाती है। इसमें कोई शक नहीं कि दिवाली नज़दीक आते ही सांसों पर संकट छा जाता हैं, लेकिन यह भी कड़वा सच है कि दिल्ली और उसके आसपास वायु प्रदूषण तो पूरे साल रहता है और शहर के लोग अपनी आदतें बदलने की जगह कभी आतिशबाजी तो कभी पराली के सर दोष मढ़ते रहते हैं। उच्चतम न्यायालय ने इस साल भी कड़ा संदेश दे दिया कि दूसरों के जीवन की कीमत पर आतिशबाजी दागने की छूट नहीं दी जा सकती है। कोर्ट ने केवल दो दिन के लिए कुछ घंटों के लिए ग्रीन- क्रेकर या पर्यावरण- मित्र आतिशबाजी की अनुमति दी हैं। वैसे पिछले कई सालों से दीपावली पर अदालत के आदेश धुएं में उड़ते दिखते हैं, वहीं ग्रीट-पटाखे "गुड़ खाकर गुलगुले से परहेज करने" जैसे हैं। जिन कारणों से आतिशबाजी पर पूरी पाबंदी की बात होती हैं, ये ग्रीन पटाखे उन मानदंडों पर बस उन्नीस ही रहते हैं। एक बात समझ लें कि भले ही उनका नाम "ग्रीन पटाखा " है लेकिन सच यह है कि ग्रीन पटाखे भी उतने "ग्रीन" नहीं जितना नाम से लगता है। सामान्य पटाखों में बैरियम नाइट्रेट, सल्फर, एल्युमिनियम और पोटैशियम नाइट्रेट जैसे रसायन होते हैं जो जलने पर ज़हरीली गैसें छोड़ते हैं। ग्रीन पटाखों में इन्हीं रसायनों की मात्रा कम रखी जाती है या कुछ जगह उनके स्थान पर कम हानिकारक यौगिकों का इस्तेमाल किया जाता है। इन्हें भारत सरकार की वैज्ञानिक अनुसंधान संस्थान सीएसआईआर और नीरी अर्थात 'वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद - राष्ट्रीय पर्यावरण इंजीनियरिंग अनुसंधान संस्थान' ने विकसित किया था, ताकि पारंपरिक पटाखों से 30 प्रतिशत तक कम प्रदूषण हो। ग्रीन पटाखे तीन किस्म के विकसित किए गए थे। पहली श्रेणी है 'स्वास' या 'सेफ वाटर रिलीजर'। ये जलने पर जल वाष्प छोड़ते हैं, जो धूल के कणों को दबाने में मदद करता है। इसमें सल्फर और पोटेशियम नाइट्रेट का उपयोग नहीं होता। 'स्टार' को ' सेफ थरमाईट क्रेकर' कहा जाता है।

इनमें पोटेशियम नाइट्रेट और सल्फर नहीं होता। ये कम शोर के साथ पीएम कणों को कम उत्सर्जित करते हैं। तीसरे तरह की 'सफल' आतिशबाजी यानि 'सेफ मिनिमम एल्युमियम' में पारंपरिक पटाखों में इस्तेमाल एल्युमीनियम की मात्रा को काफी कम रखा जाता है, या मैग्नीशियम जैसे विकल्प का उपयोग होता है। चूंकि इस तरह की आतिशबाजी को बनाना थोड़ा महंगा होता है सो अधिकांश बाजार महज लेबल लगाकर पारंपरिक आतिशबाजी बेचता है। विदित हो कि साल 2018 में सुप्रीम कोर्ट ने पारंपरिक पटाखों पर रोक लगाकर केवल "ग्रीन पटाखों" को अनुमति दी थी। तभी से असल बाजार में जो पटाखे बिक रहे हैं, उनमें से ज़्यादातर नकली या बिना प्रमाणित हैं। यानी नीति बनी, पर निगरानी नहीं हुई। यदि रासायनिक सम्मिश्रण की बात की जाए तो ग्रीन पटाखों में भले बैरियम न हो, लेकिन अमोनियम और एल्युमिनियम यौगिकों के जलने से निकलने वाले सूक्ष्म धात्विक कण यथावत हैं। ये कण शरीर के भीतर जाकर फेफड़ों में सूजन, सिरदर्द और सांस लेने में तकलीफ जैसी समस्याएं बढ़ाते हैं। कथित ग्रीन पटाखे में पोटैशियम नाइट्रेट, अमोनियम नाइट्रेट और एल्युमिनियम पाउडर का इस्तेमाल होता है और इनके जलने से भी नाइट्रोजन ऑक्साइड और एल्युमिनियम ऑक्साइड उत्सर्जित होते हैं जो फेफड़ों, आंखों और त्वचा के लिए हानिकारक हैं। विदित हो अमोनियम नाइट्रेट कई देशों में विस्फोटक पदार्थ के रूप में प्रतिबंधित है; इससे अमोनिया और नाइट्रस ऑक्साइड हैं। कोई भी दहन-आधारित प्रक्रिया, जिसमें पटाखों का जलना शामिल है, कार्बन डाइऑक्साइड और अन्य गैसों का उत्सर्जन करती है। ग्रीन पटाखों में भी दहन के लिए जिस सामग्री का इस्तेमाल होता है, उससे कार्बन डाइऑक्साइड और नाइट्रस ऑक्साइड जैसी ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जित होती ही हैं, हां कहा जा सकता हैं कि पारम्परिक आतिशबाजी से कोई 30 फीसदी कम। यही नहीं पिछले कुछ वर्षों में हुए परीक्षणों में पाया गया कि ग्रीन पटाखे भी पीएम -2.5 और पीएम -10 कणों का स्तर 20 से 25 प्रतिशत बढ़ा देते हैं। ग्रीन पटाखे पारंपरिक पटाखों से कुछ कम हानिकारक जरूर हैं, लेकिन पर्यावरण के लिए सुरक्षित नहीं। यह एक दिखावटी सुधार है, असली समाधान नहीं। जब तक हमारी सोच "कम प्रदूषण" से आगे बढ़कर "बिना प्रदूषण" की दिशा में नहीं जाएगी, तब तक हर दीवाली हमारी हवा में और ज़हर घोलेगी। सरकार और समाज दोनों को इस दिशा में जागरूक होना होगा, तभी "ग्रीन दीवाली" वास्तव में हरी-भरी और स्वस्थ होगी।

विचार



शिवप्रकाश

विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR)—क्यों?

भारतीय संविधान की प्रस्तावना में उल्लेखित 'हम भारत के लोग' अपने संविधान को आत्मार्पित करते हैं। भारत में जन्मे, भारत की एकता एवं अखंडता के प्रति निष्ठा रखने वाले और भारतीय संविधान में आस्था रखने वाले नागरिकों से ही 'हम भारत के लोग' का तात्पर्य है। चुनाव, प्रतिनिधित्व, नागरिक अधिकार और कानून का शासन लोकतंत्र का आधार है। भारत के प्रति समर्पित वयस्क नागरिकों को ही भारत में सरकारें चुनने का अधिकार है। चुनाव के माध्यम से भारत में राज्य और केंद्र की सरकार चुनने का अधिकार विदेशी घुसपैठियों को देना कैसे संभव हो सकता है? इसी कारण संविधान में मतदाता शुद्धिकरण की व्यवस्था है।

भारतीय संविधान, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 21(3) के अंतर्गत मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) करने का अधिकार चुनाव आयोग को देता है। इसके अंतर्गत अब तक 13 बार मतदाता सूची के निरीक्षण का कार्य चुनाव आयोग द्वारा किया गया है। यह प्रक्रिया 1952–56, 1957, 1961, 1965, 1966, 1983–84, 1987–89, 1992, 1993, 1995, 2002, 2003 और 2004 में हुई है। वर्ष 2025 में बिहार प्रदेश से प्रारंभ हुआ यह 14वां विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) है। 2004 से 22 वर्षों के मध्य यह प्रक्रिया पहले ही पूर्ण हो जानी चाहिए थी, जो नहीं हुई।

वर्तमान में SIR के विरोध में आवाज उठाने वाले दलों की केंद्र एवं राज्यों में सरकारें रहते हुए भी अनेक बार मतदाता शुद्धिकरण की यह प्रक्रिया हुई है। संविधान का अनुच्छेद 326 मताधिकार को केवल /"भारत के नागरिकों/" तक सीमित करता है और अनुच्छेद 324 निर्वाचक नामावली की तैयारी तथा उसकी शुद्धता का दायित्व निर्वाचन आयोग को सौंपता है। यही मतदाता शुद्धिकरण की संवैधानिक व्यवस्था है।

प्रत्येक वैध भारतीय नागरिक को अपने मतदान का अधिकार मिले, एक मतदाता एक ही स्थान पर अपने मत का उपयोग करे तथा अवैध अथवा अनैतिक पद्धति से प्रवेश किए लोगों को भारत में सरकारें चुनने का अधिकार प्राप्त न हो, इस उद्देश्य से संविधान के अनुच्छेद 324, 325 और 326 में प्रावधान किए गए हैं। ये मतदाता सूची के निर्माण, संशोधन एवं वयस्क मताधिकार की व्यवस्था करते हैं।

आजीविका के उद्देश्य से अनेक नागरिक अपने स्थान से दूसरे स्थान पर प्रवास करते हैं। इसके कारण पूर्व स्थान पर मत रहने के बावजूद वे दूसरे स्थान पर भी अपना मत बनवा लेते हैं। वर्ष 2011 की जनगणना के आंकड़े बताते हैं कि लगभग 45 करोड़ लोगों ने देश में ही आंतरिक प्रवास किया। आर्थिक सर्वेक्षण 2016-17 के अनुसार, 2001 से 2011 के मध्य प्रतिवर्ष औसतन 50 से 65 लाख लोगों ने एक स्थान से दूसरे स्थान पर प्रवास किया।

विशेष गहन पुनरीक्षण के अंतर्गत बिहार प्रदेश में 7.01 लाख नाम दो स्थानों पर मतदाता सूची में दर्ज थे। यह स्थिति देश के अन्य राज्यों में भी है। देश के कुल मतदाताओं में गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया होने के उपरांत कुल 13.30 करोड़ में से लगभग 2 करोड़ 80 लाख मृतक नाम मतदाता सूची में पाए गए हैं। 6.30 करोड़ लोगों ने अपना स्थान परिवर्तित कर दूसरे स्थान पर मतदाता सूची में नाम जुड़वा लिया था। 3 करोड़ मतदाताओं के बारे में जानकारी ही नहीं मिली है। यह वही मतदाता हैं, जो भारत में वैध नागरिक न होते हुए भी भारत की सरकार चुनने का कार्य कर रहे थे। 1.02 लाख मतदाताओं के नाम दो बार मतदाता सूची में थे।

सेना के अवकाश प्राप्त जनरल एस.के. सिन्हा ने असम के राज्यपाल रहते हुए 8 नवंबर 1998 को राष्ट्रपति को 'Report on Illegal Migration into Assam' में घुसपैठ के खतरे के संबंध में सचेत किया था। केवल असम में ही उनके अनुमान के अनुसार 60 लाख घुसपैठिए थे। उन्होंने घुसपैठ एवं उग्रवाद के परस्पर संबंध तथा सीमा पर



जनसांख्यिकीय परिवर्तन का वर्णन करते हुए इसे राष्ट्रीय सुरक्षा एवं लोकतंत्र के लिए खतरा बताया था।

वर्ष 2016 में गृह राज्य मंत्री रहते हुए श्री किरण रिजिजू ने संसद में जानकारी देते हुए बताया था कि लगभग 2 करोड़ से अधिक घुसपैठिए भारत में रह रहे हैं। अनुमान के अनुसार, कुछ लोग इस संख्या को 3 करोड़ तक बताते हैं। पश्चिम बंगाल चुनाव में भाजपा की विजय के पश्चात बांग्लादेशी घुसपैठियों ने स्वतः ही बांग्लादेश पलायन किया था। उत्तर 24 परगना के हकीमपुर बॉर्डर पर जाते हुए इन घुसपैठियों ने मीडिया से स्वीकार किया था कि उनके बिचौलियों एवं सत्तालोलुप नेताओं द्वारा अवैध मतदाता पहचान पत्र, आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं राशन कार्ड बनवाए गए थे। कलकत्ता एवं गुवाहाटी उच्च न्यायालयों में भी यह तथ्य सामने आ चुके हैं। रोजगार के लिए प्रवास करने वाले मतदाता तो किसी भी पार्टी को अपना मत देने के लिए स्वतंत्र हैं। मृतक मतदान नहीं कर सकते। विपक्ष द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) का विरोध अवैध घुसपैठियों के समर्थन के लिए ही है, ऐसा लगता है, क्योंकि यही उनके थोक मतदाता थे। क्या इनके बल पर ही वे चुनाव जीतते थे? इस प्रश्न का उत्तर विपक्षी दलों को देश को देना चाहिए।

चुनाव आयोग द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण के समय एक संवैधानिक एवं व्यवस्थित प्रक्रिया अपनाई जाती है। प्रदेश स्तर से प्रारंभ कर बूथ स्तर (ERO से BLO) तक सरकारी कर्मचारियों की नियुक्ति होती है। इसी प्रकार राजनीतिक दलों से भी अपेक्षा रहती है कि वे विधानसभा स्तर से बूथ स्तर तक BLA-1 एवं BLA-2 की नियुक्ति कर इस प्रक्रिया में सहयोग करें और लोकतंत्र को मजबूत बनाएं।

फॉर्म 6, 7 और 8 का उपयोग करते हुए मतदाता सूची के शुद्धिकरण का प्रयास किया जाता है। गलत नाम जुड़ने एवं कटने (Edit-Delete) पर राजनीतिक दल आपत्ति व्यक्त कर सकते हैं। लेकिन कमजोर राजनीतिक दल समस्त बूथों पर अपने BLA-2 की नियुक्ति कर पाने में असमर्थ रहते हैं। अपनी कमजोरी छिपाने के लिए वे वोट चोरी का आरोप लगाते हैं।

कांग्रेस बिहार प्रदेश में 77,895 बूथों में से केवल 17,000 बूथों पर और बंगाल में 85,379 बूथों में से केवल 5,797 बूथों पर ही अपने बूथ एजेंट नियुक्त कर पाई थी। निर्वाचन आयोग के अनुसार, कांग्रेस ने मतदाता सूची के संदर्भ में एक भी आपत्ति नहीं की। जिन राज्यों में एनडीए की सरकार बनी, वहां भी विपक्षी विधायक जीते हैं। वहीं हिमाचल, कर्नाटक, तेलंगाना, केरल और तमिलनाडु जैसे प्रदेशों में कांग्रेस अथवा विपक्षी दलों की सरकारें भी बनी हैं। कांग्रेस के अनेक नेताओं ने SIR की प्रशंसा भी की है। ऐसे में संवैधानिक संस्था चुनाव आयोग को आरोपित करना लोकतंत्र के प्रति जघन्य अपराध है।

देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने 1952 में प्रथम चुनाव के बाद मतदाता सूची के शुद्धिकरण की आवश्यकता को लेकर 12 फरवरी को पत्र लिखकर सचेत किया था कि 'सबसे पहले मतदाता सूची का शुद्धिकरण किया जाए।' केरल के नेता श्री रमेश चेन्नीथला ने आयोग को 4 लाख अवैध मतदाताओं की सूची देते समय कहा कि भौतिक सत्यापन एवं मतदाता सूची के गहन शुद्धिकरण के बिना स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव संभव नहीं है। केरल में कांग्रेस अपनी विजय का श्रेय भी मतदाता पुनरीक्षण की प्रक्रिया को ही देती है।

केवल अपने देश में ही नहीं, बल्कि अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, जर्मनी, स्वीडन, केन्या और ब्राजील जैसे देश भी समय-समय पर अपनी मतदाता सूची के शुद्धिकरण का अभियान चलाते हैं। ब्रिटेन में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के अंतर्गत प्रति वर्ष प्रत्येक नागरिक को स्वयं पंजीकरण करवाना अनिवार्य है।

अराष्ट्रीय शक्तियों द्वारा भारत को अस्थिर करने के अनेक प्रकार के प्रयास पिछले दिनों से हम देख ही रहे हैं। किसान आंदोलन, CAA आदि के नाम पर झूठा विमर्श (Narrative) फैलाने के लिए प्रारंभ हुए आंदोलन अब EVM और SIR के झूठे प्रोपेगेंडा से होते हुए ज्ञानेश कुमार को हटाने की मांग के साथ प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को हटाने एवं Regime Change तक की भाषा बोल रहे हैं।

अराजकतावाद से उत्पन्न बांग्लादेश का हिंसक आंदोलन उनकी प्रेरणा है। सोशल मीडिया से निर्मित झूठा नैरेटिव उनके हथियार हैं और कुछ विदेशी ताकतें उनकी सहयोगी हैं। इसी को बाबा साहब डॉ. अंबेडकर ने अराजकतावाद कहा था।प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत गरीबी से मुक्त हो रहा है। ऐसे समय में विपक्षी पार्टियां प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के माता-पिता को भद्दी गालियां देकर नरेंद्र मोदी मुक्त भारत करना चाहती हैं। देश की विकासवादी एवं राष्ट्रीय शक्तियों से आह्वान है कि 'वयं राष्ट्रे जागृयाम पुरोहिताः' का संकल्प लेकर देश की जनता को जागृत करें।

लेखक-राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री (भाजपा)

अनासक्त हुए बिना करे दूसरों की भलाई

संकलित

दर्शन

यह सोचना भूल है कि हमने संसार का भला किया। इस विचार से दुख उत्पन्न होता है। हम किसी की सहायता करने के बाद सोचते हैं कि वह हमें इसके बदले में धन्यवाद दे, पर वह धन्यवाद नहीं देता, तो हमें दुख होता है। हम जो कुछ भी करें, उसके बदले में किसी चीज की आशा क्यों रखें? बल्कि उल्टे हमें उसी के प्रति कृतज्ञ होना चाहिए, जिसकी हम सहायता करते हैं, उसे साक्षात नारायण मानना चाहिए। मनुष्य की सहायता द्वारा ईश्वर की उपासना करना क्या हमारा परम सौभाग्य नहीं है? यदि हम वास्तव में अनासक्त हैं, तो हमें यह प्रत्याशा जनक कष्ट क्यों होना चाहिए? अनासक्त होने पर तो हम प्रसन्नतापूर्वक संसार में भलाई कर सकते हैं। अनासक्त किए हुए कार्य से कभी भी दुख अथवा अशांति नहीं आएगी। यदि हम यह जान लें कि आसक्ति रहित होकर किस तरह कर्म करना चाहिए, तभी हम दुराग्रह और मतांधता से परे हो सकते हैं। जब तुम दुराग्रह और मतांधता से परे हो जाओगे, तभी अच्छी तरह कार्य कर सकोगे। जो ठंडे मस्तिष्क वाला और शांत है, जो उत्तम ढंग से विचार करके कार्य करता है, जिसके स्नायु सहज ही उत्तेजित नहीं होते तथा जो अत्यंत प्रेम और सहानुभूति संपन्न है, केवल वही व्यक्ति संसार में परोपकार कर सकता है और इस तरह वह अपना भी कल्याण कर सकता है।

गुरु नानक जी के आशीर्वाद का रहस्य

संकलित

प्रेरणा

एक बार गुरु नानक देव जी अपने शिष्यों के साथ एक ऐसे गांव में पहुंचे जहां के लोग साधु-संन्यासी लोगों को बिल्कुल भी पसंद नहीं करते थे। गुरु नानक जी वहां गए तो उनसे भी वहां के लोगों ने ऐसा ही व्यवहार किया। जब वो परेशान होकर उस गांव से जाने लगे तो गांव के लोगों ने कहा कि, महात्माजी कुछ आशीर्वाद तो देते जाइए। गुरु नानक थोड़ी देर तक हंसते रहे फिर बोले, खूब आबाद रहो। इसके बाद वो आगे बढ़ गए। इस बीच कुछ गांव के लोग भागते हुए वहां पहुंचे। सभी उनकी सेवा करने लगे। उन्होंने फिर से गुरुनानक जी से आशीर्वाद मांगा। तब उन्होंने कहाः सभी उजड़ जाओ। गुरु नानक के ऐसे अटपटे आशीर्वाद से परेशान होकर एक व्यक्ति ने उनसे पूछाः महात्मा जी! जिन लोगों ने अतिथि धर्म का तिरस्कार किया उन्हें आपने आबाद रहने का और जो लोग आपकी सेवा में आए उन्हें उजड़ने का आशीर्वाद क्यों दिया। गुरु नानक जी ने उस व्यक्ति से कहा किः सज्जन व्यक्ति जहां जाता है वो वहां अपनी अच्छाइयों को ले जाता है। यह दुर्जन से बेहतर होता है। इसलिए मैंने पहले जब वो दुर्जन थे तो उन्हें एक जगह आबाद रहने का आशीर्वाद दिया और जब वो सज्जन बन गए और मेरे पास आशीर्वाद लेने आए तो मैनें उन्हें उजड़ने यानी समाज में अच्छाई फैलाने का आशीर्वाद दिया।

अंतर्मन



आज की पाती

देश-दुनिया में बढ़ रही बेरोजगारी की समस्या

बेरोजगारी की समस्या हमारे देश के लिए ही नहीं, बल्कि दुनिया भर के लिए चुनौती बन रही है, क्योंकि इसका एक तो मुख्य कारण बढ़ती जनसंख्या और दूसरा मशीनीकरण है। जनसंख्या जिस हिसाब से बढ़ रही है, उस हिसाब से रोजगार अवसर नहीं बढ़ रहे हैं। दूसरा फैक्टरी, कंपनी, खेत या अन्य किसी भी जगह पर जिस काम को दस लोग करते थे, अब उसी काम को मशीन द्वारा एक ही व्यक्ति द्वारा किया जा रहा है। ऐसे में लाजिमी है कि देश-दुनिया में बेरोजगारी की लाइन बढ़ती जाए।

-**मनोज जोशी**, बिलासपुर

ट्रेंड

छत्तीसगढ़ नक्सल-मुक्त



दशकों तक माओवादियों ने छत्तीसगढ़ को हिंसा के अंधेरे में धकेले रखा, जबकि कांग्रेस सरकारों ने उन्हें राजनीतिक संरक्षण दिया। आज नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, यही छत्तीसगढ़ नक्सल-मुक्त होकर विकास, सुशासन और जनसेवा का पर्याय बन रहा है। -**अमित शाह**, केंद्रीय गृहमंत्री

पंजाब में नशा



पंजाब ने 'आप' पर भरोसा किया, मान पर भरोसा किया। वादा यह था- हम नशों को जड़ से खत्म कर देंगे। पंजाब के किस कोने से आपने नशों को खत्म किया है? पंजाब को एक ऐसा सीएम चाहिए जो यहां के दर्द को समझे, पूरी ताकत से नशों के खिलाफ लड़े। - **राहुल गांधी**, सांसद, कांग्रेस

बीजेपी की बी-टीम



आम आदमी पार्टी, 'बीजेपी की बी-टीम' है। कांग्रेस जहां भी चुनाव लड़ने जाती है, 'आप' वहां पहुंचकर पूरा समीकरण बिगाड़ देती है। हम गुजरात में जीत रहे थे, लेकिन 'आप' ने वहां खेल बिगाड़ दिया। हम गोवा में भी जीत रहे थे, वहां भी सब गड़बड़ कर दिया। - **मल्लिकार्जुन खड़गे**, अध्यक्ष, कांग्रेस

सेकंड टूर ऑफ ड्यूटी



अग्निवीरों के लिए 'सेकंड टूर ऑफ ड्यूटी' को मंजूरी मिलने से युवाओं को राष्ट्र सेवा से जुड़े रहने का एक नया अवसर मिलेगा। जो अग्निवीर अपना शुरुआती चार साल का कार्यकाल पूरा कर लेंगे, वे अब सेना में दो और साल तक सेवा दे सकेंगे। -**परवेश साहिब सिंह**, कैबिनेट मंत्री, दिल्ली

करंट अफेयर

ब्रिटेन में भारतीय छात्रों को बढ़ावा देने नया समझौता



ब्रिटेन में भारतीय छात्रों के एक प्रमुख संगठन और लंदन मेट्रोपॉलिटन विश्वविद्यालय ने छात्रों के शैक्षणिक सफर, रोजगार के अवसरों, अंतरराष्ट्रीय शिक्षा और नीतिगत सहभागिता को बढ़ावा देने के लिए एक समझौता किया है। नेशनल इंडियन स्टूडेंट्स एंड एलुमनी यूनियन (एनआईएसएयू) यूके ने बताया कि आमतौर पर लंदन मेट के नाम से लोकप्रिय इस विश्वविद्यालय के साथ पिछले सप्ताह हाउस ऑफ लॉर्ड्स परिसर में आयोजित एक समारोह में समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए।

संगठन के अनुसार, इस साझेदारी के तहत दोनों देशों के शैक्षणिक संस्थानों, नियोक्ताओं और नीति निर्माताओं को एक साथ लाने वाले 'ट्रिपल हेलिक्स मॉडल' पर काम किया जाएगा। लंदन मेट्रोपॉलिटन विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर जूली हॉल ने कहा, लंदन मेट में हमारा उद्देश्य हमेशा स्पष्ट रहा है। हम शिक्षा के माध्यम से लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना चाहते हैं। उन्होंने कहा, ''हमारी कोशिश है कि हमारे समुदाय, दृष्टिकोण और साझेदारियों में भी यह विविधता प्रतिबिंबित हो।

ऑफ बीट

उपग्रहों का शोर दूरबीनों और जीपीएस को कर रहा बाधित



एक दशक से भी कम समय पहले पृथ्वी की कक्षा में करीब 2,000 सक्रिय उपग्रह थे। आज इनकी संख्या बढ़कर 15,000 से अधिक हो गई है। आने वाले समय में लाखों और उपग्रह भेजने की योजना है। इन उपग्रहों से पैदा होने वाली 'अंतरिक्ष अपशिष्ट' की समस्या पर काफी चर्चा हुई है। लेकिन एक दूसरी समस्या पर बहुत कम ध्यान दिया गया है। इन उपग्रहों से निकलने वाला रेडियो शोर उन दूरबीनों को प्रभावित कर रहा है, जो ब्रह्मांड को समझने में हमारी मदद करती हैं। इससे जीपीएस को सही ढंग से काम करने में मदद देने वाले माप भी गलत हो रहे हैं। राहत की बात यह है कि इस समस्या को ठीक करने का एक तरीका है, बशर्ते हम अभी कदम उठाएं। रेडियो दूरबीनें उन संकेतों को पकड़ सकती हैं, जो बिग बैंग के कुछ समय बाद पैदा हुए थे। इनकी मदद से खगोलविद प्रारंभिक ब्रह्मांड और पिछले 13.8 अरब वर्ष में इसके विकास को समझ पाते हैं। रेडियो दूरबीनें बहुत दूर स्थित आकाशगंगाओं की सटीक स्थिति का पता लगाने में भी मदद करती हैं। इन आकाशगंगाओं को आधार बनाकर पृथ्वी पर जीपीएस जैसी तकनीकों को अधिक सटीक बनाया जाता है।

हमारा पता

हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

बिलासपुर

गुरुवार 5 नवंबर 2026

कार्तिक कृष्ण पक्ष एकादशी

वर्ष : 26, अंक : 226

पृष्ठ : 12+10 = 22 मूल्य : 5.00***

मौसम

अधि. 30.1

न्यून. 24.5

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

कोहली ने तोड़ा सचिन का वर्ल्ड रिकॉर्ड



ऑकलैंड। विराट कोहली ने न्यूजीलैंड के खिलाफ ऑकलैंड में खेले गए पहले वनडे मुकाबले में टीम के लिए शानदार पारी खेली। कोहली ने इस मैच में 51 गेंदों पर 74 रन की पारी खेली। उन्होंने अपनी इस पारी के दम पर सचिन तेंदुलकर का वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़ दिया और पहले नंबर पर आ गए। ये एसईएनए (साउथ अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया) देशों के खिलाफ कोहली की 134वीं 50 प्लस पारी रही।

एसईएनए देशों के खिलाफ 134वीं बार खेली 50 प्लस पारी

इसे गंभीर वित्तीय अनियमितता माना गया है, अधिकारियों पर व्यक्तिगत जिम्मेदारी तय

पीडब्ल्यूडी में डेलीवेजेस की नई नियुक्तियों पर रोक, नियम तोड़ने वाले अधिकारियों से होगी नुकसान की वसूली

छत्तीसगढ़ शासन के लोक निर्माण विभाग ने मस्टर रोल, दैनिक वेतनभोगी और कलेक्टर दर पर कर्मचारियों की नई नियुक्तियों को लेकर सख्त निर्देश जारी किया है। शासन ने स्पष्ट किया है कि 1 अप्रैल 2026 के बाद विभाग के मुख्यालय और अधीनस्थ कार्यालयों में किसी भी नए श्रमिक या कर्मचारी को इन श्रेणियों में नियोजित नहीं करने के निर्देश जारी किए गए थे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर



नियमों का उल्लंघन करने वाले अधिकारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी और शासन को हुई वित्तीय क्षति की वसूली संबंधित अधिकारी से की जाएगी। लोक निर्माण विभाग द्वारा 3 नवंबर को जारी आदेश में कहा गया है कि बिना स्वीकृत सेटअप और बजट आवंटन के मस्टर रोल अथवा दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों की नई नियुक्तियां पूरी तरह प्रतिबंधित हैं। छत्तीसगढ़ वित्तीय संहिता के प्रावधानों के अनुसार सक्षम अधिकारी की पूर्व प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति के बिना श्रमिकों को काम पर रखना अनधिकृत अतिरिक्त दायित्व सृजित करने की श्रेणी में आता है। आदेश में कहा गया है कि ऐसी नियुक्तियों से शासन पर ऐसा वित्तीय बोझ पड़ता है, जिसके लिए बजट में कोई प्रावधान नहीं होता। इसे गंभीर वित्तीय अनियमितता माना गया है।

याद दिलाया 2008 का नियम

सामान्य प्रशासन विभाग के 5 मार्च 2008 के परिपत्र का उल्लेख करते हुए भविष्य में दैनिक वेतनभोगी, तदर्थ अथवा कलेक्टर दर पर अनियमित नियुक्तियां नहीं करने के निर्देशों की भी याद दिलाई गई है। शासन ने चेतावनी दी है कि 1 अप्रैल 2026 के बाद नियम विरुद्ध किसी कर्मचारी को नियोजित करने पर संबंधित अधिकारी का कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 के नियम-3 का उल्लंघन और गंभीर वित्तीय कदाचार माना जाएगा।

inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

खबर संक्षेप

तमिलनाडु और केरलम में ईडी की छापेमारी

कोच्चि। प्रवर्तन निदेशालय ने एक सहकारी समिति और उसके प्रवर्तक के खिलाफ धन शोधन की जांच के सिलसिले में बुधवार को केरलम और तमिलनाडु में छापेमारी की। जांच में भारत लझना मल्टी स्टेट को-ऑपरेटिव सोसाइटी' के संस्थापक सदस्य और वास्तविक अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक आर. प्रेमकुमार तथा कुछ अन्य लोग शामिल हैं।



थार और बाइक की भिड़ंत में दो युवकों की मौत

अमरोहा। अमरोहा जिले में तेज रफ्तार थार गाड़ी की मोटरसाइकिल से आमने-सामने की टक्कर में दो युवकों की मौत हो गई। हादसा मंगलवार रात करीब आठ से नौ बजे के बीच अमरोहा कोतवाली क्षेत्र में बिजनौर मार्ग पर हुआ। मृतकों की पहचान डाक बंगला क्षेत्र निवासी प्रशांत (26) और उसके मित्र राजीव (27) के रूप में हुई है। दोनों युवक नौगांवा सादात से अमरोहा लौट रहे थे।

दो यात्रियों से 2.09 करोड़ का सोना बरामद

मुंबई। बहरीन से मुंबई हवाई अड्डे पर पहुंचे दो यात्रियों के पास से करीब 2.09 करोड़ रुपए मूल्य का 1.68 किलो सोना बरामद किया गया है। आरोपियों ने सोना अपने अंतःवस्त्रों में छिपा रखा था। सीमा शुल्क हवाई खुफिया इकाई के अधिकारियों ने मंगलवार को छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचे दोनों यात्रियों को रोका।



प्रशांत भूषण के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव का डिजिटल रूप से छेड़छाड़ किया गया एक वीडियो साझा करने के आरोप में उच्चतम न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत भूषण के खिलाफ एक प्राथमिकी दर्ज की है। वीडियो में कथित तौर पर भारत विरोधी टिप्पणियां थीं। पुलिस ने साइबर निगरानी के बाद तीन नवंबर को सोशल मीडिया मीडिया मंच पर 'ऐटदीरेटदकोट्सन्यूज' हैंडल से की गई एक पोस्ट देखी थी।

कॉलेज में वैवाहिक जीवन का पाठ्यक्रम

पणजी। गोवा के एक कॉलेज ने शादी और पारिवारिक जीवन की जिम्मेदारियों के लिए लोगों को तैयार करने के उद्देश्य से 15 दिवसीय नया प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम शुरू कर रही है। इस पाठ्यक्रम को शुरू करने को लेकर कॉलेज की विवरणिका में सवाल उठाया गया है। हम करियर बनाने की तैयारी में लगभग 20 साल लगा देते हैं। लेकिन शादी या पारिवारिक जीवन की तैयारी में कितना समय देते हैं। आमतौर पर ये हमारे जीवन का करियर से भी बड़ा हिस्सा होते हैं?

मध्यावधि चुनाव में ट्रंप को जनता का झटका, दोनों सदनों से बेदखल हुई रिपब्लिकन पार्टी

ट्रंप का दंभ टूटा, मिडटर्म चुनाव में डेमोक्रेट्स ने छीनी संसद की कमान

डेमोक्रेट्स को 20 साल बाद ओहायो और आयोवा, 28 साल बाद जॉर्जिया और 36 साल बाद टेक्सास में मिली जीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ वाशिंगटन

अमेरिकी मध्यावधि चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप की नीतियों के खिलाफ मतदाताओं की नाराजगी खुलकर सामने आई। डेमोक्रेटिक पार्टी ने सीनेट और प्रतिनिधि सभा दोनों पर कब्जा जमाकर ट्रंप की रिपब्लिकन पार्टी को बड़ा राजनीतिक झटका दिया। कई परंपरागत रिपब्लिकन राज्यों में भी पार्टी को करारी शिकस्त मिली। इन नतीजों ने न केवल ट्रंप के नेतृत्व पर सवाल खड़े किए हैं, बल्कि अमेरिकी राजनीति की दिशा और वैश्विक समीकरणों पर भी असर के संकेत दिए हैं।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को बड़ा झटका देते हुए देश के मतदाताओं ने मंगलवार को हुए बहुचर्चित मध्यावधि चुनावों में विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी को अमेरिकी संसद का नियंत्रण सौंप दिया और कई अहम राज्यों में गवर्नर पदों पर भी पार्टी को जीत दिलाई। इन नतीजों का असर न केवल अमेरिका, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी देखने को मिलेगा। ट्रंप की रिपब्लिकन पार्टी को अपने मजबूत गढ़ माने जाने वाले टेक्सास, जॉर्जिया, आयोवा और ओहायो जैसे राज्यों में करारी हार का सामना करना पड़ा, जहां उसने डेमोक्रेटिक पार्टी के हाथों गवर्नर के पद गंवा दिए। इसके अलावा टेक्सास, मेन, साउथ कैरोलिना, नॉर्थ कैरोलिना, कंसास, आयोवा और ओहायो में सीनेट की सीट पर भी पार्टी को झटका लगा। ट्रंप ने इन राज्यों के मतदाताओं से यह कहते हुए मतदान की अपील की थी कि वह उन्हें (ट्रंप को) चुनाव मैदान में मानकर वोट करे। डेमोक्रेट ने सीनेट और प्रतिनिधि सभा (हाउस ऑफ रिप्रजेंटेटिव्स) दोनों पर नियंत्रण हासिल कर लिया और अमेरिकी कांग्रेस (संसद) के दोनों सदनों में रिपब्लिकन के कब्जे को समाप्त कर दिया। रिपब्लिकन पार्टी की इस बड़ी हार की मुख्य वजह ट्रंप की नीतियों के प्रति लोगों में व्याप्त असंतोष को माना जा रहा है। खासकर ईरान के खिलाफ युद्ध को लेकर लोगों में नाराजगी थी, जिसके कारण ⏭ शेष पेज 6 पर

ट्रंप ने स्वीकार की हार

राष्ट्रपति के चार साल के कार्यकाल के बीच में होने के कारण इन्हें मध्यावधि चुनाव कहा जाता है। ट्रंप ने मीडिया को दिए साक्षात्कारों में हार स्वीकार की और कहा कि वह डेमोक्रेट के साथ मिलकर काम करने के लिए तैयार हैं।

सीनेट में उलटफेर

डेमोक्रेट ने रिपब्लिकन के कब्जे वाली कम से कम सात सीटों पर जीत के साथ सीनेट में उलट-फेर कर दी। इन सीटों में नॉर्थ कैरोलिना, ओहायो, मेन, साउथ कैरोलिना, कंसास, आयोवा और टेक्सास हैं।

ट्रंप का अधिकार घटा वीटो होगा विकल्प

इन नतीजों से ट्रंप की अपनी मर्जी से सरकार चलाने की क्षमता पर काफी अंकुश लग सकता है, क्योंकि अमेरिकी संसद के पास राष्ट्रपति के फैसलों को रोकने के व्यापक अधिकार हैं।



अब्दुल अल-सईद बने अमेरिका के पहले मुस्लिम सीनेटर

अमेरिका के मिशिगन राज्य में डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार अब्दुल अल-सईद ने रिपब्लिकन उम्मीदवार माइक रोजर्स को हराकर अमेरिकी सीनेट का चुनाव जीत लिया है। इस जीत के साथ ही उन्होंने इतिहास रच दिया है। अब्दुल अल-सईद अमेरिका के पहले मुस्लिम सीनेटर बन गए हैं।

अमेरिकी चुनाव का असर

अमेरिका के मध्यावधि चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी की बढ़त के बाद दुनिया के शेयर बाजारों में बुधवार को तेजी लौट आई और डॉलर भी संभल गया। दरअसल, निवेशकों को आशंका थी कि डेमोक्रेटिक पार्टी के नियंत्रण वाली अमेरिकी संसद आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस क्षेत्र पर निगरानी और नियमन बढ़ा सकती है।

इधर, ईरान ने खोला भारत के लिए रास्ता

पश्चिम एशिया में अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के बीच भारत के लिए राहत की खबर है। ईरान सरकार ने एक बार फिर स्पष्ट किया है कि भारतीय जहाजों को होर्मुज जलडमरूमध्य से आने-जाने की छूट दी गई है। ईरान ने भारत के अलावा चीन, इराक और कतर के जहाजों को भी अपने प्रतिबंधों से बाहर रखा है। ईरानी संसद की राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति समिति के उपाध्यक्ष अहमद हयात-मोगद्दम ने कहा कि इन चार देशों के जहाज बिना किसी रोक-टोक के इस समुद्री रास्ते से गुजर सकते हैं।

कार से तस्करी, 2 करोड़ के गांजे के साथ राजस्थान का आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ केशकाल

पुलिस ने राजस्थान के अंतराज्यीय गांजा तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 4 क्विंटल से अधिक गांजा और एक सिल्वर रंग की महिंद्रा एक्सयूवी-500 कार जब्त की है। जब्त गांजा की कीमत 2 करोड़ 3 लाख 95 हजार 500 रुपए बताई गई है। वाहन एवं अन्य सामग्री की कुल कीमत 14 लाख रुपए आंकी गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 3 नवंबर को केशकाल पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि सिल्वर रंग की महिंद्रा एक्सयूवी -500 कार क्रमांक ओडी -10-वी-7053 में गांजा का परिवहन किया जा रहा है। सूचना पर पुलिस सक्रिय हुई और उक्त वाहन को रोक कर तलाशी ली, जहां ड्राइवर सीट के पीछे और कार की डिक्की में भूरे रंग के सेलोटेप से पैक किए गए 78 पैकेट मिले। इन पैकेटों में कुल 407.910 किलोग्राम गांजा भरा हुआ था। पुलिस को वाहन की डिक्की से आरजे -23-यूबी-8472 नंबर प्लेट भी बरामद हुई।

आरोपी को भेजा जेल

पुलिस ने गांजा, मोबाइल, नकदी और वाहन को जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के विरुद्ध धारा 20(ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।

10 माह में 46 हजार किलो गांजा

पटना। बिहार में इस साल के दौरान मादक पदार्थों की जब्ती में भारी वृद्धि दर्ज की गई है। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने 27 अक्टूबर तक 46,549 किलोग्राम से अधिक गांजा, 149.696 किलोग्राम हेरोइन और 11.56 लाख से अधिक मादक टैबलेट एवं कैप्सूल जब्त किए हैं। मादक पदार्थों की जब्ती के मामले में अररिया, सुपौल और मधुबनी जिले सबसे आगे रहे।

छत्तीसगढ़ में भी आज पड़ेंगे छींटे

'मुरासु' का अभी भी असर कई राज्यों में होगी बारिश



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

प्रचंड चक्रवाती तूफान 'मुरासु' का बचा हुआ हिस्सा डिप्रेशन पूर्वी तेलंगाना और उससे सटे तटीय आंध्र प्रदेश के ऊपर अभी भी बना हुआ है। इसकी वजह से कई राज्यों में बारिश होगी। छत्तीसगढ़, विदर्भ में छिटपुट बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने 5 अक्टूबर के लिए तमिलनाडु, पुडुचेरी, कराईकल, कर्नाटक, केरल, माहे, लक्षद्वीप, रायलसीमा, दक्षिण आंतरिक कर्नाटक, उत्तर आंतरिक कर्नाटक, तटीय आंध्र प्रदेश, यनम, तेलंगाना में भारी बारिश होने वाली है। कल तटीय आंध्र प्रदेश, यनम, रायलसीमा, तेलंगाना में आंधी तूफान, बिजली गिरने और तेज हवाओं के चलने का भी अनुमान है।

हरिभूमि फॉलोअप

कमजोर पड़ गया चक्रवाती तूफान

पश्चिम बंगाल की खाड़ी से उठा चक्रवाती तूफान 'मुरासु' बुधवार सुबह कमजोर होकर कम दबाव के क्षेत्र में बदल गया। मौसम विज्ञान केंद्र ने अगले 24 घंटों के दौरान तेलंगाना के भद्राद्रि कोठागुडेम जिले में कुछ स्थानों पर अत्यधिक भारी बारिश की संभावना व्यक्त करते हुए चेतावनी जारी की है। इसके अलावा खम्मम जिले में अलग-अलग स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश, जबकि मुलुगु और महबूबाबाद जिलों में भारी बारिश होने की संभावना है। अगले 48 घंटों के दौरान पूरे तेलंगाना में अलग-अलग स्थानों पर बिजली चमकने, गरज के साथ छींटे पड़ने और 30 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तूफानी हवाएं चलने की आशंका जताई गई है। राज्य में अगले चार दिनों तक कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश या गरज के साथ बौछारें पड़ने का अनुमान है।

ओडिशा और पंजाब में ऐसा अलर्ट

ओडिशा में आंधी तूफान, बिजली गिरने की चेतावनी जारी की गई है। पंजाब में अगले दो से चार दिनों तक पहाड़ों की ओर से ठंडी हवाएं चलेंगी। दिवाली तक इनका प्रभाव बने रहने का अनुमान है। इसके बाद हवाओं की रफ्तार धीमी पड़ सकती है। इससे प्रदूषण के कण वातावरण में जमा होने और वायु गुणवत्ता बिगड़ने का खतरा है। इस बीच पंजाब के कई शहरों में सुबह के समय वायु प्रदूषण का स्तर बढ़ा हुआ दर्ज किया गया। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार, खन्ना में सबसे अधिक 262 एक्यूआई दर्ज किया गया जो खराब श्रेणी में है।

सीएम बोले- कांग्रेस ने आपातकाल लगाकर लोकतंत्र का गला घोंटा, आज वही बचाने की बात कर रही

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कांग्रेस और इंडी गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा, देश के लोकतंत्र को सबसे बड़ा खतरा उन लोगों से है, जिन्होंने अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए लोकतांत्रिक मूल्यों और संवैधानिक व्यवस्थाओं को कमजोर किया है। जिस कांग्रेस ने आपातकाल लगाकर लोकतंत्र का गला घोंटा, विपक्षी नेताओं को जेल में डाला और मीडिया की स्वतंत्रता पर प्रतिबंध लगाया, आज वही लोकतंत्र बचाने की बात कर रही है। यह कांग्रेस की दोहरी राजनीति का परिचायक है। मुख्यमंत्री ने जशपुर में आयोजित 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा में शामिल होने रवाना होने से पहले पत्रकारों से ⏭ शेष पेज 6 पर

- जशपुर में 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा में शामिल हुए



इंडिया गठबंधन के नेता उठाते हैं संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल

साय ने कहा कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन के नेता चुनावी हार स्वीकार करने के बजाय संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल उठाते हैं। कभी वोट चोरी, कभी विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और कभी ईवीएम तथा निर्वाचन आयोग की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े किए जाते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि जब चुनाव परिणाम कांग्रेस के पक्ष में आते हैं तो उसे ईवीएम और निर्वाचन आयोग पर भरोसा रहता है, लेकिन हार मिलने पर वही संस्थाएं सवालों के घेरे में आ जाती हैं। मुख्यमंत्री ने ⏭ शेष पेज 6 पर

मक्खन के दाम भी बढ़े

अमूल ब्रांड का घी 40 रुपए प्रति लीटर हो गया महंगा

नई दिल्ली। अमूल ब्रांड के उत्पाद बेचने वाले गुजरात सहकारी दुग्ध विपणन महासंघ ने दूध उत्पादन की लागत बढ़ने के कारण दो अक्टूबर से घी की कीमतों में 40 रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी की है। टेबल बटर (मक्खन) के 500 ग्राम के पैक की कीमत भी 15 रुपये बढ़ाई गई है। जीसीएमएमएफ ने एक बयान में कहा कि अमूल टेबल बटर, अमूल घी और अमूल काउ घी के अधिकतम खुदरा मूल्य में दो अक्टूबर से संशोधन किया गया है। जीसीएमएमएफ ने कहा, 36 लाख किसानों के स्वामित्व वाली सहकारी संस्था अमूल ने दूध उत्पादन की लागत बढ़ने के कारण मक्खन और घी की कीमतों में संशोधन किया है।



ये है नई दरें

नई दरों के अनुसार, अमूल टेबल बटर के 500 ग्राम पैक की कीमत 325 रुपए हो गई है। वहीं, अमूल घी का एक लीटर का पाउच अब 680 रुपए और अमूल काउ घी का एक लीटर का पाउच 735 रुपए में मिलेगा।

सेंसेक्स और निफ्टी में पांच दिन में जबर्दस्त उछाल

दलाल पथ पर दिवाली, 5 दिन में 20 लाख करोड़ का मुनाफा

एजेंसी ⏭ मुंबई

शेयर बाजार में दिवाली का जश्न जारी है। मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स बुधवार को लगातार पांचवें कारोबारी सत्र में 384 अंक के लाभ में रहा जबकि एनएसई निफ्टी 150 अंक चढ़ गया। पांच दिनों में निवेशकों को करीब 20 लाख करोड़ का मुनाफा हुआ है। विदेशी संस्थागत निवेशकों के पूंजी प्रवाह और कच्चे तेल के दाम में नरमी के बीच प्रमुख वित्तीय, दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों और वाहन शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी आई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 383.55 अंक यानी 0.50 प्रतिशत चढ़कर दो महीने से अधिक के उच्चतम स्तर 77,301.40 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 478.19 अंक की तेजी के साथ 77,396.04 अंक पर पहुंच गया था।



ट्रंप की हार का भी दिखा असर

अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को मध्यावधि चुनाव में बड़ा झटका लगा है। इन नतीजों का असर न केवल अमेरिका, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी देखने को मिल सकता है। खासकर ईरान के खिलाफ युद्ध को लेकर लोगों में नाराजगी थी।

पांच दिनों में 5.53 फीसदी चढ़ा सेंसेक्स

पिछले पांच कारोबारी सत्रों में सेंसेक्स 4,055.37 अंक यानी 5.53 प्रतिशत चढ़ा है, जबकि निफ्टी में 1,261.75 अंक यानी 5.55 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई है। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, टाइटन, इंटरग्लोब एविएशन, बजाज फाइनेंस, आईटीसी और अदाणी पोर्ट्स के शेयरों में सबसे अधिक तेजी रही। दूसरी तरफ, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एचसीएल टेक, इन्फोसिस और इटर्नल के शेयर में गिरावट आई।

मझोली और छोटी कंपनियों के शेयरों का बेहतर प्रदर्शन

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, दलाल पथ (बीएसई इस जगह स्थित है) पर दिवाली का जश्न जारी रहा। निवेशकों की जोखिम लेने की बढ़ती क्षमता के बीच मझोली और छोटी कंपनियों के शेयरों का बेहतर प्रदर्शन भी बना रहा। अमेरिका के मध्यावधि चुनावों के नतीजों से वैश्विक निवेश धारणा मजबूत हुई है। इससे व्यापार और आयात शुल्क नीतियों में अधिक संतुलित रुख अपनाए जाने की उम्मीद बढ़ी है।

खबर संक्षेप

रेजरपे के आईपीओ को मिली सेबी से मंजूरी



नई दिल्ली। वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी रेजरपे को 5,000-6,000 करोड़ रुपये के प्रस्तावित आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए बाजार नियामक सेबी से मंजूरी मिल गई है। कंपनी सार्वजनिक निर्गम के जरिये करीब पांच अरब डॉलर का मूल्यांकन हासिल करने का लक्ष्य रख रही है।

माइक्रोसाफ्ट के बाद अब गूगल ने दिया कर्मचारियों को नौकरी छोड़ने का ऑफर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

माइक्रोसॉफ्ट के बाद अब गूगल ने भी अपने कर्मचारियों को नौकरी छोड़ने का ऑफर दे दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक हाल ही में गूगल अपने कर्मचारियों के लिए 'बायआउट ऑफर' लेकर आया है। जिसके जरिए कर्मचारियों को नौकरी छोड़ने के लिए ऑफर किया जा रहा है। ये ऑफर कई अन्य देशों तक बढ़ाने का फैसला भी किया गया है।

कंपनी ने ये फैसला अन्य खर्चों की कटौती और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) पर भारी निवेश के मद्देनजर किया है। गूगल की मूल कंपनी अल्फाबेट ने रॉयटर्स से बातचीत कर इस खबर की पुष्टि की है। कंपनी ने बताया है कि उसने कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, जापान और स्विट्जरलैंड में काम करने वाले अपने कर्मचारियों को वॉलंटरी एग्जिट पैकेज देना शुरू कर दिया है।

गूगल अपने कर्मचारियों के लिए 'बायआउट ऑफर' लेकर आया

माइक्रोसॉफ्ट ने भी दिया ऑफर

बता दें कि पिछले हफ्ते ही एक और बड़ी टेक कंपनी माइक्रोसॉफ्ट ने भी अपने कर्मचारियों को नौकरी छोड़ने के बदले में अच्छा खासा पैकेज ऑफर किया है। कंपनी ने करीब 60,000 कर्मचारियों को 'बायआउट कॉन्ट्रैक्ट' दिए थे। जिसमें भारत के कर्मचारियों का नाम भी शामिल था। माइक्रोसॉफ्ट ने भी एआई के विस्तार के लिए ये ऑफर कर्मचारियों को दिया है।



■ कंपनी ने यह फैसला अन्य खर्चों में कटौती और एआई में भारी निवेश के मद्देनजर लिया

भारत में भी पड़ेगा असर?

हालांकि फिलहाल जिन देशों का नाम आया है, उनमें भारत के कर्मचारियों का जिक्र नहीं है। भारतीय कर्मचारियों को फिलहाल ऐसा कोई ऑफर नहीं दिया गया है, कि उन्हें नौकरी छोड़ने के बदले में कुछ पैकेज दिया जा रहा है। लेकिन हो सकता है कि आने वाले समय में कंपनी इसका विस्तार करें और भारतीय कर्मचारियों पर भी इसका असर पड़े। कंपनी ने ये कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब गूगल और अन्य बड़ी टेक कंपनियां एआई पर भारी खर्च कर रही हैं। इस वजह से वॉल स्ट्रीट चिंतित हो गया है और अल्फाबेट के शेयरों की कीमत में गिरावट आई है।

कनवा ने 22 फीसदी कर्मचारियों की छंटनी की

कनवा इंडस्ट्रीज ने मंगलवार को घोषणा की कि वह अपने परिचालन में कटौती और पुनर्गठन करेगी, जिससे 1,271 कर्मचारी प्रभावित होंगे। यह कंपनी के कुल कार्यबल का 22 प्रतिशत है। सिडनी स्थित इस डिजाइन प्लेटफॉर्म को एक दशक में पहली बार विकास में मंदी का सामना करना पड़ रहा है। मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने कंपनी की वेबसाइट पर एक नोट में बताया कि कुछ कर्मचारियों की नौकरी जाएगी, जबकि अन्य की भूमिकाएं बदली जाएंगी या उन्हें केंद्रीय कार्यालयों में स्थानांतरित किया जाएगा।

कर्मचारी तीन दिन कार्यालय में काम करेंगे

कंपनी अपने उत्पाद, वृद्धि और प्लेटफार्म विभागों को मिलाकर एक प्रोडक्ट आर्ग बनाएगी और टीमों के बीच विखंडन को कम करेगी। सिडनी को उत्पाद टीमों के लिए प्राथमिक स्थान बनाया जाएगा, जिसके लिए कुछ कर्मचारियों को स्थानांतरित होना होगा। जनवरी से, अधिकांश हाइब्रिड कर्मचारी सप्ताह में दो से तीन दिन कार्यालय में काम करेंगे।

पिछले छह माह में सोने की कीमतों में 12 फीसदी की गिरावट आई

सोने की कीमतों में गिरावट से गोल्ड ईटीएफ में निवेश बढ़ा, मांग बढ़ने की उम्मीद

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सोने की कीमतों में हालिया गिरावट के बीच निवेशकों का रुझान गोल्ड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) की ओर बढ़ा है। आंकड़ों के अनुसार, गोल्ड ईटीएफ योजनाओं के प्रबंधन के तहत कुल परिसंपत्तियां (एयूएम) अप्रैल के 1.58 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर अक्टूबर में 1.91 लाख करोड़ रुपये हो गईं। पिछले छह महीनों में सोने की कीमतों में करीब 12 प्रतिशत की गिरावट आई है। हालांकि, आने वाले महीनों में कीमतों में सुधार की उम्मीद से कीमती धातु में निवेशकों की दिलचस्पी बढ़ी है। सोने की कीमत 29 मई को 1,62,900 रुपये प्रति 10 ग्राम से घटकर 31 अक्टूबर को 1.42 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। इस तरह इसमें 20,900 रुपये यानी 12.8 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई।

■ आने वाले महीनों में कीमतों में और सुधार की उम्मीद



सीजन में सोने की मांग को समर्थन मिलने की उम्मीद

शरण ने कहा कि जारी त्योहारी और शादी-ब्याह के सीजन से भी सोने की मांग को समर्थन मिलने की उम्मीद है। विश्व स्वर्ण परिषद (डब्ल्यूजीसी) ने अपनी ताजा तिमाही रिपोर्ट में कहा है कि केंद्रीय बैंकों की लगातार खरीदारी अगले 12 महीनों में सोने की कीमतों को और समर्थन दे सकती है। पिछले 12 माह में सोने पर आधारित एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) ने 30 प्रतिशत से अधिक का लाभ दिया है।

ईटीएफ ने 30.7 फीसदी का दिया रिटर्न

आंकड़ों के अनुसार, निप्पॉन इंडिया गोल्ड ईटीएफ बीईईएस और आईसीआईसीआई गोल्ड ईटीएफ ने 30.7-30.7 प्रतिशत का रिटर्न दिया, जबकि इन्वेस्को गोल्ड ईटीएफ का रिटर्न 30.6 प्रतिशत रहा।

भौतिक सोने को लेकर चिंता बनी रहती है

भौतिक सोने के मुकाबले ईटीएफ में निवेश करने पर आभूषण बनाने का शुल्क नहीं देना पड़ता, जो आभूषणों की कीमत में करीब 15 प्रतिशत तक की वृद्धि कर सकता है। इसके अलावा, इसमें सोने की चोरी और बैंक लॉकर के किराये की चिंता भी नहीं रहती, क्योंकि इसकी यूनिट डीमैट खाते में रखी जाती हैं। निवेशक बाजार के कारोबारी समय के दौरान एनएसई और बीएसई पर लाइव कीमतों के आधार पर ईटीएफ यूनिट खरीद और बेच सकते हैं।

ईटीएफ में निवेश छोटी रकम से भी

भौतिक सोना बेचते समय लगने वाली कटौती और शुद्धता की जांच के शुल्क से भी बचा जा सकता है। गोल्ड ईटीएफ के जरिये निवेशक छोटी रकम से भी सोने में निवेश कर सकते हैं। इसमें व्यवस्थित निवेश योजना (एसआईपी) का विकल्प भी उपलब्ध है।



केकेआर को मिली जेंटारी में हिस्सेदारी खरीदने की मंजूरी

नई दिल्ली। वैश्विक निवेश कंपनी केकेआर को प्रतिस्पर्धा नियामक भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) से मलेशिया की ऊर्जा क्षेत्र की कंपनी पेट्रोनास के स्वच्छ ऊर्जा मंच जेंटारी रिन्यूएबल्स इंडिया में हिस्सेदारी खरीदने की मंजूरी मिल गई है। केकेआर अपनी सहयोगी कंपनी सैफायर यूएस होल्डको (यूएसए) एलएलसी के जरिये यह निवेश कर रही है। यह कंपनी जेंटारी रिन्यूएबल्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की कुछ प्रतिभूतियों की सदस्यता लेगी।

शादी के 16 साल बाद जुड़वा बेटों के माता-पिता बने अनूपपुर के दंपती

बिलासपुर। संतान सुख की चाह में वर्षों तक इंतजार करने वाले दंपत्तियों के लिए एक सुखद खबर सामने आई है। मध्यप्रदेश के अनूपपुर निवासी एक दंपती शादी के 16 साल बाद जुड़वा बेटों के माता-पिता बने हैं। लंबे समय से संतान प्राप्ति की उम्मीद लगाए बैठे इस दंपती के घर एक साथ दो बेटों के आगमन से खुशियों का माहौल है। माखीजा टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर में आधुनिक आईवीएफ तकनीक एवं विशेषज्ञ चिकित्सकीय देखरेख से यह सफलता प्राप्त हुई।

दंपती पिछले 16 वर्षों से संतान प्राप्ति के लिए प्रयासरत थे। इस दौरान उन्होंने कई चुनौतियों और निराशाओं का सामना किया, लेकिन माता-पिता बनने की उम्मीद नहीं छोड़ी। अंततः उन्होंने माखीजा टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर में विशेषज्ञ परामर्श लेकर उपचार शुरू कराया। उपचार सफल रहा और दंपती ने दो स्वस्थ जुड़वा बेटों का स्वागत किया। स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ तथा आईवीएफ विशेषज्ञ डॉ. प्रतिभा माखीजा ने बताया कि आज के समय में निःसंतानता का उपचार



आधुनिक चिकित्सा तकनीकों से संभव हो रहा है। आईवीएफ, आईसीएसआई और अन्य सहायक प्रजनन तकनीकों के माध्यम से उन दंपत्तियों को भी संतान सुख की उम्मीद मिल रही है, जो लंबे समय से संतान प्राप्ति के लिए प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि शादी के कई वर्षों बाद भी यदि संतान प्राप्ति नहीं हो रही है, तो निराश होने के बजाय समय पर विशेषज्ञ से परामर्श लेना चाहिए। पुरुष एवं महिला दोनों की जांच आवश्यक है। माखीजा टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर में उपचार की आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। यह सफलता उन सभी दंपत्तियों के लिए उम्मीद की नई किरण है, जो लंबे समय से माता-पिता बनने का सपना देख रहे हैं।

एमके सन्स फाइन मामूली बढ़त के साथ सूचीबद्ध

नई दिल्ली। एमके सन्स फाइन ज्वेल्स लिमिटेड का शेयर बुधवार को बाजार में सूचीबद्ध होने के बाद निर्गम मूल्य से मामूली बढ़त के साथ बंद हुआ। बीएसई पर शेयर 171.60 रुपये प्रति शेयर पर सूचीबद्ध हुआ, जो 162 रुपये के निर्गम मूल्य से 5.92 प्रतिशत की बढ़त दर्शाता है। कारोबार के दौरान यह 7.96 प्रतिशत चढ़कर 174.90 रुपये के उच्च स्तर पर पहुंचा। हालांकि, शेयर अपनी शुरुआती तेजी बरकरार नहीं रख सका और 162.20 रुपये पर बंद हुआ। यह निर्गम मूल्य से मामूली 0.12 प्रतिशत की बढ़त है। एनएसई पर शेयर ने 171 रुपये पर कारोबार की शुरुआत की, जो निर्गम मूल्य से 5.55 प्रतिशत अधिक था।



■ निवेश मासिक आधार पर घटकर 59 .25 करोड़ डॉलर, पिछले 12 महीने का सबसे निचला स्तर

अक्टूबर में भारतीय प्रौद्योगिकी कंपनियों में निवेश 24% घटा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय प्रौद्योगिकी कंपनियों में अक्टूबर के दौरान निवेश मासिक आधार पर 24.3 प्रतिशत घटकर 59.25 करोड़ डॉलर रह गया, जो पिछले 12 महीनों का सबसे निचला स्तर है। बुधवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। 'ट्रैक्सन' की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक, सितंबर में भारतीय प्रौद्योगिकी कंपनियों ने 78.28 करोड़ डॉलर जुटाए थे। हालांकि, अक्टूबर में निवेश सौदों की संख्या बढ़कर 104 हो गई, जो सितंबर में 81 थी। लेकिन इस दौरान बाद के चरण (लेट-स्टेज) में मिलने वाला निवेश 72 प्रतिशत घट गया। सालाना आधार पर भी अक्टूबर में निवेश 56 प्रतिशत कम रहा अक्टूबर, 2025 में प्रौद्योगिकी कंपनियों ने 135 करोड़ डॉलर जुटाए थे और निवेश के 180 सौदे हुए थे। आंकड़ों के मुताबिक, लेट-स्टेज कंपनियों में निवेश सितंबर के 53.98 करोड़ डॉलर से घटकर अक्टूबर में 15.3 करोड़ डॉलर रह गया।



12 प्रौद्योगिकी कंपनियां हुईं सूचीबद्ध : वाहन कलपुर्जा और सर्विस क्षेत्र के मंच माईटीवीएस ने 4.41 करोड़ डॉलर, खेल एवं फिटनेस ब्रांड बोल्डफिट ने 4.15 करोड़ डॉलर, स्वास्थ्य सेवा कंपनी बाबा ने चार करोड़ डॉलर और इलेक्ट्रिक परिवहन समाधान प्रदाता ग्रीनसेल मोबिलिटी ने 3.45 करोड़ डॉलर जुटाए। अक्टूबर में 12 प्रौद्योगिकी कंपनियां शेयर बाजार में सूचीबद्ध हुईं।

सन्मार्ग ने किया तहलका डॉट कॉम का अधिग्रहण

कोलकाता। मीडिया समूह सन्मार्ग प्राइवेट लिमिटेड ने तहलका.कॉम प्राइवेट लिमिटेड की 100 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण कर लिया है। इसके साथ ही समूह ने पत्रिका क्षेत्र में कदम रखा है और डिजिटल मीडिया जगत में अपनी मौजूदगी मजबूत की है। खोजी पत्रकारिता के लिए पहचाने जाने वाले प्रकाशन में और निवेश करने की योजना बना रहा है। इस पुनरुद्धार के तहत समूह तहलका को पाक्षिक से साप्ताहिक पत्रिका में बदलने की योजना बना रहा है।

रिवोल्ट मोटर्स बिहार पुलिस को 1100 ई- बाइक की करेगी आपूर्ति



मुंबई। इलेक्ट्रिक दोपहिया विनिर्माता रिवोल्ट मोटर्स ने बुधवार को कहा कि उसे बिहार पुलिस से अपनी कम्यूटर इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल 'ब्लेजएक्स' की 1,100 इकाइयों की आपूर्ति का ऑर्डर मिला है। रतनइंडिया एंटरप्राइजेज के पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी ने बयान में कहा कि बाइक की आपूर्ति अगले साल जनवरी तक की जाएगी। हालांकि, कंपनी इस महीने ही ऑर्डर पूरा करने का प्रयास कर रही है। रिवोल्ट मोटर्स के अनुसार, ब्लेजएक्स एक बार चार्ज करने पर 150 किलोमीटर तक चल सकती है। इसकी बैटरी निकाली भी जा सकती है, जिससे चार्जिंग में सुविधा मिलती है।

राशिफल

मेष — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। कारोबार के विस्तार में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। स्वास्थ्य को लेकर परेशानी बनी रहेंगी।

वृष — मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। नौकरी के परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। आय में वृद्धि मिलेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

मिथुन — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। सुखद समाचार की प्राप्ति होगी।

कर्क — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु अति उत्साही होने से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती है। संतान को कष्ट होगा।

सिंह — व्यर्थ के क्रोध से बचें। सम्पति में वृद्धि हो सकती है। माता का साथ मिलेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अज्ञात भय से परेशान रहेंगे।

कन्या — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे।

तुला — मन में आशा-निराशा के भाव हो सकते हैं। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

वृश्चिक — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। यात्रा सुखद रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। सेहत का का ध्यान रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।

धनु — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। किसी विशेष कार्य के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। व्यर्थ की चिंता रहेंगी।

मकर — क्रोध से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। आय में वृद्धि होगी। किसी सम्पत्ति से भी धन मिल सकता है। मित्रों से भेंट हो सकती है।

कुंभ — रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा। परिवार का साथ मिलेगा। परिवार की किसी महिला से धन की प्राप्ति होगी।

मीन — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च अधिक रहेंगे। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

बीएचईएल को अदाणी पावर से 28,000 करोड़ के ठेके मिले...



नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी बीएचईएल को अदाणी पावर से 28,000 करोड़ रुपये तक की चार परियोजनाओं के ठेके मिले हैं। बीएचईएल ने बुधवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि नए ठेकों में उपकरणों (बॉयलर, टर्बाइन और जनरेटर के साथ सहायक उपकरणों) की आपूर्ति तथा संबंधित परियोजनाओं के लिए समझौते के तहत सहमत सेवाएं शामिल हैं। कंपनी ने कहा, "उसे अदाणी पावर लिमिटेड से 2x800 मेगावाट की चार परियोजनाओं के ठेके मिले हैं।" ठेके के आकार के बारे में बीएचईएल ने कहा कि प्रत्येक परियोजना का मूल्य जीएसटी (माल एवं सेवा कर) को छोड़कर 5,000-7,000 करोड़ रुपये है।

चीनी के दाम एक महीने में चार रुपए प्रति किलो बढ़े

नई दिल्ली। त्योहारों के दौरान आपूर्ति की कमी दूर करने के लिए सरकार के प्रयासों के बावजूद खुदरा एवं थोक बाजारों में चीनी की कीमतें पिछले एक महीने में चार रुपये प्रति किलोग्राम से अधिक बढ़ गई हैं।

उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, चीनी का औसत दैनिक खुदरा और थोक मूल्य क्रमशः 59.50 रुपये प्रति किलोग्राम और 55.40 रुपये प्रति किलोग्राम रहा। सालाना आधार पर कीमतें 12-13 रुपये प्रति किलोग्राम बढ़ी हैं। एक साल पहले खुदरा बाजार में चीनी का भाव 46.50 रुपये प्रति किलोग्राम और थोक बाजार में 43.23 रुपये प्रति किलोग्राम था। खुदरा चीनी का भाव सबसे अधिक 65 रुपये प्रति किलोग्राम रहा, जबकि एक साल पहले यह 50 रुपये था। इसके बाद दिल्ली में कीमत 64 रुपये प्रति किलोग्राम (एक साल पहले 46 रुपये) और मुंबई में 61 रुपये प्रति किलोग्राम (एक साल पहले 45 रुपये) रही। कीमतें ऊंची रहने की मुख्य वजह 2025-26 में चीनी का उत्पादन पहले के अनुमान से कम रहना है। त्योहारी मांग, फसल को नुकसान, वैश्विक स्तर पर आपूर्ति में कमी और जमाखोरी ने भी कीमतों पर दबाव बढ़ाया है। सरकार ने भंडार सीमा तय करने, आयात, करीबी निगरानी और गन्ने की पेराई पहले शुरू कराने जैसे कदम उठाए हैं। राष्ट्रीय सहकारी चीनी कारखाना महासंघ लिमिटेड (एनएफसीएसएफ) ने सोमवार को कहा था कि भारत ने 2026-27 के चीनी सत्र (अक्टूबर-सितंबर) के पहले महीने में 8.45 लाख टन चीनी का उत्पादन किया।



■ खुदरा कीमत 59 .50 रुपए
■ त्योहारों के दौरान आपूर्ति की कमी दूर करने सरकारी प्रयास

चीनी की घरेलू आपूर्ति बढ़ी है

पेराई सत्र आठ अक्टूबर को शुरू हुआ था और 30 अक्टूबर तक 152 मिलों ने चीनी का उत्पादन किया था। इससे जारी त्योहारों के दौरान घरेलू आपूर्ति बढ़ी है।

शब्द पहेली - 6399



बाएँ से दाएँ
1.नेमत,वर,ईष्टकृपा -4
3.उद्देश्य,ध्येय-4
8.सयाना,चतुर-4,3
10.मनुष्य-3
11.मोल,दाम-3
13.बैठने का स्थान-3
15.दौड़ना (अंग्रेजी-2)
17.पराजित-2
18.वध,कत्ल-2
19.काव्यकार,शायर-2
21.राशिचक्र की दसवीं राशि-3
25.आक्रमण,प्रहार-3
26.पालतू जानवर-3
27.ईश्वर,भगवान-7
30.ईश्वरीय कृपा-4
31.भयभीत होना, डरना-4

ऊपर से नीचे
2.असुर,दैत्य-3
4.गागर,घड़ा-3
5.मन की करना-4
6.प्रार्थना,ईश वंदना-4
7.चरित्र,ईमान-3
8.कार्यविधि-3
9.रेखा,लाईन-3
12.माला का मोती-3
13.राहत,विश्राम-3
14.कैनाल,उपनदी-3
16.नगद राशि-3
20.रुदन -3
22.पक्षियों का शोर-4
23.मध्यांग, कटि-3
24.12 राशियों का समूह-4
25.महल,बड़ा भवन-3
28.सांभर जैसा खाद्य पदार्थ-3
29.अदृश्य, जो दिखाई न दे-3

शब्द पहेली- 6398 का हल

स	ज	दा	क	र	ना	■	म	त	या	ला
ह	रा	■	त	■	का	म	ना	■	दा	वा
न	■	बे	र	ह	म	■	ना	रा	■	रि
शी	ल	वा	न	■	या	द	■	नी	र	स
ल	■	प	■	ख	ब	र	ची	■	न	■
ता	र	न	हा	र	■	का	न	भ	र	ना
■	म	■	र	ह	ब	र	■	यं	■	प
प्र	ण	य	■	रा	हु	■	ब	क	वा	स
ति	■	दा	स	■	बे	क	रा	र	■	ल्द
का	न	■	चि	रा	ग	■	म	■	क	हो
र	म	जा	न	■	म	द	द	क	र	ना

सूडोकु नवताल - 6409

कठिनतम

		4			9			
	2			8	4			
8						3		
							9	4
	3						7	
5	6							
		7						9
			2	5			8	
			6			2		

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल - 6408 का हल

5	9	1	2	8	4	3	6	7
6	4	2	3	5	7	9	1	8
8	3	7	9	6	1	4	2	5
4	7	5	8	2	6	1	9	3
3	6	9	7	1	5	8	4	2
1	2	8	4	3	9	7	5	6
7	5	6	1	9	8	2	3	4
9	8	3	5	4	2	6	7	1
2	1	4	6	7	3	5	8	9

भाजपा किसान मोर्चा 27 हजार बूथों पर बनाएगा 'किसान मितान'

हरिभूमि न्यूज: रायपुर

भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा प्रदेश के 27 हजार बूथों पर 'किसान मितान' का गठन करेगा। इस अभियान के तहत प्रत्येक बूथ पर किसान मितान तैयार कर किसानों को संगठन और केंद्र एवं राज्य सरकार की कृषि योजनाओं से सीधे जोड़ने की पहल की जाएगी। इसे लेकर 5 नवंबर को राजधानी रायपुर स्थित कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में राज्यस्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

कार्यक्रम की तैयारियों के सिलसिले में भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक सिंह ठाकुर के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने कृषि मंत्री रामविचार नेताम से सौजन्य मुलाकात की और उन्हें कार्यक्रम का औपचारिक आमंत्रण सौंपा। कार्यक्रम में भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद बंसीलाल गुर्जर, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव प्रमुख रूप से शामिल होंगे।

मुख्यमंत्री और किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बंसीलाल गुर्जर होंगे शामिल

संगठन और सरकारी योजनाओं से जोड़ने की पहल

किसान मोर्चा का उद्देश्य प्रदेश के सभी 27 हजार बूथों पर किसान मितान तैयार कर किसानों के साथ सीधा संपर्क स्थापित करना है। इसके माध्यम से किसानों को सरकारी योजनाओं की जानकारी देने, उनकी समस्याओं को संगठन तक पहुंचाने और कृषि से जुड़े मुद्दों पर संवाद स्थापित करने का काम किया जाएगा।

जनगणना और परीक्षाओं के बीच नियम ताक पर रखकर बेची जा रही पोस्टिंग

रायपुर। प्रदेश कांग्रेस संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर तबादलों में मनमानी और कथित वसूली का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा, जनगणना और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) जैसी महत्वपूर्ण प्रक्रियाओं के बीच तबादला उद्योग खुलेआम चल रहा है। सरकार ने प्रशासनिक तबादलों को कमाई का जरिया बना दिया है। सबसे खराब स्थिति शिक्षा विभाग की है, जहां अर्धवार्षिक परीक्षाओं के बीच शिक्षकों और कर्मचारियों की पोस्टिंग में कथित तौर पर मोटी रकम का लेनदेन हो रहा है। उन्होंने कहा, भारत सरकार और चुनाव आयोग के निर्देशों के अनुसार जनगणना एवं एसआईआर में ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों-कर्मचारियों के तबादलों पर प्रतिबंध है। इसके बावजूद प्रदेश में नियमों को ताक पर रखकर तबादले किए जा रहे हैं।

हड़ताली पटवारियों को अंतिम चेतावनी, काम पर नहीं लौटे तो की जाएगी एकतरफा कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज: रायपुर

छत्तीसगढ़ के कई जिलों में अपनी विभिन्न मांगों को लेकर 13 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर गए पटवारियों के खिलाफ जिला प्रशासन ने सख्त रुख अख्तियार कर लिया है। प्रशासन ने हड़ताली पटवारियों को अंतिम चेतावनी देते हुए 48 घंटे की चेतावनी देते हुए तत्काल काम पर लौटने का फरमान जारी किया है और सभी को कारण बताओ नोटिस थमाया गया है।

- कई जिलों में जिला प्रशासन ने दिया 48 घंटे का अल्टीमेटम

बिलासपुर, सरगुजा, सूरजपुर, जशपुर, बलरामपुर, कोरिया और एमसीबी, धमतरी और बालोद जिले के एसडीएम ने अपने-अपने क्षेत्र के सभी आंदोलनकारी पटवारियों को नोटिस जारी कर 48 घंटे के भीतर कार्यभार संभालने के सख्त निर्देश दिए हैं। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि यदि निर्धारित समय सीमा के भीतर पटवारी अपने हल्का मुख्यालय में उपस्थित होकर कार्यभार ग्रहण नहीं करते हैं, तो उनके खिलाफ एकपक्षीय अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि बिना अनुमति हड़ताल पर जाने को सिविल सेवा आचरण नियम 1965 का उल्लंघन माना गया है और अनुपस्थिति की अवधि को सेवा में व्यवधान यानी ब्रेक इन सर्विस घोषित करने की चेतावनी दी गई है। पटवारियों के सामूहिक रूप से काम बंद कर देने के कारण जिले का पूरा राजस्व अमला पूरी तरह ठप हो चुका है। आगामी धान खरीदी से ठीक पहले होने वाला किसान पंजीयन, एग्रीस्टैक प्रमाणीकरण, डिजिटल फसल सर्वे और गिरदावरी का कार्य बुरी तरह प्रभावित हुआ है। साथ ही चक्रवाती तूफान से नष्ट हुई फसलों के नुकसान का आकलन भी खटाई में पड़ गया है, जिससे प्रभावित किसानों को समय पर मुआवजा मिलने में भारी अड़चन आ रही है। तहसील कार्यालयों में नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन और धान खरीदी की तैयारियां, जाति, आय व निवास प्रमाणपत्र के कार्य न होने से आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।



माता-पिता के अधिकार से ज्यादा बच्चे का हित जरूरी, दूसरी शादी कर चुके शिक्षक को नहीं मिली कस्टडी- हाईकोर्ट

बिलासपुर। हाईकोर्ट ने बच्चे की कस्टडी को लेकर अहम फैसला सुनाया है। कोर्ट ने कहा है कि केवल शिक्षक होना और बेहतर शिक्षा देने की क्षमता रखना बच्चे की कस्टडी का आधार नहीं हो सकता। मां के साथ रह रहे बच्चे की देखभाल और पढ़ाई में कोई लापरवाही साबित नहीं होने पर उसे मौजूदा माहौल से हटाना उचित नहीं होगा। कोर्ट ने कहा कि बच्चे की कस्टडी का फैसला करते समय अदालतें माता-पिता के अधिकार से ज्यादा बच्चे के हित को महत्व देती है। गार्डियंस एंड वार्ड्स एक्ट, 1890 की धारा 17 के अनुसार बच्चे की उम्र, शिक्षा, देखभाल और भलाई को ध्यान में रखकर कस्टडी तय की जाती है। वहीं हिंदू माइनॉरिटी एंड गार्जियनशिप एक्ट, 1956 की धारा 13 में भी बच्चे का कल्याण सर्वोपरि माना गया है।



मामला बलौदाबाजार जिले का है। दंपती की शादी 28 अप्रैल 2015 को हुई थी। उनका एक बेटा है। इस दौरान पति-पत्नी में झगड़ा शुरू हुआ तो पति ने तलाक ले लिया। इसके बाद से बेटा मां के साथ रहने लगा। जिसके बाद पिता ने फैमिली कोर्ट में आवेदन देकर बेटे की कस्टडी मांगी थी। इसमें कहा गया कि शिक्षक हैं और संयुक्त परिवार में रहते हैं। परिवार के अन्य सदस्य भी बच्चे की देखभाल कर सकते हैं। वे बेटे को अंग्रेजी माध्यम स्कूल में बेहतर शिक्षा देना चाहते हैं। दूसरी तरफ मां ने बताया कि वह बेटे की पढ़ाई और परवरिश ठीक तरह से कर रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पिता बेटे के जन्म के बाद से उसे देखने या अपने साथ ले जाने नहीं आए और भरण-पोषण की राशि भी नहीं दे रहे हैं। भरण पोषण की राशि देने से बचने के लिए बेटे की कस्टडी मांगी जा रही है। हाईकोर्ट ने पाया कि मां ने कक्षा दूसरी में पढ़ रहे बेटे की पढ़ाई से संबंधित फीस की रसीदें पेश की थीं। इससे स्पष्ट हुआ कि बच्चा अच्छे स्कूल में पढ़ रहा है। पिता ने अपनी दूसरी शादी की बात भी क्रॉस एग्जामिनेशन में स्वीकार की थी। हाईकोर्ट ने फैसले में कहा कि बच्चे की कस्टडी तय करने में माता-पिता के अधिकारों से ज्यादा बच्चे का कल्याण महत्वपूर्ण है। जब बच्चे की शिक्षा और देखभाल ठीक से हो रही है, तो केवल पिता की आर्थिक या शैक्षणिक क्षमता के आधार पर कस्टडी नहीं बदली जा सकती। हाईकोर्ट ने पिता को बेटे से मिलने का अधिकार दिया है। वे त्योहारों, बेटे के जन्मदिन और स्कूल की लंबी छुट्टियों के दौरान मिल सकेंगे। इसके लिए पिता को पहले मां को सूचना देनी होगी और मुलाकात के समय व स्थान पर सहमति लेनी होगी। मुलाकात सार्वजनिक स्थान पर होगी। हाईकोर्ट ने मां से भी कहा है कि वे बच्चे के हित को ध्यान में रखते हुए मुलाकात के अनुरोध पर सकारात्मक रूप से विचार करें। कोई निश्चित दिन या समय तय नहीं किया गया।





Terms and Conditions applied. *Approval of the loan is at the sole discretion of the financiers, and additional documentation may be required. *The interest rates, loan amount, down payment, tenure options, and EMI are based on the financier's assessment of the applicant's credit profile. *Some of the mentioned components of the scheme cannot be clubbed together. *The offers/features may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. *Offer valid until 30th Nov 2026. #Up to 10% Instant Cashback (₹2000 - ₹10000) is available on all HMSI models for EMI transactions made using IDFC Bank Credit Cards (Tenure 6 months to 24 months). #The offer is valid on credit card transactions processed through Pine Labs machines only and is applicable for one transaction per card/order during the offer period. #The Instant Cashback offer is valid until 30th Nov 2026. Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of standard equipment.

Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office: Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) – 122052, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

Honda Exclusive Authorized Dealerships: BILASPUR: Dream Honda - 9926802408; Maosaji Honda - 7024149881; **AKALTARA:** Bhagwati Honda - 9827527016; **AMBIKAPUR:** Mahamaya Honda - 7489027000; Jaswani Honda - 8358065000; **BAIKUNTHPUR:** Pramila Honda - 7000405012; **BARADWAR:** Ganpati Honda - 7974875687; **BILHA:** Sai Honda - 9179256022: **KAWARDHA:** Pratha Honda - 7400550099; **DHARAMJAIGARH:** Harsh Honda - 9424180180; **JANJGIR CHAMPA:** Gattani Honda - 7694011206; Shubh Honda (Baloda) - 8574921111; **JASHPUR:** Deo Narayan Honda - 9425251702; **KHARSIA:** Balaji Honda - 8269515770; **KORBA:** Vishal Honda - 9479025937; **PALI:** Jai Mahamaya Honda - 7828132008; **KATHGORA:** Mahadev Honda - 7709859173; Krishna Korba Honda - 7747015377; JP Honda (Hardi Bazar) - 9826129114; Bharat Honda (Gevra Basti) - 09301001739; **KOTA:** Prakash Honda - 9826417995; **KUNKURI:** Mansharam Honda - 8103798783; **LAILUNGA:** Atul Honda - 9424188280; **LORMI:** Mansi Honda - 9685010000; **MANENDRAGARH:** Harsh Honda - 9993883343; **MASTURI:** Rahul Honda - 9098619245; **PALI:** Mahamaya Honda - 8770804342; **PAMGARH:** Gautam Honda - 8962109746; **PANDARIYA:** Shri Balaji Honda - 9577550099; **PENDRA ROAD:** Dev Honda - 9752998221; **RAHOD:** Shri Balaji Honda - 9977311242; **RAIGARH:** Sharda Honda - 8103664400; Shanti Auto Honda - 9343609280; **RAJPUR:** Maa Mahamaya Honda - 9424259688; **RAMANUJGANJ:** Vikas Honda - 9926158656; **RATANPUR:** Sunil Honda - 9893354893; **SAKTI:** Maa Durga Honda - 9685927215; **SARAIPALI:** Pukhraj Honda - 8889798000; **SARANGARH:** Shanti Honda- 9201826679; **SARSIVA:** Kanisk Honda - 9575533947; **SHEORINARAYAN:** Arav Honda - 9713022700; **SITAPUR:** Akash Honda - 9617378301; **PRATAPUR:** Shri Banbhori Honda - 8120806101; **SURAJPUR:** Maa Mahamaya Honda - 8223999666; **TAKHATPUR:** Dream Honda - 9303005917; **TAPKARA:** Jindal Honda - 9406384666; **WADRUFNAGAR:** KP Auto - 9826881578; **BILASPUR SAKRI:** Dream Honda Branch - 9516661444; **BILASPUR DAYALBANDH:** Maosaji Honda Branch - 9109690484; **GAURELLA:** Shyam Honda - 7024806222; **AHIWARA:** Kabiram Honda - 8319225193; Shree Sairam Honda (Risali) - 8823050333; **DANTEWADA:** Ansh Honda - 7000396031; **NEHRU NAGAR:** Aan Honda - 8518020999; **MUNGELI:** S. Mansi Honda - 9131402454; **BATAULI:** Ankan Honda - 9203617070: **CHOWKI:** Manraj Honda - 9424153947.

For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda.hmsi.in

देश की सर्वोच्च अदालत ने अपनाया सख्त रुख

चुनाव आयुक्तों को आजीवन इम्युनिटी केंद्र व चुनाव आयोग को सुप्रीम नोटिस

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों को उनके कार्यकाल के दौरान किए गए किसी भी काम के लिए दी गई 'आजीवन कानूनी सुरक्षा' के मामले में देश की सर्वोच्च अदालत ने सख्त रुख अपनाया है। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को एक याचिका पर सुनवाई करते हुए केंद्र सरकार और भारतीय निर्वाचन आयोग (ईसीआई) को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है।यह याचिका मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त (नियुक्ति, सेवा शर्तें और कार्यकाल) अधिनियम, 2023 की धारा 16 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देती है। यह धारा चुनाव आयुक्तों को किसी भी दीवानी या आपराधिक मुकदमे से पूरी तरह कानूनी ढाल प्रदान करती है। भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्या कांत, जस्टिस जयमाल्य बागची और जस्टिस वी. मोहना की बेंच ने सामाजिक कार्यकर्ता और वकील अरुण कुमार अग्रवाल की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह नोटिस जारी किया। याचिकाकर्ता की ओर से वकील नेहा राठी कोर्ट में पेश हुईं। याचिका में कहा गया है कि राष्ट्रपति या अन्य संवैधानिक पदों पर बैठे अधिकारियों को भी जो सुरक्षा मिलती है, वह सिर्फ 'सद्भावना पूर्वक किए गए कामों' तक सीमित होती है। लेकिन धारा 16 के तहत चुनाव आयुक्तों को बिना किसी अपवाद के 'ब्लैंकेट इम्युनिटी' दे दी गई है, जो असंवैधानिक और अनुचित है। इस कानून के कारण अगर किसी मतदाता का नाम दुर्भावनापूर्ण तरीके से लिस्ट से हटा दिया जाए, किसी उम्मीदवार के साथ भेदभाव हो या चुनाव आयोग के कामकाज में भ्रष्टाचार की शिकायत हो, तो देश के नागरिक के पास अदालत जाने का कोई रास्ता ही नहीं बचता।

'145 सांसदों के निलंबन के दौरान चुपचाप पास हुआ संशोधन'

याचिकाकर्ता ने अदालत के सामने 2023 के कानून को पारित किए जाने की प्रक्रिया पर भी सवाल उठाए हैं। जब 2023 का विधेयक मूल रूप से तैयार किया गया था, तब इसमें चुनाव आयुक्तों को इस तरह की पूर्ण कानूनी छूट देने का कोई प्रावधान शामिल नहीं था। बाद में एक संशोधन के जरिए इसे जोड़ा गया, लेकिन इसके पीछे का कोई कारण स्पष्ट नहीं किया गया।



लोकतंत्र में धरना-भूख हड़ताल की जगह नहीं केरल हाईकोर्ट

तिरुवनंतपुरम। केरल हाईकोर्ट ने कहा है कि धरना, भूख हड़ताल और सत्याग्रह जैसी गतिविधियों की संवैधानिक लोकतंत्र में जगह नहीं है। कोर्ट ने कहा- शिक्षण संस्थान पढ़ाई के लिए हैं, राजनीति के लिए नहीं। ऐसी गतिविधियों में शामिल छात्रों को संस्थान से निष्कासित किया जा सकता है। कोर्ट ने यह टिप्पणी कालडी स्थित श्री शंकराचार्य संस्कृत यूनिवर्सिटी के 16 निलंबित छात्रों के मामले में की। हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने सिंगल जज के उस अंतरिम आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें छात्रों को 4 नवंबर से शुरू होने वाली सेमेस्टर परीक्षाओं में बैठने की इजाजत दी गई थी। हाईकोर्ट से राहत नहीं मिलने के बाद अब 16 छात्रों ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) से जुड़े इन छात्रों ने परीक्षा में बैठने की इजाजत देने की मांग की है। उनका कहना है कि इससे उनका पूरा सेमेस्टर बर्बाद हो सकता है। यूनिवर्सिटी में 13 अगस्त को सिंडिकेट की बैठक के दौरान SFI से जुड़े छात्रों ने प्रदर्शन किया था।

कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास) जिला-मुंगेली (छ.ग.)
न्यू कलेक्टोरेट भवन, कक्ष क्र. 221/226
फोन नं.-07755-264122, ईमेल-actdmungeli@gmail.com

संक्षिप्त निविदा निरस्तीकरण सूचना

क्रमांक / आ.वि./निर्माण/2026-27/3476
मुंगेली, दिनांक 03/11/2026

कार्यालयीन संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना पत्र क्र./आ.वि.निर्माण/3313/मुंगेली, दिनांक 22.10.2026 के माध्यम से प्रकाशित संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना क्र-262704337/4 को अपरिहार्य कारणों से एतद् द्वारा निरस्त किया जाता हैं।

सहायक आयुक्त
आदिवासी विकास, मुंगेली

जी. 262704404/3

कार्यालय नगर पंचायत मल्हार, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)
फोन नं. 07752-273990 - E-mail: cmo_malhar@rediffmail.com

क्र./1698/ई-निविदा/न.पं./2026-27 मल्हार, दिनांक 04/11/2026

प्रथम ऑनलाईन निविदा सूचना

नगर पंचायत मल्हार में सक्षम श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनालईन निविदा (ई-टेडर) हेतु लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के यू एसओआर दिनांक 01.06.2020, जल संसाधन विभाग के एसओआर 01.08.2022, लोक निर्माण विभाग के एसओर (भवन व सड़क निर्माण कार्य) दिनांक 01.01.2015 तथा लोक निर्माण विभाग के एसओआर (विद्युत और यांत्रिकी) दिनांक 01.06.2020 (लमसम दर) अन्तर्गत ई-निविदा आमंत्रित की जाती है :-

सिस्टम टेण्डर नम्बर	कार्य का विवरण	ई-निविदा प्रारंभ की तिथि	ई-निविदा की अंतिम तिथि	निविदा दस्तावेज प्राप्त एवं परीक्षण तिथि	ई-निविदा खोलने की तिथि
203448	Design, Construction, Testing, Commissioning of All The Components of Interception and Diversion Based Sewage Treatment Plant (STP) Work Including 05 Years of Operation and Maintenance of The Entire System in Nagar Panchayat, MALHAR under SBM 2.0 (RS273.56 Lac) (Lumpsum Rate) (1st call)	04.11.2026 17:30	26.11.2026 17:30	30.11.2026 17:30	01.12.2026 17:30

टीप :- (1) यह जानकारी www.cg.uad.gov.in एवं https://eproc.cgstate.gov.in में देखी जा सकती हैं। (2) ऐसे निविदाकार जिनके पास STP/WTP कार्य एवं निविदा (Notice Inviting Tender) में निर्धारित पात्रता को पूर्ण करते है, निविदा में भाग लेने हेतु पात्र होंगे।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत मल्हार

**कार्यालय कलेक्टर
जिला रायगढ़ एवं पदेन उप सचिव
छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग**

अधिसूचना

प्र.क्रमांक- 20264042100133/अ-82/2025-26, रायगढ़, दिनांक- /09/2026

चूँकि राज्य शासन को यह समाधान हो गया है कि नीचे दी गई अनुसूची (1) में वर्णित भूमि की रायगढ़-कोतरा-नंदेली फोरलेन चौड़ीकरण हेतु आवश्यकता है। अत: भूमि अर्जन, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम 2013 (जिसे एतद् पश्चात अधिनियम 2013 कहा जावेगा) की धारा-19 के तहत यह घोषित किया जाता है, कि इसका उक्त भूमि का उक्त प्रयोजन के लिये आवश्यकता है:-

अनुसूची 1. भूमि का वर्णन:-
1. जिला :- रायगढ़ 2. तहसील:- रायगढ़
3. ग्राम:- धनागर 4. भूमि का क्षेत्रफल:-0.201 हेक्टे

ख.नं.	रकबा	ख.नं.	रकबा	ख.नं.	रकबा
445	0.003	446/2	0.004	446/3	0.006
391/2	0.008	391/6	0.010	547/2	0.004
547/4	0.008	547/3	0.004	547/1	0.004
402	0.006	560/2	0.006	548/3	0.002
548/4	0.002	548/2	0.002	548/5	0.002
548/1	0.002	561	0.004	554	0.003
553/1	0.003	555	0.001	556/1	0.001
556/2	0.001	558/2/1	0.001	558/1	0.001
558/2/2	0.001	562	0.004	563/1	0.001
563/2	0.001	563/3	0.001	65/2	0.003
565/5	0.003	566/1	0.002	566/2	0.002
567/1	0.002	567/3	0.004	567/4	0.005
567/2	0.008	568	0.005	571/1	0.002
571/2ख	0.001	576/1	0.001	576/2	0.001
577	0.001	578	0.002	594/5	0.001
594/1	0.001	594/3	0.001	594/6	0.001
594/2	0.002	590/9	0.002	590/4	0.003
590/2	0.003	590/5	0.001	590/6	0.001
589/5	0.002	589/1	0.005	589/4	0.005
589/2ख	0.005	586/1	0.001	586/5	0.002
585/3क	0.001	586/3	0.002	586/2	0.003
585/3ख	0.003	585/1	0.003	582/1	0.002
580/2	0.002	580/4	0.001	579/5	0.004
582/2	0.002	581/4	0.001	581/2	0.001
581/3	0.001	585/1क	0.001		
कुल भूमि खसरा नं. 74 कुल रकबा 0.201 हे.					

6. भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी (रा.) रायगढ़ के कार्यालय में किया जा सकता है।7. उक्त भूमि अर्जन में किसी भी व्यक्ति का विस्थापन निहित नही है। पुनर्वास योजना का अवलोकन प्रशासक / अनुविभागीय अधिकारी (रा.) रायगढ़ के कार्यालय में किया जा सकता है।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
एवं भू-अर्जन अधिकारी
रायगढ़ (छ.ग.)

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से
तथा आदेशानुसार
(मयंक चतुर्वेदी) कलेक्टर जिला रायगढ़ एवं
पदेन उप सचिव छत्तीसगढ़ शासन राजस्व एवं
आपदा प्रबंधन विभाग

जी. 262704394/1

नवी मुंबई में बन रही देश की पहली समुद्री रेल-टनल

मुंबई। नवी मुंबई के सावली में देश की पहली समुद्री रेल सुरंग बनाई जा रही है। इस सुरंग से देश की पहली बुलेट ट्रेन गुजरेगी। सुरंग बनाने का काम जमीन से 114 मीटर नीचे चल रहा है, यानी इतनी गहराई, जितनी 35 मंजिला ऊंची इमारत होती है। समुद्र के अंदर सुरंग बनाने का यह छठा प्रोजेक्ट है। दुनिया में सबसे ज्यादा 2 समुद्री सुरंगें जापान में हैं।

मणिपुर फिर सुलगा, दो गुटों में गोलीबारी, 4 की मौत

इंफाल। मणिपुर के नोनी जिले में बुधवार सुबह करीब 4 बजे दो नगा उग्रवादी गुटों के बीच गोलीबारी हुई। इसमें 4 उग्रवादियों की मौत हो गई। गोलीबारी में जेलियांग्रोंग यूनाइटेड फ्रंट और नेशनल सोशलिस्ट काउंसिल ऑफ नागालिम के सदस्य के शामिल होने की आशंका है। यह घटना खौपुम इलाके के ताओदाइजांग गांव में हुई। घटना के बाद महिलाएं समेत कई गांव वाले मौके पर पहुंचे और दोनों गुटों से गोलीबारी रोकने की अपील की। इस बीच, गोलीबारी के डर से गांव वाले अपने घर छोड़कर सुरक्षित जगहों पर जा रहे हैं। इस बीच, रोंगमेई नगा लुपुआम संगठन ने दोनों सशस्त्र गुटों से लड़ाई बंद करने और शांति बनाए रखने की अपील की है। संगठन ने कहा कि लगातार गोलीबारी से आम लोगों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। पुलिस और सुरक्षाबलों के मौके पर पहुंचन और जांच करने के बाद ही गोलीबारी की पूरी जानकारी, मृतकों की संख्या और उनकी पहचान का पता चल सकेगा। फिलहाल, रुक-रुककर हो रही गोलीबारी के बीच गांव वालों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाना सबसे बड़ी चुनौती है।

2023 से जातीय हिंसा अब तक 300 की मौत

मणिपुर में मई 2023 से मैतेई और कुकी समुदायों के बीच जातीय हिंसा शुरू हुई थी। राज्य के गृह मंत्री गोविंदास कोंथौजम ने 3 सितंबर को विधानसभा में बताया था कि इस हिंसा में 306 लोगों की मौत हुई है और 49 लोग अब भी लापता हैं। बता दें, कुकी उग्रवादी समूहों के साथ सस्पेंशन ऑफ ऑपरेशन समझौता 4 सितंबर 2026 को खत्म हो गया था।

हैवेल्स के अलवर संयंत्र में कर्मचारियों का प्रदर्शन

नई दिल्ली। बिजली के उपकरण बनाने वाली कंपनी हैवेल्स इंडिया लिमिटेड के राजस्थान के अलवर स्थित विनिर्माण संयंत्र में कर्मचारियों का एक वर्ग प्रदर्शन कर रहा है। हालांकि, कंपनी के प्रबंधन दल ने मुद्दे का समाधान निकालने के लिए उनसे बातचीत शुरू कर दी है। कंपनी ने बुधवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि तीन नवंबर को कुछ कर्मचारी अपनी कुछ मांगों को लेकर कारखाने के द्वार पर एकत्र हुए थे।

NAVA RAIPUR ATAL NAGAR VIKASPRADHIKARAN
Paryavas Bhawan, North Block, Sector- 19, Nava Raipur Atal Nagar, Raipur- 492 002,
Chhattisgarh. Tel No: +91 771 2512500; Fax No.: +91 771 2512400.
Website: www.navaraipuratalnagar.com

Notice Inviting Tender

Nava Raipur Atal Nagar, Dated: 30/10/2026

Online Tenders are invited for "Tender for Selection of Developer for Integrated Sector Development in Sector 37 of Nava Raipur Atal Nagar". Details of the projects are as below:

S. No.	System Tender No.	NIT No.	Location of Project	Plot Area (In Sq.mt.) approx.	Reserved Land Premium (INR/Sq.mt.)	EMD (INR Crore)
1	203149	7774/ R-20/ PRJ/ NRANVP/ 2026	Integrated Sector Development Plot LI/S37/R1 + LI/S37/R2, Sector - 37	4,33,082.5660 (107.0170 acres)	5,590.00	25.00

Tenderers shall download tender from e-Procurement website. The tender processing fee is INR. 5,900/- only (Including GST) per tender.
Date and time of pre-bid meeting - **at 12:00 PM on 16th November 2026**
Last Date for Online submission of Tender - **up to 03:00 PM on or before 14th December 2026**
Last Date for Hard copy Submission of Technical Bid - **up to 03:00 PM on or before 16th December 2026**
Opening of Technical Bid after **03.30 PM on 16th December 2026**
The details of tender and terms & conditions are available on the e-Procurement website https://eproc.cgstate.gov.in
Any amendment/modification in the tender documents, will only be uploaded on the e-Procurement website and shall not be published in any newspaper.
Note: If the date of Hard copy submission falls on public holiday, then the next working day shall be considered.
(Approved by CEO)

Manager (Estate)
NRANVP, Nava Raipur Atal Nagar

S.- 49691

कार्यालय तहसीलदार मस्तूरी, जिला - बिलासपुर (छ.ग.)

क्रमांक/1543/अं.प्र.सू./न.पं./2026-27 मस्तूरी, दिनांक 04/11/2026

// दावा - आपत्ति सूचना //

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, नगर पंचायत मल्हार क्षेत्रान्तर्गत पट्टाघृति अधिकार. योजना अन्तर्गत प्रदान किया जाना है। उक्त के संबंध में सर्वेक्षण दल द्वारा निम्न 17 हितग्राहियों की प्रारंभिक सूची तैयार की गई है। यदि किसी व्यक्ति या संस्था को उक्त में किसी प्रकार की आपत्ति हो तो कार्यालयीन समय में 07 दिवस के भीतर दिनांक 10.11.2026 तक दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात दावा आपत्ति मान्य नहीं होगा।

तहसीलदार
मस्तूरी, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

कार्यालय आयुक्त, चिकित्सा शिक्षा छत्तीसगढ़
स्वास्थ्य भवन, द्वितीय तल, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर-19, नवा रायपुर, अटल नगर, छ.ग. 492002

क्रमांक / 1751/छात्र / काउंसिलिंग / संचिशि / 2026 रायपुर, दिनांक 03/11/26

सूचना

प्रवेश वर्ष 2026 में एलाईड एवं हेल्थ केयर प्रोफेशनल के स्नातक एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रमों की प्रथम चरण काउंसिलिंग हेतु ऑनलाइन आवेदन सूचना

सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ के शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों में संचालित एलाईड एवं हेल्थ केयर प्रोफेशनल के स्नातक एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु पात्र अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन एवं संस्था तथा पाठ्यक्रम चयन आमंत्रित किए जाते हैं। ऑनलाइन आवेदन शुल्क एवं समय-सारणी :-

क्र.	प्रक्रिया का विवरण	निर्धारित तिथि एवं समय
1	आवेदन एवं काउंसिलिंग शुल्क	अनारक्षित (UR) एवं अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) : Rs.1,000/अनुसूचित जाति (SC) एवं अनुसूचित जनजाति (ST) : Rs.500/-
2	ऑनलाइन पंजीयन, आवेदन एवं शुल्क भुगतान की प्रारंभ एवं अंतिम तिथि	03 नवंबर 2026, Server Time 14:00 Hrs (02:00 PM) से 08 नवंबर 2026, Server Time 23:59 Hrs (11:59 PM) तक
3	संस्था एवं पाठ्यक्रम चयन की अवधि (Choice Filling) प्रारंभ एवं अंतिम तिथि	03 नवंबर 2026, Server Time 14:00 Hrs (02:00 PM) से 08 नवंबर 2026, Server Time 23:59 Hrs (11:59 PM) तक

पाठ्यक्रम शुल्क :-

शुल्क का विवरण	राशि
शिक्षण, पुस्तकालय एवं क्लिनिकल । प्रयोगशाला प्रायोगिक शुल्क मिलाकर	प्रति सेमेस्टर कुल Rs. 10,000/-
कॉशन मनी	Rs. 5,000/- (प्रवेश के समय केवल एक बार)

**** कॉशन मनी पाठ्यक्रम पूर्ण होने पर अदेय प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने पर वापस की जाएगी।**

आवश्यक निर्देश :-

1. अभ्यर्थी छत्तीसगढ़ राज्य का मूल निवासी हो तथा संबंधित पाठ्यक्रम की निर्धारित पात्रता पूर्ण करता हो। पाठ्यक्रम, आयु, आरक्षण, लेटरल एंट्री एवं आवश्यक दस्तावेजों के लिए शासन द्वारा जारी प्रवेश मार्गदर्शिका दिनांक 13.10.2026 का अध्ययन कर ही आवेदन करें। (संलग्न प्रवेश संबंधी मार्गदर्शिका दिनांक 13.10.2026)
2. प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु पाठ्यक्रमवार प्रावीण्य सूची 12वीं परीक्षा के कुल प्राप्त अंकों के आधार पर तैयार की जाएगी। सीट आवंटन प्रावीण्यता, श्रेणी, उपलब्ध सीट एवं अभ्यर्थी द्वारा भरे गए प्राथमिकता क्रम के अनुसार होगा।
3. इस राउंड के उपरांत सीटें रिक्त रहने पर जारी मेरिट सूची तथा अभ्यर्थियों द्वारा इस चरण में किए गए संस्था चयन (Choice Filling) के आधार पर पुन: सीट आवंटन किया जा सकेगा।
4. अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन में सही जानकारी एवं स्पष्ट दस्तावेज अपलोड करें। अपूर्ण आवेदन, अपात्रता, गलत / अमान्य दस्तावेज अथवा निर्धारित अवधि में शुल्क भुगतान नहीं होने पर आवेदन निरस्त किया जा सकता है।
5. प्रावीण्य सूची, सीट आवंटन, संवीक्षा एवं प्रवेश की समय-सारणी पृथक से जारी की जाएगी। अभ्यर्थी आगामी जानकारी हेतु संचालनालय की वेबसाइट www.cgdme.in एवं https://cgalliedadmissions.cgdme.in का नियमित अवलोकन करें।

(आयुक्त चिकित्सा शिक्षा द्वारा अनुमोदित)

अध्यक्ष
काउंसिलिंग समिति,
संचालनालय चिकित्सा शिक्षा

जी. 262704403/3

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कम्पनी मर्यादित कोरबा
(छ.रा.वि.म. की उत्तरदायी कंपनी)

आवश्यक सूचना

नगर संभाग कोरबा के समस्त सम्माननीय विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय त्यौहार दीपावली के शुभ अवसर पर विद्युत व्यवस्था सुचारू रूप से बनाये रखने के साथ-साथ किसी प्रकार के विद्युत व्यवधान की स्थिति के त्वरित समाधान / आवश्यक सुधार कार्य हेतु दिनांक 06.11.2026 से 08.11.2026 को निम्नानुसार अस्थायी फ्यूज ऑफ कॉल केन्द्रों की व्यवस्था की गयी है:-

क्र.	जोन का नाम	कार्यस्थल	कर्मचारी का नाम	समय	अस्थायी सम्पर्क नं.
1	दर्री जोन	33/11 के व्ही उपकेंद्र एच.टी.पी.पी. (कॉल सेंटर नंबर 9171887556)	श्री गोविंद सोनवानी	शाम 4 बजे से रात 12 बजे तक	7879070046
2			श्री रेशम राठौर	रात 12 बजे से सुबह 8 बजे तक	7000373598
3		33/11 के व्ही उपकेंद्र गेवरा	श्री अनिल मरावी	शाम 4 बजे से रात 12 बजे तक	6260635607
4		33/11 के व्ही उपकेंद्र कोहडिया	श्री आकाश पटेल	शाम 4 बजे से रात 12 बजे तक	9907111141
5		33/11 के व्ही उपकेंद्र बांकीमोंगरा	श्री संजय लसार	शाम 4 बजे से रात 12 बजे तक	9977445922
6		33/11 के व्ही उपकेंद्र इंदिरानगर	श्री प्रकाश राठौर	शाम 4 बजे से रात 12 बजे तक	7333560514
7		33/11 के व्ही उपकेंद्र भैरोताल	श्री भुपेन्द्र सिंह	शाम 4 बजे से रात 12 बजे तक	9685727770
8		132/33 उपकेंद्र एच.टी.पी.पी. जमनीपाली	श्री दिनेश मानिकपुरी	शाम 4 बजे से रात 12 बजे तक	7333292762
9		33/11 के व्ही उपकेंद्र दर्री ग्रामीण	श्री राजेन्द्र सोनवानी	शाम 4 बजे से रात 12 बजे तक	7089057641
10		33/11 के व्ही उपकेंद्र एरीगेशन दर्री	श्री शैलेन्द्र श्रीराज	शाम 4 बजे से रात 12 बजे तक	9907066554
11	पोड़ीमार जोन	33/11 के व्ही उपकेंद्र सीडीइएफ टाईप (कॉल सेंटर नंबर 9893594125)	श्री भास्कर तिवारी	शाम 4 बजे से रात 12 बजे तक	7489424890
12			श्री सिनोद कर्ष	रात 12 बजे से सुबह 8 बजे तक	9630070620
13		33/11 के व्ही उपकेंद्र रामपुर हाउसिंग बोर्ड	श्री रामरतन जायसवाल	शम 4 बजे से रात 12 बजे तक	8871366604
14		33/11 के व्ही उपकेंद्र सरस्वती शिशु मंदिर बुधवारी	श्री संतोष साहू	शाम 4 बजे से रात 12 बजे तक	9827917466
15		33/11 के व्ही उपकेंद्र रामपुर ईरिगेशन	श्री हेमंत मतारे	शाम 4 बजे से रात 12 बजे तक	9926546513, 8871366604
16		33/11 के व्ही उपकेंद्र इण्डस्ट्रीयल एरिया	श्री सत्यप्रकाश गांधी गुप्ता	शाम 4 बजे से रात 12 बजे तक	9926124105
17		33/11 के व्ही उपकेंद्र दादर	श्री केशव लंकड़ा	शाम 4 बजे से रात्रि 12 बजे तक	7000670322
18		33/11 के व्ही उपकेंद्र बालको (कॉल सेंटर नंबर 88712 63324)	श्री अंकित नेताम	शाम 4 बजे से रात 12 बजे तक	7697792031, 7722946168, 7697890529
19			श्री परदेशी साहू	रात 12 बजे से सुबह 8 बजे तक	9770416032,9039272459, 8770637704
20	तुलसीनगर जोन	33/11 के व्ही उपकेंद्र तुलसीनगर (कॉल सेंटर नंबर 7587298684)	श्री पुरूषोतम कंवर, श्री सत्येन्द्र प्रसाद लाल	रात 12 बजे से सुबह 8 बजे तक	7024995511, 9171887542
22			श्री हरीश राठौर, श्री सूरज कुमार साव, श्री राधेश्याम चौहान	सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक	9826194064,8839084325, 7999625978
23			श्री अजय राठौर, श्री मल्याद्री रेड्डी, श्री आई.पी. मैत्री	शाम 4 बजे से रात 12 बजे तक	8815464938,7000948065, 9171887465
24		33/11 के व्ही उपकेंद्र दीनदयाल मार्केट, पावर हाऊस रोड	श्री दीप राम सिदार, श्री राहुल त्रिपाठी	शाम 4 बजे से रात 12 बजे तके	9753957911, 8839321923
25		33/11 के व्ही उपकेंद्र गांधी चौक एवं बाजपेयी चौक, मेन रोड	श्री गजेन्द्र कुमार कौशिक, श्री विकास कुमार साहू	शाम 4 बजे से रात 12 बजे तक	9827971803, 9907904063
26		33/11 के व्ही उपकेंद्र मुड़ापार	श्री संतोष दास महंत, श्री भोजराम यादव	शाम 4 बजे से रात 12 बजे तक	9111719124, 8770561621
27		पानी टंकी, टी.पी.नगर	श्री देवानंद बढ़ई, श्री संजय चौरसिया	शाम 4 बजे से रात 12 बजे तक	9713122419, 9131969897

टीप:- आपातकालीन स्थिति एवं आवश्यकतानुसार कार्य अवधि में परिवर्तन किया जा सकता है।
"दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ"
"विद्युत लाईनों एवं उपकरणों के समीप आतिशबाजी न करें इससे दुर्घटना का भय रहता है"

कार्यपालन यंत्री (नगर) संभाग
छ.रा.वि.वि. कं. मर्या. कोरबा

संवाद- 49705

NAVA RAIPUR ATAL NAGAR VIKASPRADHIKARAN
Paryavas Bhawan, North Block, Sector- 19, Nava Raipur Atal Nagar- 492 002, Chhattisgarh.
Tel No: +91 771 2512000; Fax No.: +91 771 2512400.
Website: www.navaraipuratalnagar.com, http://eproc.cgstate.gov.in

E-Procurement Tender Notice

The Chief Executive Officer, NRANVP invites tender for following works:

1. NIT No.: 59/ZT-AV/EE(Elect.)/CE/NRANVP/2026-27 Nava Raipur Atal Nagar Dist. Raipur Dated: 03.11.2026
Name of Work: "Zonal tender for supply, installation, testing & commissioning of various Audio Visual equipment in Mahanadi Bhawan, Indrawati Bhawan, Paryawas Bhawan & other buildings within Nava Raipur Atal Nagar Dist. Raipur (C.G.) (1st call)"

Estimated Cost (INR)	EMD (INR)	Period of completion
1.37 Crore	1.40 Lakhs	12 Months

2.NIT No.: 60/TLA/EE(Elect.)/CE/NRANVP/2026-27, Nava Raipur Atal Nagar Dist. Raipur, Dated: 03.11.2026
Name of Work: "Providing Temporary Lighting Arrangements for Illumination of Various Government Buildings in Nava Raipur Atal Nagar on National Festivals and Other Occasions." (1st Call)

Estimated Cost (INR)	EMD (INR)	Period of completion
29.70 Lakh	60,000.00	24 Months

Last Time & Date of Online Submission: 15:00hrs on 30.11.2026
The E-Procurement tender documents can be downloaded from the portal (Website) http://eproc.cgstate.gov.in directly and shall be submitted online on the same website only after making on payment of bid participation fees online.
Amendment in tender, if any, will only be uploaded on the website and shall not be published in any newspaper.

Chief Engineer
NRANVP

S.- 49701

"छत्तीसगढ़ शासन, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग" धमतरी वनमंडल धमतरी

काष्ठागार नगरी का ई-ऑक्सन का संक्षिप्त विज्ञापन

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है, कि धमतरी वनमंडल धमतरी के अन्तर्गत धमतरी काष्ठागार में संग्रहित ईमारती काष्ठ, जलाऊ एवं बल्ली का ई-ऑक्सन द्वारा निर्वतन निम्नानुसार किया जावेगा। इच्छुक बोलीदारों से अनुरोध है, कि वे ई-ऑक्सन में भाग लेवें। ई-ऑक्सन की शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमंडल कार्यालय/वन काष्ठागार धमतरी से प्राप्त की जा सकती है।

नीलाम दिनांक- 13 नवम्बर 2026 नीलाम समय- प्रात: 9.00 बजे से

प्रजाति	नया वनोपज		अविक्रित वनोपज		योग वनोपज	
	लट्ठा घ.मी.	बल्ली/ खूंटा नग में	लट्ठा घ.मी.	बल्ली/ खूंटा नग में	लट्ठा घ.मी.	बल्ली/ खूंटा नग में
सागौन	12.337	657	-	-	12.337	657
साल	-	-	0.672	-	0.672	-
बीजा	0.158	-	7.285	-	7.443	-
खम्हार	0.355	3	-	-	0.355	3
साजा	0.270	-	-	-	0.270	-
अन्य	1.666	-	18.719	-	20.385	-
योग	14.786	660	26.676	-	41.462	660

जलाऊ

केन्द्रीय उपभोक्ता डिपो श्यामतराई पुराना बांस विभिन्न साईज के टुकड़ो में	
	1865 नग
योग	1865 नग

टीप:- (1) क्रेताओं को ई-ऑक्सन के पूर्व एम.एस.टी.सी. ई- कार्मस पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य हैं। (2) क्रेताओं को ई-ऑक्सन के पूर्व क्रय लॉटों के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वॉलेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई.एम.डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है। (3) लॉट की थप्पी सूची एवं फोटो एम.एस.टी.सी. ई- कार्मस पोर्टल में अपने आईडी से लॉगइन करके देख सकते है। (4) ई-ऑक्सन में लॉट क्रय के पश्चात प्रथम क्रेता को 40 सेंकड का समय प्राप्त होगा उसी लॉट मे अन्य क्रेताओं द्वारा 40 सेकंड के पूर्व क्रय करने पर 30 सेकंड का समय प्राप्त होगा।

फोन 07722-238371, फैक्स 07722-236137

वनमंडलाधिकारी
धमतरी वनमंडल धमतरी

जी. 262704388/1

एमडी-एमएस का डिमांड वाला सब्जेक्ट एनआरआई के खाते में, प्राइवेट मेडिकल कालेजों में हैं कुल 39 सीटें

हरिभूमि न्यूजः रायपुर।

राज्य के कुल दस शासकीय और प्राइवेट मेडिकल कालेजों की पीजी सीटों पर एडमिशन शुरू हो गया है। प्राइवेट मेडिकल कालेजों में मौजूद डिमांड वाले सब्जेक्ट एनआरआई कोटे वालों के हिस्से में आएंगे। तीन कालेजों में एनआरआई कोटे की कुल 39 सीटें हैं जिसमें एक भी नॉन क्लीनिकल विषय की नहीं है। इन कालेजों में मौजूद जनरल मेडिसिन की 12 और रेडियो डायग्नोसिस की 9 सीटों का आवंटन उसी कोटे से किया जाएगा। पीजी की पढ़ाई विषय विशेषज्ञता के लिए होती है और

■ जनरल मेडिसिन की 12, रेडियो डायग्नोसिस की 9 सीटें उसी कोटे की

एमबीबीएस कर चुके डाक्टर बेहतर भविष्य को देखते हुए उनका चुनाव करते हैं। जानकारों की माने तो वर्तमान में डाक्टरों की पसंद क्लीनिकल ब्रांच की सीटें होती है।

इनमें सरकारी के साथ प्रायवेट सेक्टर में भी अच्छा भविष्य होता है। शासकीय मेडिकल कालेजों में इन सब्जेक्ट की सीटों का आवंटन नीट में ज्यादा मार्क्स लाने वालों को आवंटित होता है। प्राइवेट मेडिकल कालेजों में इन सीटों का आवंटन कम अंक वालों को एनआरआई कोटे के तहत मिल जाता है। राज्य में इस बार तीन प्राइवेट मेडिकल कालेजों में एमडी-एमएस की 264 सीट है। इनमें 15 प्रतिशत यानी 39 सीटें एनआरआई और 85 फीसदी सीटें स्टेट कोटे से संबंधित हैं। एनआरआई कोटे की 39 सीटों में एक भी बायोकेमेस्ट्री, पैथोलॉजी, एनाटॉमी जैसे नॉन क्लीनिकल की नहीं है। वहीं इन 39 सीटों का आधा से अधिक यानी 21 सीटें जनरल मेडिसिन और रेडियोडायग्नोसिस से संबंधित हैं। राज्य में नीट पीजी की सीटों पर पहले राउंड का प्रवेश प्रारंभ हो चुका है। 2 से 6 नवंबर फिर 10 से 11 नवंबर को प्रवेश की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

मतदाता सूची में नाम नहीं तो पूर्व मतदाता भी भर सकेंगे फॉर्म-6, कार्रवाई का डर खत्म

रायपुर। विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान प्रारूप मतदाता सूची में नाम नहीं होने पर पूर्व में पंजीकृत मतदाता भी अपना नाम जुड़वाने के लिए फॉर्म-6 भर सकते हैं। भारत निर्वाचन आयोग ने इस संबंध में स्पष्टीकरण जारी कर मतदाताओं की आशंकाएं दूर कर दी हैं। आयोग ने स्पष्ट किया है कि पहले मतदाता सूची में नाम दर्ज होने के बावजूद वर्तमान प्रारूप सूची में नाम नहीं होने पर फॉर्म-6 भरना गलत घोषणा नहीं माना जाएगा। ऐसे आवेदकों के खिलाफ लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 31 के तहत कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जाएगी। दरअसल, एसआईआर प्रक्रिया के दौरान कई ऐसे मतदाताओं के नाम प्रारूप सूची से छूट गए हैं, जो पहले मतदाता के रूप में पंजीकृत थे। फॉर्म-6 में पहली बार मतदाता सूची में नाम शामिल कराने संबंधी घोषणा करनी होती है।

डामर महंगा होने पर सड़क ठेकेदारों को 231 करोड़ तक राहत, ग्रामीण सड़कों के लिए 130.88 करोड़ मंजूर

रायपुर। डामर की कीमत बढ़ने के कारण सड़क बनाने वाले ठेकेदारों को हुए नुकसान की भरपाई के लिए सरकार की ओर से दी जाने वाली राहत 231 करोड़ रुपयों की होगी। इस संबंध में कैबिनेट की बैठक में पिछले दिनों फैसला लिया गया था। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण के अंतर्गत संचालित कार्यों के लिए 130.88 करोड़ रुपये की क्षतिपूर्ति मंजूर की गई है। वहीं लोक निर्माण विभाग के राज्य वित्तपोषित सड़क निर्माण, नवीनीकरण और संधारण कार्यों पर 70 से 100 करोड़ रुपये तक अतिरिक्त व्यय का अनुमान है। इस तरह दोनों व्यवस्थाओं में संभावित राहत और अतिरिक्त व्यय 200.88 से 230.88 करोड़ रुपये तक पहुंच सकता है। सरकार के निर्णय के अनुसार ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण के अंतर्गत संचालित कार्यों में 1 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2027 तक ठेकेदारों द्वारा वास्तव में खरीदे और उपयोग किए गए बिटुमिन की मात्रा पर 130.88 करोड़ रुपये की राहत बजट अनुदान के रूप में दी जाएगी।



21 नए उपार्जन केंद्र खुलेंगे, किसानों को लगने वाला ट्रांसपोर्टिंग खर्च-समय दोनों में होगी बचत

रायपुर। खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 के लिए धान खरीदी व्यवस्था को आसान बनाने के लिए प्रदेशभर में 360 नए धान उपार्जन केंद्र खोले जा रहे हैं। इसके तहत रायपुर जिले में भी 21 नए उपार्जन केंद्र खोले जा रहे हैं, जिसकी तैयारियां जोर-शोर से की जा रही हैं। नए उपार्जन केंद्रों के खुलने से किसानों को धान बिक्री में लगने वाला समय और परिवहन खर्च दोनों में बचत होगी। जिन ग्रामों में नए उपार्जन केंद्र खोले जा रहे हैं, वहां उपार्जन केंद्र कम होने के कारण किसानों को लंबी दूरी तय कर धान ले जाना पड़ता है। इससे परिवहन खर्च ज्यादा लगता है, साथ ही आने-जाने में समय भी अधिक लगता है, लेकिन नए उपार्जन केंद्रों के खुलने से धान विक्रय की सुविधा नजदीक उपलब्ध होगी। इससे किसानों को दोनों स्तर पर काफी राहत मिलेगी। किसानों से समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी के लिए प्रदेशभर में पहले कुल 2740 उपार्जन केंद्र थे, वहीं 360 नए उपार्जन केंद्र खोले जा रहे हैं। इस तरह उपार्जन केंद्रों की संख्या बढ़कर अब 3100 हो गई है। इस तरह नए उपार्जन केंद्रों के खुलने से दो लाख से अधिक किसानों को उपज बेचने में सुविधा मिलेगी।



साव बोले- बदलती तकनीक और आधुनिक मशीनरी के अनुरूप कार्यप्रणाली में सुधार करें अभियंता

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

लोक निर्माण विभाग की 'निर्माण मंथन' कार्यशाला में प्रदेशभर के अभियंताओं को दिया गया प्रशिक्षण

उप मुख्यमंत्री एवं लोक निर्माण मंत्री अरुण साव ने कहा, प्रदेश के अभियंता विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण के शिल्पकार हैं। उनके कंधों पर राज्य की अधोसंरचना को मजबूत बनाने की बड़ी जिम्मेदारी है। निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने अभियंताओं से बदलती तकनीक और आधुनिक मशीनरी के अनुरूप अपनी कार्यप्रणाली में सुधार करने का आह्वान किया। साव रायपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में लोक निर्माण विभाग द्वारा आयोजित एक दिवसीय राज्यस्तरीय कार्यशाला 'निर्माण मंथन' को संबोधित कर रहे थे। इसमें प्रदेशभर के मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता, कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता और उप अभियंता शामिल हुए। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) रायपुर के विशेषज्ञों और वरिष्ठ अभियंताओं ने सड़क, पुल एवं भवन निर्माण, गुणवत्ता नियंत्रण और आधुनिक तकनीकों पर प्रशिक्षण दिया।

उप मुख्यमंत्री ने कहा, विभाग राज्य के विकास का प्रमुख इंजन है। नक्सलवाद की समाप्ति के बाद अब प्रदेश में विकास कार्यों के लिए अनुकूल वातावरण तैयार हुआ है। ऐसे में अभियंताओं को अपनी क्षमता और दक्षता का बेहतर उपयोग करते हुए विकास कार्यों को गति देनी चाहिए। उन्होंने कहा, निर्माण कार्यों में खराबी या त्रुटि से पूरे विभाग की प्रतिष्ठा प्रभावित होती है। इसलिए निर्धारित तकनीकी मानकों का गंभीरता से पालन करें। लोक निर्माण विभाग के सचिव मुकेश कुमार बंसल ने अभियंताओं से कहा, फील्ड और फाइल दोनों के काम दुरुस्त रखें। निर्माण कार्यों में टीम भावना, अनुशासन और सकारात्मक सोच के साथ काम करें। उन्होंने उत्कृष्ट सड़कों, पुलों और भवनों का अध्ययन करने तथा नई तकनीकों और बेहतर कार्यप्रणालियों को अपनाने पर जोर दिया। साथ ही ठेकेदारों और निर्माण एजेंसियों के साथ किए गए अनुबंधों का कड़ाई से पालन कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा, सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए चिन्हित ब्लैक स्पॉट को दूर करने पर भी गंभीरता से काम किया जाए। लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता वीके भतपहरी ने निर्माण सामग्री और कार्यों की गुणवत्ता की कड़ाई से जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि विभाग ने सड़कों की परफॉर्मेंस गारंटी अवधि तीन वर्ष से बढ़ाकर पांच वर्ष कर दी है। उन्होंने कहा, ठेकेदारों को भुगतान करने से पहले निर्माण सामग्री और कार्यों का परीक्षण अनिवार्य रूप से किया जाए। कार्यशाला में रोलर कॉम्पैक्टेड कंक्रीट, व्हाइट टॉप कंक्रीट, फ्लेक्सिबल पेवमेंट, पुल निर्माण, भवन निर्माण और रखरखाव सहित विभिन्न तकनीकी विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया।



प्रथम पृष्ठ का शेष अग्निवीर अब 4...

'अग्निपथ' योजना में बड़े बदलाव के तहत सरकार ने बुधवार को घोषणा की कि चार साल का कार्यकाल पूरा होने पर सेना से सेवामुक्त होने वाले 'अग्निवीरों' को दो साल का अतिरिक्त सेवा विस्तार दिया जाएगा। इसके बाद निर्धारित पात्रता मानदंडों को पूरा करने और व्यक्तिगत सहमति देने वाले अग्निवीरों को स्थायी भर्ती की पेशकश की जाएगी। प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल एन एस राजा सुब्रमणि ने यह घोषणा केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा सैन्य भर्ती योजना में तीनों सेनाओं की सिफारिशों के अनुरूप बदलावों को मंजूरी दिए जाने के तुरंत बाद की। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि यह कदम सशस्त्र बलों में किए जा रहे 'दीर्घकालिक संरचनात्मक सुधारों' का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य 'युवा, तकनीकी रूप से सक्षम और भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार सेना' का निर्माण करना है। जून 2022 में शुरू की गई 'अग्निपथ' योजना के तहत सैनिकों की भर्ती चार साल के कार्यकाल के लिए की गई। इसमें कुल भर्ती किए गए अग्निवीरों में से केवल 25 प्रतिशत को नियमित सेवा में बनाए रखने का प्रावधान था। योजना में ये बदलाव करीब 18,000 अग्निवीरों के सशस्त्र बलों से सेवामुक्त होने के तीन सप्ताह से कुछ अधिक समय पहले किए गए हैं। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव के साथ संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए सीडीएस ने कहा, आज भारतीय सशस्त्र बलों और अग्निवीरों के लिए बहुत महत्वपूर्ण दिन है। मंत्रिमंडल ने सभी अग्निवीरों के लिए सशस्त्र बलों में शामिल होने का रास्ता खोल दिया है। फिलहाल अग्निपथ योजना के तहत भर्ती किए गए तीन लाख से अधिक सैनिक सशस्त्र बलों में सेवा दे रहे हैं। जनरल सुब्रमणि ने कहा, मौजूदा प्रावधानों के अनुसार, 25 प्रतिशत अग्निवीरों को योग्यता के आधार पर नियमित बलों में शामिल किया जाता है, जबकि शेष 75 प्रतिशत अनुशासित और प्रेरित युवाओं के रूप में सेवामुक्त हो जाते हैं।'' उन्होंने कहा, नए बदलावों के तहत इन 75 प्रतिशत अग्निवीरों को दो साल की अतिरिक्त सेवा अवधि की पेशकश की जाएगी। इस विस्तारित अवधि के पूरा होने के बाद चयन मानदंडों को पूरा करने वाले और सेवा जारी रखने के इच्छुक अग्निवीरों को सशस्त्र बलों में शामिल किया जाएगा। सीडीएस ने कहा कि सरकार के इस फैसले से लगभग सभी अग्निवीरों के सशस्त्र बलों में शामिल होने का मार्ग प्रशस्त होगा। जनरल सुब्रमणि ने यह भी स्पष्ट किया कि अग्निपथ योजना जारी रहेगी और चार साल का कार्यकाल पूरा होने पर नियमित सैनिकों के रूप में भर्ती किए जाने वाले 25 प्रतिशत अग्निवीरों की वरिष्ठता, दो साल की अतिरिक्त सेवा अवधि पूरी करने के बाद नियमित बलों में शामिल होने वाले अग्निवीरों से अधिक होगी। सरकार ने जून 2022 में अग्निपथ भर्ती योजना शुरू की थी। इस योजना के तहत साढ़े 17 से 21 वर्ष की आयु के युवाओं को चार साल के लिए भर्ती करने का प्रावधान है। कांग्रेस सहित कई विपक्षी दलों ने इस योजना को लेकर सरकार को निशाने पर लिया था। उन्होंने सवाल उठाया था कि चार साल का कार्यकाल पूरा होने के बाद 75 प्रतिशत अग्निवीरों का क्या होगा, क्योंकि कुल भर्ती किए गए अग्निवीरों में से केवल 25 प्रतिशत को ही 15 साल के लिए नियमित सेवा में रखा जाएगा। केंद्र सरकार की विभिन्न एजेंसियों और विभागों ने पहले ही पूर्व अग्निवीरों की भर्ती की योजनाओं की घोषणा की थी। चार साल का कार्यकाल पूरा होने के बाद सेवामुक्त होने वाले अग्निवीरों के लिए विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों और राज्य सरकारों द्वारा घोषित योजनाओं के बारे में पूछे जाने पर जनरल सुब्रमणि ने कहा कि अब उन प्रावधानों की आवश्यकता नहीं रह जाएगी। रक्षा मंत्री सिंह ने अग्निवीरों के लिए दो साल की अतिरिक्त सेवा अवधि को 'सेकेंड टूर ऑफ ड्यूटी' (सेवा का दूसरा कार्यकाल) बताया और इस फैसले के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताया। उन्होंने कहा, इससे चार या छह साल का कार्यकाल पूरा होने के बाद उन सभी इच्छुक अग्निवीरों को नियमित सैनिकों के रूप में शामिल करने का भी अवसर मिलेगा, जो चयन मानदंडों को पूरा करेंगे।'

क्या है अग्निवीर योजना

00 यह योजना 14 जून 2022 को शुरू हुई थी, जिसका आधिकारिक नाम अग्निपथ योजना है। इसके तहत भर्ती होने वाले जवानों को अग्निवीर कहा जाता है।

00 इसके जरिए साढ़े 17 से 21 साल के युवाओं को तीनों सेनाओं में भर्ती किया जाता है।

00 चार साल तक हर महीने सैलरी मिलती है। सेवा समाप्त होने पर करीब 11 लाख 71 हजार रुपये एकमुश्त मिलते हैं, लेकिन इसमें पेंशन नहीं होती।

00 4 साल बाद सिर्फ 25% अग्निवीरों को ही सेना में परमानेंट रखा जाता है।

00 शेष 75% युवाओं को सेवा निधि देकर विदा कर दिया जाता है, जिन्हें पुलिस और सुरक्षा बलों की भर्ती में छूट मिलता है।

ऊर्जा भंडारण प्रणाली विकसित करने 14,500 करोड़

देश में नवीकरणीय ऊर्जा के एकीकरण को गति देने के लिए 92 गीगावाट घंटे की ग्रिड-स्तरीय ऊर्जा भंडारण प्रणाली विकसित करने की परियोजना को व्यावहारिक बनाने के लिए 14,500 करोड़ रुपये की वित्तपोषण योजना को मंजूरी दी। वित्त वर्ष 2030-31 तक चलने वाली पांच साल की इस योजना के तहत 30 गीगावाट घंटे की बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली, 60 गीगावाट घंटे की पंप स्टोरेज परियोजनाओं और दो गीगावाट घंटे की उभरती भंडारण प्रौद्योगिकियों को सहायता दी जाएगी।

योजना में सुधार...

को लाभ होगा। सेना को प्रशिक्षित और अनुभवी जवान मिलते रहेंगे जबकि अग्निवीरों को अतिरिक्त दो साल की स्थिरता, वेतन और नियमित सेवा में आने का दूसरा मौका मिलेगा।

सैन्य क्षेत्र में मिलेंगे ...

सकेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह निर्णय अग्निवीरों के अनुभव, कौशल और सामर्थ्य का राष्ट्रहित में बेहतर उपयोग सुनिश्चित करने के साथ ही युवाओं को सैन्य सेवा में आगे बढ़ने के नए अवसर प्रदान करेगा। इससे देश की रक्षा व्यवस्था को भी अनुभवी एवं प्रशिक्षित युवाओं की क्षमताओं का लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस महत्वपूर्ण निर्णय के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए कहा कि केंद्र सरकार का यह कदम राष्ट्रसेवा के प्रति समर्पित युवाओं के मनोबल को नई ऊंचाई प्रदान करेगा।

महादेव सट्टा एप...

रायपुर कोर्ट में पेश किया गया। बचाव पक्ष के वकील तुषार गिरी ने महादेव सट्टा एप के प्रमोटर की गिरफ्तारी का विरोध करते हुए कहा कि उनके मुवक्किल का प्रत्यर्पण ईडी द्वारा दर्ज मनी लांड्रिंग प्रकरण में हुआ है, जबकि सीबीआई ने उसे दूसरे मामले में पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया है। इस पूरी प्रक्रिया को लेकर बचाव पक्ष आगे कानूनी आपत्ति दर्ज कराएगा। वकील ने प्रत्यर्पण की कानूनी प्रक्रिया पर उठाए सवाल उठाते हुए कोर्ट में आवेदन प्रस्तुत किया है।

सौरभ से मिलने पहुंचे पूर्व विधायक -

महादेव सट्टा एप के प्रमोटर से मिलने पूर्व विधायक विनोद चंद्राकर कोर्ट पहुंचे। बताया जा रहा है, पूर्व विधायक सौरभ चंद्राकर के मामा हैं। इसीलिए वे उनसे कोर्ट में मिलने के लिए पहुंचे। इसके अलावा भिलाई तथा रायपुर से कई सटोरिये कोर्ट परिसर में मंडराते दिखे। सीबीआई के साथ ईडी ने भी कोर्ट में सौरभ चंद्राकर की गिरफ्तारी के लिए आवेदन पेश किया है।

इसलिए दिल्ली में पूछताछ -

आरोपी के दिल्ली सीबीआई मुख्यालय में पूछताछ करने की मांग बचाव पक्ष के वकील ने कोर्ट में रखी थी। बचाव पक्ष के वकील ने कोर्ट में तर्क पेश करते हुए बताया था कि सौरभ चंद्राकर को लेकर यहां बड़े पैमाने पर मीडिया ट्रायल किया जा रहा है। इस कारण उससे सीबीआई दिल्ली मुख्यालय में पूछताछ करे। बचाव के साथ अभियोजन पक्ष के वकील ने भी आरोपी से दिल्ली में पूछताछ करने कोर्ट में अपील की थी।

कोर्ट परिसर...

थी। न्यायालय कक्ष के बाहर पुलिसकर्मी रस्सी से सुरक्षा घेरा बनाकर रखे हुए थे। बाहरी व्यक्तियों की जांच के बाद उन्हें कोर्ट के अंदर जाने दिया जा रहा था। बाहरी लोगों को पुलिस ने कोर्ट के अंदर मोबाइल ले जाने पर रोक लगा दी थी।

रवि उप्पल दुबई...

की जानकारी मिलने पर जांच एजेंसियां और जानकारी एकत्रित करने तथा उसके एक्सट्रैडिशन की कार्रवाई में तेजी लाने की कोशिश कर रही हैं। उसके खिलाफ अक्टूबर 2023 में इंटरपोल का रेड नोटिस जारी किया गया था, जिसके बाद उसी साल दिसंबर में दुबई के अधिकारियों ने उसे हिरासत में ले लिया था। हालांकि, उसे 45 दिनों के अंदर रिहा कर दिया गया, जबकि ईडी ने जनवरी 2024 में यूएई को एक्सट्रैडिशन रिक्वेस्ट भेजी थी। महादेव सट्टा एप के को-फाउंडर ने भी वानुअतु की नागरिकता ग्रहण कर ली थी।

हवाला डिलीवरी हैंडल करता था -

रवि उप्पल पूरे ऑनलाइन बैटिंग एप ऑर्गनाइजेशन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। वह सैकड़ों करोड़ रुपए की हवाला डिलीवरी को हैंडल करता था और छत्तीसगढ़ में नेताओं और ब्यूरोक्रेट्स से संपर्क करने के लिए मेन पॉइंट ऑफ कॉन्टैक्ट भी था। उससे पूछताछ से पैसे के ट्रेल का पता लगाने और गैर-कानूनी कमाई के बेनिफिशियरी की पहचान करने में जांच एजेंसियों को मदद मिलेगी।

दुबई में हेड ऑफिस चलाता था -

जांच एजेंसियों ने अब तक जो जांच की है, उससे साबित होता है कि सौरभ चंद्राकर मुख्य रूप से महादेव ऑनलाइन बुक या मॉब का प्रमोशन और ऑपरेशन संभालता था, जबकि उप्पल दुबई में उसके साथ हेड ऑफिस चलाता था और नागपुर में हवाला डिलीवरी और बेटिंग ऑपरेटर्स समेत फाइनेंशियल नेटवर्क को मैनेज करता था।

भाई-बहन मैनेज करते थे -

ईडी सूत्रों के अनुसार कथित तौर पर भारत में उप्पल के भाई-बहन उसके हवाला ऑपरेशन्स को मैनेज करते थे। उप्पल के बाद ईडी के अधिकरी दुबई में एक और आरोपी विकास छपारिया को भी पकड़ने की कोशिश कर रहे हैं। ईडी के दावों के मुताबिक महादेव ऐप का सिस्टमैटिक ऑपरेशन लोकल पुलिस और छत्तीसगढ़ के नेताओं के एक्टिव सपोर्ट और मिलीभगत से लोकल लेवल पर चल रहा था और ब्यूरोक्रेट्स और पॉलिटिकल रूप से एक्सपोज्ड लोगों को इस गैर-कानूनी बेटिंग रैकेट के खिलाफ किसी तरह से कार्रवाई नहीं करने रिश्वत मिल रही थी।

दोबारा दुबई पहुंचने पर गिरफ्तारी -

रेड कार्नर नोटिस जारी होने के बाद रवि उप्पल दिसंबर 2023 में गिरफ्तार और रिहा होने के बाद दुबई छोड़ कर यूएई के किसी अन्य देश में फरार हो गया था। उसके लौटने की जानकारी मिलने पर दुबई पुलिस ने उसे दोबारा गिरफ्तार किया है। आरोपी के प्रत्यर्पण और उसके भारत वापस लाने के बाद जांच एजेंसी पूरे मामले की तह तक पहुंच पाएगी।

मुर्गा लड़ाई में...

दांव लगाकर जुआ खिलाए जाने की सूचना पुलिस को मिली थी। इस पुख्ता सूचना पर पुलिस अधीक्षक उमेश प्रसाद गुप्ता के मार्गदर्शन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल बंसल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने घेराबंदी कर इस बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। पुलिस टीम ने मौके से भारी मात्रा में नगदी और सामान जब्त किया है। कार्रवाई के दौरान घटनास्थल से कुल 20 लाख 1 हजार 200 रुपए नगद, 47 चारपहिया वाहन और 12 मोबाइल फोन जब्त किए गए हैं।

दो से ज्यादा...

के उद्देश्य से बनाए गए कानूनों का अब कोई महत्व नहीं रह गया है। कोर्ट ने मंगला भीमराव इंगले द्वारा दायर एक याचिका पर अपना फैसला सुनाया। काकोडा ग्राम पंचायत के सरपंच पद पर उनके निर्वाचन को इस आधार पर रद्द कर दिया गया था कि वह चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य थीं, क्योंकि उनकी दो से अधिक संतान हैं, जो महाराष्ट्र ग्राम पंचायत अधिनियम, 1959 की धारा 14(1)(जे-1) का उल्लंघन करता है। न्यायमूर्ति पी. एस. नरसिम्हा और न्यायमूर्ति आलोक अराधे की पीठ ने उच्चतम न्यायालय के जुलाई 2003 के एक फैसले का हवाला दिया। इस फैसले में, हरियाणा पंचायती राज अधिनियम, 1994 की वैधता की पड़ताल करने के बाद शीर्ष अदालत ने दो से अधिक जीवित संतान होने पर किसी व्यक्ति को पंचायत पदों के लिए चुनाव लड़ने या उन पदों पर बने रहने के अयोग्य ठहराए जाने को सही ठहराया था। इस बात पर गौर करते हुए कि प्रजनन संबंधी निर्णय लेने का अधिकार, अनुच्छेद 21 के तहत जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार का एक अभिन्न अंग है, न्यायालय ने इस मामले को एक बड़ी पीठ के पास भेज दिया। यह पीठ जावेद बनाम हरियाणा राज्य (2003 का फैसला) मामले में तय किए गए सिद्धांतों पर पुनर्विचार करेगी। न्यायालय ने कहा, हमारा यह मानना है कि दो से अधिक संतान होने पर दंडित करने का प्रावधान करने वाले कानूनों की प्रासंगिकता अब खत्म हो चुकी है। इन कानूनों का आधार, यानी जनसंख्या अधिक होने का डर, पिछले कुछ दशकों में आए जनसांख्यिकीय बदलावों के कारण अब पूरी तरह से खत्म हो गया है।

झीरम घाटी के...

में आवश्यक निर्देश के लिए समय दिए जाने की मांग की। सुनवाई के पश्चात खंडपीठ ने अपने आदेश में कहा कि प्रकरण में गंभीर कानूनी प्रश्न शामिल है अतः इसे विस्तृत रूप से सुनवाई की आवश्यकता है। **फिर से बनाया गया था जांच आयोग-** ध्यान रहे कि तत्कालीन छत्तीसगढ़ सरकार ने 2021 में जस्टिस प्रशांत मिश्रा के आंध्र प्रदेश के मुख्य न्यायाधीश बन जाने के कारण उत्पन्न हुई परिस्थिति में दो रिटायर्ड हाई कोर्ट जज का जांच आयोग बनाया था। जस्टिस प्रशांत मिश्रा जांच आयोग के द्वारा राज्यपाल के सम्मुख रिपोर्ट प्रस्तुत होने और सरकार द्वारा उसे स्वीकार न करने के बाद जस्टिस सतीश अग्निहोत्री और जस्टिस मिनहाजुद्दीन दोनों रिटायर्ड जज छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट की अध्यक्षता में न्यायिक जांच आयोग का पुनर्गठन किया गया था।

ट्रंप का दंभ टूटा,...

जीवन-यापन की लागत और डीजल की कीमतों में भारी बढ़ोतरी हुई है। मतदान केंद्रों पर बातचीत में कई मतदाताओं ने ट्रंप के बयानों, बड़े-बड़े दावों और उनकी कार्यशैली से पैदा हुई नाराजगी को रिपब्लिकन पार्टी के प्रति मोहभंग का मुख्य कारण बताया। परंपरागत रूप से रिपब्लिकन समर्थक राज्य जॉर्जिया के एक डेमोक्रेट समर्थक ने कहा, ट्रंप नाकाम रहे हैं। मैं नहीं चाहता कि वे मेरे बच्चों के आदर्श बनें। वे जितनी जल्दी पद छोड़ें, उतना ही अच्छा होगा। ओहायो के गवर्नर पद के चुनाव में ट्रंप समर्थित भारतीय-अमेरिकी उम्मीदवार विवेक रामास्वामी को कड़े मुकाबले और पार्टी में अंदरूनी कलह के बीच डेमोक्रेट उम्मीदवार एमी एक्टन से हार का सामना करना पड़ा। डेमोक्रेट ने प्रतिनिधि सभा की दो दर्जन से अधिक सीटों पर भी परिणामों में उलट-फेर की। इनमें कई ऐसे जिले शामिल हैं जहां ट्रंप 2024 में दोहरे अंकों के अंतर से जीते थे। रिपब्लिकन नेता क्रिस क्रिस्टी ने कहा, ट्रंप का दौर समाप्त हो गया है।

सीएम बोले- कांग्रेस ने...

चर्चा में कहा, आपातकाल के दौरान कांग्रेस ने गैर-कांग्रेसी नेताओं को जेलों में बंद किया और प्रेस की स्वतंत्रता छीनी। इसके अलावा संविधान के अनुच्छेद 356 का दुरुपयोग कर कई बार जनता द्वारा चुनी गई गैर-कांग्रेसी सरकारों को बर्खास्त किया गया। ऐसे में कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों का लोकतंत्र की दुहाई देना राजनीतिक अवसरवादिता है। **सीबीआई पूछताछ में खुल सकते हैं महादेव सट्टा एप के राज-**महादेव ऑनलाइन सट्टा एप मामले पर मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्य आरोपी सौरभ चंद्राकर को विदेश से भारत लाया गया है। अब सीबीआई उससे पूछताछ करेगी। इससे मामले से जुड़े कई महत्वपूर्ण तथ्य सामने आ सकते हैं और अवैध कारोबार में शामिल अन्य लोगों की भूमिका भी उजागर हो सकती है।

अमित की सोच बताती है यह बयान-

जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के नेता अमित जोगी द्वारा सौरभ चंद्राकर को लेकर दिए गए बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, अमित जोगी सौरभ चंद्राकर को हीरो बता रहे हैं। ऐसे बयान उनकी सोच को स्वयं उजागर करते हैं। किस तरह की सोच के तहत किसी ऐसे व्यक्ति को हीरो बताया जा रहा है, इसका आकलन प्रदेश की जनता खुद कर सकती है।

इंडिया गठबंधन के...

कहा कि 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा के माध्यम से कांग्रेस की इसी दोहरी राजनीति को जनता के सामने रखा जाएगा और लोकतांत्रिक संस्थाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाई जाएगी।

अहलूवालिया हॉस्पिटल
81031 28515, 0771-4050006
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर
• कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids • दंत रोग • मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
• प्रसूति • नवजात • शिशु रोग • सभी प्रकार के ऑपरेशन • सोनोग्राफी • आयुष्मान कार्ड • बच्चो के ऑपरेशन • अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल
डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA
भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, फोन : 0771- 4060929, मो. 7389485756

असली केंदवा मलहम
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये। HMS देखकर खरीदें
हर्बल लेप शिव मस्सानाशक
शिव मस्सानाशक को 12-15 घटों तक लगाकर रखेंगे तो यह मस्से को शीघ्र हटा देगा। जब तक मस्सा न हट जाए, रोज 1-2 बार लगाना है। यदि लगाने के बाद किसी कारणवश लेप पुछ जाए तो पुनः लगा दें।
94060-21769

epaper- www.haribhoomi.com
हरिभूमि Classified
Email- hbclassified375@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100

आवश्यकता है

आवश्यकता है- दुकान में काम करने के लिए लड़कों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- अरोरा बेकरी, बृहस्पति बाजार के पास, बिलासपुर 9827164721 (42240)

आवश्यकता है- बिलासपुर में घरेलू काम करने के लिए महिला एवं ऑफिस वर्क करने के लिए पुरुष कर्मचारी की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार इच्छुक एवं जरुरतमंद तत्काल सम्पर्क करें- 9993711248, 9109511248 (42237)

आवश्यकता है-सोशल मीडिया हैंडलर्स चाहिए जो फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाटसअप का अच्छा जानकार हो। वेतन 10000 से 20000 पता- होटल रॉयल रामा पुराना बस स्टैंड के पास टेलीफोन एक्सचेंज रोड बिलासपुर 9893392495 (42226)

आवश्यकता है-फ्लाई ऐश ब्रिक्स, कवर ब्लॉक, पेवर ब्लॉक आदि प्रोडक्ट की मार्केटिंग हेतु युवक की आवश्यकता है इच्छुक व्यक्ति सम्पर्क करें- होटल मंगलश्री, विहान मेडिकल के ऊपर, मुंगेली नाका बिलासपुर 88786 01222 (42225)

आवश्यकता है- Ocean Company में ऑफिस हेतु 10वीं से ग्रेजुएट लड़के, लड़कियां चाहिए उम्र 18-28, आय 10500 से 18000 एवं रहना खाना, सम्पर्क करें- न्यू बस स्टैण्ड, तिफरा, बिलासपुर 8818877406, 9644433021, 07752-337082 (42235)

आवश्यकता है-जगत फार्मा को दवाई दुकान के लिए मेहनती लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है पद- एकाउंट्स एसोसिएट, पिकर, चेकर, पैकर,लोकल डिलीवरी स्थान- होटल अजीत के पीछे, मेडिकल कॉम्प्लेक्स, तेलीपारा बिलासपुर (42231)

आवश्यकता है- क्लीनिक में काम करने हेतु लड़की की आवश्यकता है। (सैलरी 4000 से 5000, समय सुबह 10बजे से शाम 8बजे) सम्पर्क करें- राजीव प्लाजा के पास, पुराना बस स्टैण्ड, बिलासपुर 7880210386 (42239)

आवश्यकता है-होटल में कार्य हेतु कम्प्यूटर ऑपरेटर लड़का चाहिए। वेतन 12000 से 25000 (समय सुबह 8बजे से शाम 8बजे) पता- होटल रॉयल रामा पुराना बस स्टैण्ड टेलीफोन एक्सचेंज रोड बिलासपुर 9893392495 (42227)

आवश्यकता है- बिलासपुर में साउंड सिस्टम शोरूम में कार्य करने हेतु मेहनती, ईमानदार जिम्मेदार युवकों की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 12000+ इंसेंटिव और बोनस। अनुभवी उम्मीदवारों को प्राथमिकता। सम्पर्क करें- 9685005500 (42233)

आवश्यकता है-स्टोर्स में एकाउन्ट एवं सेल्स कार्य करने के लिए स्मार्ट युवती की आवश्यकता है वेतन 6000 से 10000 तक सम्पर्क करें- बंसत विहार चौक राजकिशोर नगर बिलासपुर 8962881411, 9826163818 (42229)

आवश्यकता है- दिन में लॉज में कार्य करने हेतु वेटर की आवश्यकता है। रहने की सुविधा उपलब्ध। आधार कार्ड सहित सम्पर्क करें- किरण लॉज, गाँधी चौक बिलासपुर (42234)

आवश्यकता है- (1) सुरक्षा गार्ड-28 वेतन 17000 (2) कप्यूटर ऑपरेटर-3 अनुभव 2वर्ष टेंडर कार्य, ऑन लाइन, जेम, ऑफ लाइन वेतन 20000 (3)मार्केटिंग ऑफिसर -4 वेतन 40000 अनुभव 3वर्ष मार्केटिंग कार्य योग्यता MA/ MBA सम्पर्क करें- Alert sgs private limited कार्यालय : प्रथम तल 06 जे शुक्ला कॉम्प्लेक्स पचपेड़ी नाका चौक रायपुर (छ.ग.) 7746000016,7747000016 (815)

आवश्यकता है-नेहरू चौक, बिलासपुर में घर में खाना बनाने (कुक) हेतु महिला/ पुरुष की आवश्यकता है। खाना बनाने का अनुभव आवश्यक। महिला को प्राथमिकता। समय दोपहर 2बजे के बाद। सम्पर्क- 8839295358 (42230)

आवश्यकता है-कपड़े एवं रेडीमेड दुकान हेतु लड़के एवं लड़कियों तथा सिलाई कारीगर लेडीज एवं जेन्ट्स की आवश्यकता है सम्पर्क करें- इंडिया हाउस काली मंदिर के सामने तेलीपारा बिलासपुर 9522011711 (42223)

आवश्यकता है-राज्य के सभी जिले के सभी ब्लॉक में सीसीटीवी लगाने के लिए फ्रेशर और अनुभवी लड़कों की आवश्यकता है अनुभवी को प्राथमिकता सम्पर्क करें- 9183887992, 7777887991 (105)

बेचना है

बेचना है-कमर्शियल हॉल 630वर्गफीट एवं 12×22 की दुकान बहुत वाजिब कीमत में तुरन्त बेचना है सर्वसुविधा युक्तपरिसर, चकरभाठा मार्केट से लगा, हाईकोर्ट और बिलासपुर एयरपोर्ट के नजदीक सम्पर्क -9826130163 8770523386 (42228)

बेचना है- बुधिया काम्प्लेक्स सरकंडा मेन रोड फेसिंग 10×24 (240 वर्ग फिट) स्टेट बैंक सरकंडा से लगी दुकान बेचना है सम्पर्क करें- 93400 94419 (42241)

बेचना है- ग्राम पंचायत गनियारी गांव में स्थित सर्व सुविधा युक्त सवा तीन एकड़ का फार्म हाउस अतिशीघ्र बेचना है खरीददार ही सम्पर्क करें- 7000773172 (42242)

बेचना है-नगर निगम सीमा से मात्र 8 किलो मीटर दूर गनियारी, बिलासपुर में डायवर्टेड प्लॉट 400 रुपए प्रति वर्गफुट पहले आएं, पहले पाएं। सम्पर्क करें- 7000773172, 7898333307, 78058 03607 (42243)

बेचना है-व्यापार विहार बिलासपुर में एक कमर्शियल प्लाट साईज 375 वर्गफीट एवं सिरगिट्टी में गोविन्द नगर में 3225 वर्गफुट प्लॉट शीघ्र बेचना है इच्छुक व्यक्ति सम्पर्क करें - 9630083740, 9770676030 (42217)

बेचना है- बिलासपुर, विद्या उपनगर, कृष्णा अपार्टमेंट के आगे में 35×30 एवं 35×60 के दो प्लाट टोटल 35×90= 3150 वर्गफिट का प्लाट बेचना है सम्पर्क करें- 9827171666 (कृपया दलाल सम्पर्क ना करें) (42232)

बेचना है-भारत माला प्रोजेक्ट के पास नेशनल हाईवे 130A रोड से लगा 150 फ्रंट बाऊंड्री वाल से घिरा लिमतरा खैरा रोड पर स्थित (एक एकड़) जमीन शीघ्र बेचना सम्पर्क करें- 8349054531 (42185)

बेचना है-कोरबा- उरगा मुख्य मार्ग पर हाउसिंग बोर्ड कालोनी बरबसपुर में एक LIG फ्लैट (मध्य तल) का बेचना है सम्पर्क करें- 9425283727, 9424165378 (42224)

हरिभूमि में लघु विज्ञापन देने हेतु सम्पर्क करें

- जिला कार्यालय कोरबा:- बी.ब्लॉक, कॉमर्शियल काम्पलेक्स, ट्रांसपोर्ट नगर, जिला कोरबा (छ.ग.) मो. 9644018888, 7581808267
- जिला कार्यालय मुंगेली:- थाना के सामने गली, गोल बाजार, जिला-मुंगेली (छ.ग.) मो. 9303508230
- शिवम एड एजेंसी & पब्लिसिटी:-मो. 9993567380, 8770837744
- एड प्रयास:-मो. 9826701269, 9926003943
- श्यामनानी एडवरटाईजर्स:-मो. 9827168452, 9300625174
- रिद्धीसिद्धी एडवरटाइजर्स & पब्लिसिटी:-मो.9826129386, 8319503386
- जे.जे. एडवरटाइजर्स:-मो. 9300659628
- रौनक पब्लिसिटी:-मो. 9300328290, 9981658490
- भार्गव एडवरटाइजर्स:-मो. 9827167997
- श्रीसिद्धि विनायक एडवरटाइजर्स:-मो. 9826705603
- एम.जी.आर. एडवरटाइजर्स:-मो. 9827180896, 9131155033
- श्री श्याम पब्लिसिटी:-मो. 9425540759
- अमित पब्लिकेशन:-मो. 9826304304, 9827124304
- विप्रा विज्ञापन सेवा:-मो. 9302462506
- माधवास & कम्पनी:-मो. 9977185123, 9893115084
- बालाजी एडवरटाइजर्स:-मो. 9827466133, 9907047586
- हिबिस्कस मार्केटिंग एण्ड एडवर्टाइजमेंट:-मो. 8109229025



Medicare Specialists
सोरायसिस एवं चमड़ी रोग
प्रायः सदियों से लोग जानते हैं कि जब कोई रोग किसी भी उपाय से ठीक नहीं होता वो केवल आयुर्वेद के द्वारा ही जड़मूल से ठीक होता है लेकिन कुछ लोगों के मति मारे जाने के कारण अपने को संकट में डाल लेते हैं।
इसे नजर अंदाज कर क्षणिक इलाज से रोग को दबा कर अपने जीवन को संकट में मत डालिए क्योंकि यह जिद्दी व लाईलाज बीमारी है यह दवा से दबकर बार-बार फिर उभरता है। क्योंकि इसका जड़ चमड़ी में नहीं कहीं और है। क्या आपको किसी भी प्रकार का लाईलाज चमड़ी रोग है सोरायसिस सिर एवं शरीर से तांबे रंग के छिलके, खुजली, रुसी, जोड़ों में दर्द, सुजन अंगुलियों का टेढ़ा होना नाखुनों का सड़ना पुराना एक्जिमा रोग है। क्या आप किसी प्रकार के यौन समस्या यौन कमजोरी व यौन रोग से परेशान है जैसे : शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, पेशाब से धातु जाना, उत्तेजना की कमी, मधुमेह जन्य नपुंसकता इत्यादि। ये गुप्त रोगों के नीम हकीमों से बचकर रहे तो इनकी झुठी बातें एवं निराशा से बच सकते हैं।
वायटो रिसर्च एन्ड स्किन केयर क्लिनिक आई.एस.ओ. सर्टिफाईड
सुविख्यात चिकित्सक
डॉ. एच.सी.वी. अग्रवाल (BAMS MD) (चर्म रोग विशेषज्ञ)
निशांत अग्रवाल (फार्मा साईंटिस्ट)
रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरूप टॉकीज के सामने बजाज गोल्ड फाइनेंस के पीछे, दुर्ग
98271-99213,94255-55659
96177-89223,93032-42200
गुरुवार अवकाश, मिलने का समय दोपहर 12 से 7 बजे तक

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।
18 से 75 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 7-8 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नर्सों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
बेस्ट टोनर क्रिम
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेनदेन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापनदाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

डब्ल्यूटीए फाइनल्स

चैंपियन रायबाकिना के लिए राह मुश्किल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दुनिया की नंबर 1 और डिफेंडिंग चैंपियन एलेना रायबाकिना को डब्ल्यूटीए फाइनल्स के नॉकआउट स्टेज तक पहुंचने के लिए मुश्किल रास्ता दिया गया है। 27 साल की इस खिलाड़ी को ग्रुप 1 में कोको गॉफ और जेसिका पेगुला की अमेरिकी जोड़ी और विंबलडन चैंपियन लिंडा नोस्कोवा के साथ रखा गया है। इस इवेंट में दुनिया की टॉप 8 महिला खिलाड़ी हिस्सा ले रही हैं, जिन्हें दो चार-चार खिलाड़ियों के ग्रुप में बांटा गया है, जो 8 नवंबर से शुरू होने वाले राउंड-रॉबिन इवेंट में आमने-सामने होंगी, जिससे चार सेमीफाइनलिस्ट तय होंगे। सेमीफाइनल 14 नवंबर को खेले जाएंगे, और जीतने वाली टीमें 15 नवंबर को टाइटल के लिए आमने-सामने होंगी।

- 8 नवंबर से मैदान पर उतरेगी शीर्ष आठ खिलाड़ी
- ग्रुप-1 में गॉफ, पेगुला और नोस्कोवा की चुनौती

पिछले दो मेजर चैंपियन, रायबाकिना और नोस्कोवा के बीच 2026 की पहली मुलाकात, डब्ल्यूटीए फाइनल्स की शुरुआत होगी। मार्च में इंडियन वेल्स चैंपियनशिप मैच में आर्यना सबालेंका से हारने वाली रायबाकिना 2013-14 में सेरेना विलियम्स के बाद पहली बार डब्ल्यूटीए फाइनल्स टाइटल को सफलतापूर्वक डिफेंड करना चाहती हैं।



पहला वनडे : भारत ने कीवी टीम को हराकर सीरीज में बनाई 1-0 की बढ़त

तूफानी रफ्तार और 'किंग' कोहली का जलवा, न्यूजीलैंड पांच विकेट से पस्त

एजेंसी ▶▶| ऑकलैंड

तेज गेंदबाजों के कमाल और विराट कोहली की धमाकेदार अर्धशतकीय पारी की मदद से भारत ने बुधवार को बारिश से प्रभावित पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में न्यूजीलैंड को डकवर्थ लुईस पद्धति से 5 विकेट से हराकर 5 मैचों की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त हासिल की। तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह (70 रन देकर 4 विकेट), गुरनूर बराड़ (44 रन देकर 3) और अंशुल कंबोज (10 ओवर में 22 रन देकर 2) ने मिलकर 9 विकेट लेकर न्यूजीलैंड को 40.2 ओवर में 185 रन पर ढेर कर दिया।

बारिश के कारण रूका मैच

बारिश के व्यवधान से एक घंटे से अधिक समय तक खेल नहीं हो पाने के कारण भारत के सामने डकवर्थ लुईस पद्धति से 40 ओवर में 167 रन का लक्ष्य रखा गया।



11वें नंबर पर टिकनर की तूफानी पारी

न्यूजीलैंड की तरफ से सीफर्ट ने सर्वाधिक 38 रन बनाए जबकि 11वें नंबर के बल्लेबाज टिकनर ने तूफानी अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए 4 छक्कों की मदद से 34 और ग्लेन फिलिप्स ने 30 रन का योगदान दिया। अर्शदीप ने एकदम सही लेंथ पर गेंदबाजी की जबकि गुरनूर और कंबोज में बीच के ओवरों में शानदार प्रदर्शन किया।

शून्य पर आउट हुए रोहित

भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पहले ओवर में ही रोहित शर्मा का विकेट गंवा दिया, जो खाता भी नहीं खोल पाए।

रग्बी खिलाड़ी मेलामु ने कोहली, रोहित और गिल को भेंट की विशेष जर्सी



ऑकलैंड। भारतीय कप्तान शुभमन गिल और दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली और रोहित शर्मा ने बुधवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले वनडे मैच से पूर्व रग्बी के दिग्गज खिलाड़ी केवन मेलामु से मुलाकात की, जिन्होंने उन्हें रग्बी टीम की विशेष जर्सी भेंट की। न्यूजीलैंड की राष्ट्रीय रग्बी टीम के लिए 132 मैच खेलने वाले मेलामु ऑल ब्लैक्स (न्यूजीलैंड की राष्ट्रीय रग्बी टीम) के इतिहास में सबसे अधिक मैच खेलने वाले खिलाड़ियों में से एक हैं और उन्होंने टीम की कप्तानी भी की थी। मेलामु 2011 और 2015 में रग्बी विश्व कप जीतने वाली टीमों के एक प्रमुख सदस्य रहे। उन्होंने मैच शुरू होने से पहले भारत के तीनों खिलाड़ियों को विशेष जर्सी भेंट की।

पेरिस मास्टर्स : जोकोविच ने वैचेरोट को दी मात



पेरिस। रिकॉर्ड सात बार के चैंपियन नोवाक जोकोविच ने पेरिस मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में खराब शुरुआत से उबरकर जीत हासिल की। पुरुषों के रिकॉर्ड 24 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता जोकोविच ने पहले दौर में वैलेंटीन वैचेरोट को 6-7 (5), 7-5, 6-1 से हराया। जोकोविच ने अपने करियर का 103वां खिताब जीतकर रोजर फेडरर की बराबरी करने की कोशिश कर रहे हैं। रिकॉर्ड जिमी कॉनर्स के नाम है जिन्होंने 109 खिताब जीते हैं। तीसरी वरीयता प्राप्त बेन शेल्टन ने कैमरन नॉरी को 6-3, 6-4 से हराकर तीसरे दौर में प्रवेश किया जबकि 11वीं वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्ज ने बेंजामिन बोंजी पर 3-6, 6-3, 6-4 से जीत दर्ज की। अन्य मैचों में फ्रांस के मोइज कौमे को नूनो बोर्गेस से 6-3, 6-1 से और 2022 के चैंपियन होल्गर रूने को 12वीं वरीयता प्राप्त टॉमी पॉल से 7-5, 6-4 से हार का सामना करना पड़ा।



कर्नाटक की असम पर बड़ी जीत

कर्नाटक को मिले बोनस सहित 7 अंक

एजेंसी ▶▶| गुवाहाटी

मनवंत कुमार के नाबाद शतक के बाद स्पिनर श्रेयस गोपाल और शिखर शेट्टी की शानदार गेंदबाजी के दम पर कर्नाटक ने बुधवार को रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप बी के तीसरे दिन असम को पारी और 314 रन से करारी शिकस्त दी।

कर्नाटक को इस मैच में बोनस सहित 7 अंक मिले, जिससे उसके 16 अंक हो गए हैं और वह ग्रुप में शीर्ष पर पहुंच गया है। कर्नाटक ने सुबह अपनी पहली पारी 5 विकेट पर 496 रन से आगे बढ़ाई और 6 विकेट पर 577 रन बनाकर घोषित की। इस तरह से उसने 442 रन की बड़ी बढ़त हासिल की।



खबर संक्षेप



विश्व चैंपियनशिप में भारत को झटका, शांभवी अयोग्य करार

नई दिल्ली। भारतीय निशानेबाजी दल को दोहा आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप के दौरान करारा झटका लगा जब राइफल निशानेबाज शांभवी क्षीरसागर को 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा से अयोग्य करार दिया गया। प्रतियोगिता में भाग ले रही 63 टीमों (126 निशानेबाजों) में से सिर्फ भारतीय जोड़ी पार्थ माने और शांभवी को ही अयोग्य करार दिया गया। पांच महीने में दूसरी बार शांभवी उपकरण संबंधी नियमों के उल्लंघन की दोषी पाई गई हैं। इससे पहले जून में जर्मनी में जूनियर विश्व चैम्पियनशिप के दौरान भी वह इसी तरह अयोग्य करार दी गई थी। दोहा विश्व चैंपियनशिप से 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक के क्वालीफिकेशन चक्र की शुरुआत भी होगी।

चेन्नई ओपन : माया और वैष्णवी ने किया उलटफेर



चेन्नई। भारत की युवा टेनिस खिलाड़ी माया राजेश्वरन रेवती और वैष्णवी अडकर ने चेन्नई ओपन में उलटफेर करके पहली बार डब्ल्यूटीए टूर में जीत हासिल की। माया ने जहां तीन सेट के मुकाबले में विश्व में 115वें नंबर की खिलाड़ी और यहां आठवीं वरीयता प्राप्त कटारजीना कावा को उलटफेर का शिकार बनाया, वहीं वैष्णवी ने निर्णायक सेट में 3-5 से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करके ब्रिटेन की जोडी बुरेज को 3-6 6-3 7-5 से हराया।

कोरिया ओपन : दूसरे दौर में अनमोल और तन्वी, प्रणय हारे

यिओसु। भारत की अनमोल खरब और तन्वी शर्मा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बुधवार को कोरिया ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल के दूसरे दौर में जगह बनाई। अनमोल ने पहले दौर के मुकाबले में कनाडा की रेचल चान को सीधे गेम में 21-19, 21-18 से हराया। उन्हें अगले दौर में जापान की दूसरी वरीय अकाने यामागुची की कड़ी चुनौती का सानमा करना है। ताइपे ओपन सुपर 300 का खिताब जीतने वाली तन्वी ने दूसरा गेम गंवाने के बाद कड़े मुकाबले में जापान की मनामी सुइजु को 21-16, 12-21, 21-17 से हराया। तन्वी अगले दौर में जापान की पांचवीं वरयी हिना अकेची और चीन की शू वेन जिंग के बीच होने वाले मैच की विजेता से भिड़ेंगी। एचएस प्रणय को पुरुष एकल के पहले दौर में दक्षिण कोरिया के यू ताए बिन के खिलाफ 15-21, 21-23 से हार का सामना करना पड़ा। मिश्रित युगल में ध्रुव और मनीषा की जोड़ी को भी कड़े मुकाबले में झू यी जुन और ली चियान की चीन की सातवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी के खिलाफ 22-20, 12-21, 22-24 से शिकस्त झेलनी पड़ी।





रणजी ट्राफी : चिन्मय सुतार ने 8 दिन में तोड़ा तीसरा वर्ल्ड रिकॉर्ड

400 के बाद अब लगातार दो शतक



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

चिन्मय सुतार का रणजी ट्रॉफी रनों का रिकॉर्ड बनाने का सिलसिला जारी है। उन्होंने चौथे राउंड में मिजोरम की तरफ से खेलते हुए अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ मुकाबले में 175 रन की पारी खेली। यह उनका चार फर्स्ट क्लास मैचों में लगातार तीसरा शतक रहा। वे पहले मुकाबले में महज एक रन से शतक से चूक गए थे और 99 पर आउट हो गए थे। इन पारियों के जरिए चिन्मय सुतार फर्स्ट क्लास क्रिकेट में रनों के नए कीर्तिमान गढ़ रहे हैं। उन्होंने 11 अक्टूबर को मणिपुर के खिलाफ मुकाबले से फर्स्ट क्लास क्रिकेट में कदम रखा था। पिछले 8 दिनों यानी 28 अक्टूबर से 4 नवंबर तक उन्होंने चार विश्व रिकॉर्ड फर्स्ट क्लास क्रिकेट में बना दिए।

चिन्मय ने 28 अक्टूबर को मिजोरम और मेघालय के बीच मैच के दौरान 125 रन की पारी खेली। यह उनका दूसरा शतक रहा। इससे लगातार चार फर्स्ट क्लास पारियों में वे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए। उन्होंने विल पोंसफॉर्ड का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने चार फर्स्ट क्लास पारियों में 429, 162, 19 और 6 रन के स्कोर के जरिए कुल 616 रन बनाए थे। चिन्मय ने 35, 99, 400 और 125 रन के जरिए लगातार चार फर्स्ट क्लास पारियों में 659 रन बना दिए। फर्स्ट क्लास क्रिकेट में डेब्यू के चार पारियों में यह सर्वाधिक रन का वर्ल्ड रिकॉर्ड रहा।

19 नवंबर से महिला चैंपियंस ट्रॉफी भारत का पहला मैच मलेशिया से

नई दिल्ली। भारतीय महिला हॉकी टीम एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी (एसीटी) में लगातार तीसरा और कुल मिलाकर चौथा खिताब जीतने की कवायद में 19 नवंबर से भोपाल में शुरू होने वाले 6 देशों के टूर्नामेंट में मलेशिया के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। यह टूर्नामेंट भोपाल के नाथू बरखेड़ा स्थित अंतरराष्ट्रीय खेल परिसर में बने नए हॉकी स्टेडियम में खेला जाएगा। इसमें भारत, जापान, चीन, मलेशिया, थाईलैंड और दक्षिण कोरिया की टीमें भाग लेंगी। पिछले महीने जापान में एशियाई खेलों में ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीतने के बाद भारतीय महिला हॉकी टीम का यह पहला टूर्नामेंट होगा। भारतीय टीम ने 2016, 2023 और 2024 में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीता था। टूर्नामेंट राउंड-रॉबिन प्रारुप में खेला जाएगा, जिसमें प्रत्येक टीम अन्य पांच टीमों से एक बार भिड़ेंगी।

न्यायालय श्रीमान षष्ठम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी बिलासपुर
जिला बिलासपुर (छ.ग.)
श्रीमती सीता बाई.....**वादिनी**
//विरूद्ध//
चंदराम वगैरह.....**प्रतिवादीगण**
व्य.वा.क्र. - 88A/22
पेशी ता.- 28.11.2026
आदेश दिनांक -14.10.2026
प्रोसेस नं.- 39/2026
समंस
1. श्रीमती नर्मदा बाई पुत्री माखन सूर्यवंशी पति गुलाबचंद निवासी-अर्जुनी तहसील अकलतरा जिला जांजगीर चांपा छ.ग. 2. श्रीमती नगेश उम्र 55 वर्ष बेवा जगदीश निवासी-ग्राम टिकारी तहसील मस्तूरी जिला बिलासपुर छ.ग.
-प्रतिवादी क्र. 07, 09
वादिनी ने प्रतिवादीगण के विरूद्ध वाद वास्ते घोषणा एवं स्थायी निषेधाज्ञा बाबत दावा प्रस्तुत गया है जिसकी पेशी दिनांक 28.11.2026 को नियत है। प्रतिवादी क्र. 07 एवं 09 श्रीमती नर्मदा बाई एवं श्रीमती नगेश को इस समाचार पत्र के द्वारा नोटिस/ समंस का प्रकाशन किया जा रहा है। इस प्रकरण में दिनांक 28.11.2026 को दिन के 11:00 बजे स्वयं एवं अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति कर जवाब पेश कर प्रकरण के कार्यवाही में भाग लेवें अन्यथा आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी। यदि किसी कारण वश पेशी दिनांक 28.11.2026 को इस न्यायालय में अवकाश घोषित हो जाता है या कार्य स्थगित हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई अगले कार्य दिवस को की जावेगी।
अतः आज दिनांक 4/11/26 मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया।
दिनांक 04/11/2026
स्थान-बिलासपुर (छ.ग.)
(कु.गीतांजली कश्यप)
षष्ठम व्यवहार न्यायाधीश
कनिष्ठ श्रेणी जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम बिलासपुर (छ.ग.)
प्रधानमंत्री आवास योजना सार्वजनिक सूचना
विज्ञापन क्र.1526/न.पा.नि./पीएमएवाय/2026 दिनांक 03/11/2026
सार्वजनिक सूचना
प्रमोटर नगर पालिक निगम, बिलासपुर द्वारा भारत सरकार की 72वीं CSMC बैठक दिनांक 17/04/2025 में परियोजना के समस्त 58 आवासों का समर्पण स्वीकृत होने के कारण छत्तीसगढ़ रेरा में पंजीकृत प्रोजेक्ट "PMAY FOR OM SPACE COLONY PHASE-2 (58DUS) SAKRI BILASPUR" पंजीयन क्रमांक PCGRERA010722001455 का सरेंडर डी-रजिस्ट्रेशन निरस्तीकरण कराया जाना प्रस्तावित है।
किसी व्यक्ति संस्था द्वारा उक्त प्रोजेक्ट में यदि कोई बुकिंग कराई गई हो अथवा कोई क्लेम दावा हो, तो अपना दावा विवरण सहित इस सूचना के प्रकाशन से 15 दिनों के भीतर छत्तीसगढ़ रेरा की ईमेल आईडी registrar.rera.cg@gov.in पर भेजें तथा दावा विवरण रजिस्ट्रार, छत्तीसगढ़ रेरा कार्यालय, शास्त्री चौक, रायपुर 492001 को भी प्रेषित करें।
प्रमोटर- नगर पालिक निगम, बिलासपुर (छ.ग.)
ईमेल-commissionerbmcbilaspur@gmail.com
आयुक्त
पर्यावरण संरक्षण हेतु पॉलीथीन का उपयोग न करें। नगर पालिक निगम बिलासपुर (छ.ग.)

खड़गपुर मंडल में एसएलआर/एलवीपीएच को लीज पर देने के लिए ई-नीलामी सूचना
ई-नीलामी सूचना सं.: लीज-केजीपी -26-18 **दिनांक 03.11.2026**
भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, खड़गपुर मंडल, दक्षिण पूर्व रेलवे ट्रेनों में पार्सल के परिवहन हेतु 03 (तीन) वर्ष की अवधि के लिए एसएलआर/एलवीपीएच को लीज पर देने हेतु ई-नीलामी आमंत्रित करते हैं जिसे **https://www.ireps.gov.in**/वेबसाइट पर सूचित किया गया है। **कैटलॉग सं.:** लीज-केजीपी-26-18, **कैटेगरी:** पार्सल, **ई-नीलामी की तिथि:** 18.11.2026, **नीलामी शुरू होने का समय:** 11:00 बजे, **नीलामी बंद होने का समय:** 16:10 बजे। इच्छुक पार्टियों और ठेकेदारों को इसका ध्यान रखना चाहिए और ट्रेनों के विवरण एवं ई-नीलामी सूचना के बारे में संबंधित जानकारी के लिए ऊपर उल्लिखित वेबसाइट का संदर्भ लें। किसी प्रकार की पूछताछ/स्पष्टीकरण, यदि कोई हो, के लिए कृपया अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से संपर्क करें।
(PR-972) **वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/खड़गपुर**
दक्षिण पूर्व रेलवे
मुस्कान के साथ सेवा

स्टील अथॉरिटी ऑफ इण्डिया लिमिटेड
भिलाई इस्पात संयंत्र
भिलाई, जिला- दुर्ग, छत्तीसगढ़, भारत-490001
रुचि की अभिव्यक्ति (EOI) हेतु आमंत्रण
EOI सूचना सं.: 500417250/GM(SLLH&R)/2026/43
भिलाई इस्पात संयंत्र (सेल-बीएसपी) प्रतिष्ठित, स्थापित एवं अनुभवी एजेंसियों/फर्मों/संस्थानों/संगठनों से निम्नलिखित कार्य हेतु रुचि की अभिव्यक्ति (EOI) आमंत्रित करता है:
भिलाई टाउनशिप क्षेत्र में आवासीय क्वार्टरों एवं भवनों का व्यापक भौतिक एवं लॉजिस्टिक सर्वेक्षण तथा एकीकृत परिसंपत्ति एवं सतत अधिभोग डेटाबेस का विकास
कार्य का क्षेत्र (संक्षेप में)
·भिलाई टाउनशिप क्षेत्र के लगभग 33,000 आवासीय क्वार्टरों एवं भवनों का भौतिक सर्वेक्षण
·अधिभोग स्थिति का सत्यापन
·क्वार्टरों की जियो-टैगिंग एवं जीआईएस मैपिंग, जियो-टैग फोटोग्राफ सहित (जहाँ लागू हो, ड्रोन इमेजिंग)
·क्वार्टरों की संरचनात्मक स्थिति, खुले स्थानों एवं सामान्य सुविधाओं का आकलन
·एकीकृत डिजिटल परिसंपत्ति एवं अधिभोग डेटाबेस
·ओपन-सोर्स/ओपन प्लेटफॉर्म पर विकसित विश्लेषणात्मक रिपोर्ट एवं जीआईएस-सक्षम डैशबोर्ड, कठोर डेटा सुरक्षा, गोपनीयता एवं सेल-बीएसपी के पूर्ण डेटा स्वामित्व सहित
पात्रता (मुख्य मानदंड)
·टाउनशिप/एस्टेट संपत्ति के भौतिक सर्वेक्षण, जीआईएस मैपिंग, परिसंपत्ति प्रबंधन अथवा डेटा एकीकरण में अनुभव, तथा पिछले 7 वर्षों में पूर्ण किए गए समान कार्य
·पिछले 3 वित्तीय वर्षों में औसत वार्षिक टर्नओवर रु. 2.00 करोड़ से कम न हो, तथा सकारात्मक निवल मूल्य
·जीएनएसएस/जीआईएस सर्वेक्षण, मोबाइल सर्वेक्षण एप्लिकेशन एवं सुरक्षित डेटा प्रबंधन में सिद्ध क्षमता
महत्वपूर्ण तिथियाँ
·स्थल निरीक्षण: 05/11/2026 को प्रातः 10:00 बजे से, नगर सेवाएँ विभाग, भिलाई इस्पात संयंत्र
·EOI जमा करने की अंतिम तिथि: 14/11/2026 को अपराह्न 13:00 बजे (भा.मा.स.) तक
विस्तृत EOI दस्तावेज़, जिसमें पात्रता मानदंड, कार्य का क्षेत्र, मूल्यांकन पद्धति एवं नियम व शर्तें सम्मिलित हैं, अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है अथवा सेल की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है: www.sailtenders.co.in
सेल-बीएसपी बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी EOI को स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
महाप्रबंधक प्रभारी (नगर सेवाएँ विभाग)
भिलाई इस्पात संयंत्र, सेल, भिलाई - 490001, छत्तीसगढ़
फोन: 07882857139 | ई-मेल: absrinivas@sail.in
विज्ञापन क्र.-बीएसपी-14/26-27/दिनांक : 04/11/2026
पंजीकृत कार्यालय : इस्पात भवन, लोधी रोड, नई दिल्ली, 110003
Corporate Identity Number : L27109DL1973GOI006454.Website: www.sail.co.in
हर किसी की ज़िन्दगी से जुड़ा हुआ है सेल



भारत का अनोखा शहर, जहां रहना खाना सब फ्री, नहीं देने पड़ते कोई पैसे

पुडुचेरी। भारत में कई ऐसी जगहें हैं, जो अपनी अनोखी परंपराओं और खासियतों के लिए दुनियाभर में मशहूर हैं। कहीं अलग संस्कृति देखने को मिलती है, तो कहीं लोगों के रहने का तरीका दूसरों से बिल्कुल जुदा होता है। लेकिन, क्या आपने कभी ऐसे शहर के बारे में सुना है, जहां न कोई सरकार है, न धर्म के नाम पर भेदभाव और न ही रोजमर्रा की जिंदगी जीने के लिए पैसों की चिंता? सुनने में यह किसी सपने जैसा लग सकता है, लेकिन भारत में ऐसी एक जगह मौजूद है।



कहां बसा है भारत का यह अनोखा शहर?

ऑरोविले तमिलनाडु के विल्लुपुरम जिले में स्थित है। यह पुडुचेरी के पास बसा एक अंतरराष्ट्रीय शहर है, जिसे 'सिटी ऑफ डॉन'यानी भोर का शहर भी कहा जाता है। इसकी स्थापना 1968 में मीरा अल्फासा ने की थी, जिन्हें लोग 'द मदर'के नाम से भी जानते हैं। इस शहर को बसाने के पीछे एक खास सोच थी। ऐसा स्थान तैयार करना, जहां दुनिया के अलग-अलग देशों और संस्कृतियों के लोग बिना किसी भेदभाव के मिल-जुलकर रह सकें।

यहां रहने के लिए माननी पड़ती है कौन सी शर्त?

ऑरोविले की सबसे दिलचस्प बात यहां का जीवन जीने का तरीका है। यहां रहने के इच्छुक लोगों को समुदाय के विकास में अपना योगदान देना होता है। यानी यहां सिर्फ सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए नहीं आया जा सकता, बल्कि शहर की बेहतरी के लिए काम करना भी जरूरी है। यहां सेवा, सहयोग और सामूहिक जिम्मेदारी को काफी महत्व दिया जाता है। ऑरोविले को किसी एक देश या धर्म से जोड़कर नहीं देखा जाता। यहां अलग-अलग देशों के लोग साथ रहते हैं और एक-दूसरे की संस्कृति का सम्मान करते हैं। यही वजह है कि इसे यूनिवर्सल सिटी भी कहा जाता है।

अलग तरीके से होता है पैसों का लेन-देन

ऑरोविले में आर्थिक व्यवस्था भी आम शहरों से थोड़ी अलग है। यहां रोजमर्रा के लेन-देन में पारंपरिक नकद भुगतान की जगह आंतरिक अकाउंट सिस्टम का इस्तेमाल किया जाता है। निवासियों के लिए एक विशेष फाइनेंशियल सिस्टम मौजूद है, जिसके जरिए वे अपनी आर्थिक गतिविधियां करते हैं।

शहर में मौजूद हैं स्कूल से लेकर अस्पताल तक

ऑरोविले केवल रहने की अनोखी जगह नहीं है, बल्कि यहां जीवन की कई जरूरी सुविधाएं भी मौजूद हैं। यहां स्कूल, स्वास्थ्य केंद्र, यूनिवर्सिटी, ऑडिटोरियम, रेस्तरां, गेस्टहाउस, खेती और छोटे-बड़े उद्योग देखने को मिलते हैं। शहर की योजना इस तरह बनाई गई है कि लोग प्रकृति के करीब रहते हुए सामुदायिक जीवन का हिस्सा बन सकें। यहां का मातृमंदिर भी खास आकर्षण है।

36 मंदिरों और 12 बावड़ियों ने खोले 1000 साल पुराने इतिहास के राज

तीन नदियों के संगम पर बसी थी चंद्रावती नगरी



सिरोही। जिले में आबूरोड के पास स्थित प्राचीन चंद्रावती नगरी यहां से गुजरने वाली तीन नदियों के संगम घाट पर बना हुआ शहर था, इस वजह से इसे चंद्रोत्री के नाम से भी जाना जाता था। इस नगरी का इतिहास यहां बहने वाली नदियों से गहराई से जुड़ा हुआ था। स्थानीय रहवासी और पूर्व सरपंच दिनेश कुमार ने बताया कि पश्चिमी बनास नदी के किनारे बसी इस ऐतिहासिक नगरी का विस्तार सिवरनी और सुकड़ी नदी की घाटी तक था। आज भले ही सिवरनी एक छोटी बरसाती नदी के रूप में दिखाई देती है, लेकिन एक समय में इस नदी के आसपास बड़ा रहवासी इलाके, मंदिर, किले और बावड़ियां हुआ करती थी। मानसून के दौरान पहाड़ियों से आने वाले पानी से नदी में बहाव बढ़ जाता है और आगे चलकर यह पश्चिमी बनास नदी में मिल जाती है।

चंद्रावती में रीको का औद्योगिक क्षेत्र विकसित होने के बाद इस नदी में मार्बल स्लरी वेस्ट जैसे इंडस्ट्रियल वेस्ट से इस नदी में प्रदूषण भी बढ़ गया है। वहीं, बढ़ती आबादी के बाद इस नदी का आकार भी सिकुड़ता गया। आज भी जब पहाड़ों का पानी इस नदी में आता है और नदी का जलस्तर बढ़ता है, तो भूमि कटाव से कई प्राचीन स्ट्रक्चर और मूर्तियां नदी में नजर आती है। वर्तमान में चंद्रावती नगरी स्थानीय स्तर पर चंद्रोत्री के नाम से भी जानी जाती है। कभी मंदिरों, महलों और व्यापारिक गतिविधियों से गुलजार रहने वाला यह क्षेत्र आज एक शांत गांव के रूप में दिखाई देता है। खुदाई में मिली कई प्राचीन मूर्तियों और दूसरी ऐतिहासिक चीजों को आबूरोड के चंद्रावती नगरी संग्रहालय और माउंट आबू के राजकीय संग्रहालय में सुरक्षित रखा गया है।

खुदाई में मिले थे प्राचीन मंदिर और बावड़ियां

सेक्स अंगों की कॉस्मेटिक सर्जरी
Fat Injection
Vagina Tightening
(महिलाएं व पुरुष दोनों हेतु)
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt

अपेंडिक्स
अचानक तेज पेट दर्द को नजरअंदाज न करें। समय पर निदान और उचित उपचार जरूरी।
डॉ. विवेक केशरवानी
लैप्रोस्कोपिक एवं गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल सर्जरी विशेषज्ञ
(NABH से मान्यता प्राप्त)
सुयश हॉस्पिटल
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा-गुढ़ियारी रोड, रायपुर
Ajay 9827144371

बवासीर PILES
खूनी मस्से, खून का गिरना, दर्द, खुजली, जलन, बैठने में परेशानी, कब्ज और मल विसर्जन में मदद करे बवासीर के लिए जौली ~~बवासीर~~
JOLLY बवासीर कैप्सूल व जैल
WITH EASY APPLICATOR
अच्छे मैडिकल स्टोर पर उपलब्ध
Helpline: 98143-30500
JOLLYorganic.com

॥ तन्नो लक्ष्मीः प्रचोदयात् ॥
Symbol of Trust
at Since 1957
धनतेरस
स्वर्ण में संजोइए समृद्धि, विश्वास में संजोइए पीढ़ियों का रिश्ता
धनतेरस का पावन पर्व समृद्धि और पीढ़ियों से चली आ रही परंपराओं का उत्सव है। अनोपचंद तिलोकचंद ज्वेलर्स (AT Jewellers) सात दशकों से शुद्धता, उत्कृष्ट कारीगरी और अटूट विश्वास की गौरवशाली विरासत को संजोए हुए है।
अपने कारखाने में कुशल कारीगरों द्वारा निर्मित हर आभूषण बेमिसाल शिल्पकला और भारतीय संस्कृति का प्रतीक है। इस धनतेरस, प्रमाणित शुद्धता, पारदर्शी कीमतों और प्राकृतिक हीरों के शानदार संग्रह के साथ चुनें ऐसी अनमोल धरोहर, जो पीढ़ियों तक विश्वास की चमक बिखेरे।
सोने - चांदी के सिक्के
शुभ खरीदारी का शुभ अवसर समृद्धि के हर कदम पर at सदैव आपके साथ
An ISO 9001:2015 Company
अनोपचंद तिलोकचंद ज्वेलर्स प्रा.लि.
AT पैलेस, सिटी कोतवाली, रायपुर 94255-62811, 0771-2225363
बिलासपुर- लिंक रोड, सी.एम.डी. चौक 94255-02214
कोरबा - पावर हाउस रोड 93400-62090
एक्सक्लूसिव वेडिंग ज्वेलरी | दुर्लभ रत्नों को समेटे कुंदन ज्वेलरी | अद्भुत कलाकारी से सजी डायमंड ज्वेलरी | राजसी वैभव की परिभाषा पोलकी ज्वेलरी | प्रकृति का रंगीन संसार राशि रत्न | आकर्षक चाँदी के आभूषण | चांदी के बर्तन और मूर्तियां
VALET PARKING AVAILABLE
सोना अब सिर्फ एक गहना नहीं, एक समझदारी भरा निवेश है, हम लाएं है 2 बेहतरीन सेविंग्स स्कीम्स
GOLD CLUB DIAMOND CLUB
सर्टिफाइड असली राशि रत्न एवं उपरत्न
CERTIFIED GEMSTONES
Scan QR for Location
FOLLOW US ON at jewels.in
• NO EXTRA CHARGES ON CARD PAYMENTS • ALL PAYMENT MODES ACCEPTED • FREE JEWELLERY INSURANCE
हीरों की जाँच हेतु आधुनिक मशीन की सुविधा निःशुल्क उपलब्ध
फ्रैंचाइज़ी अवसर रायगढ़ एवं अंबिकापुर में AT Jewellers की फ्रैंचाइज़ी लेने के इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें: 98271 26100

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, : RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail :